भद्रापक्षांतरिक्ताव्रतदिनवसुभूश्राद्धषष्ठीषुरात्रौ संध्यापातार भास्वच्छनिषुघटधनुःकर्ककन्यागतेर्के॥ जन्मर्क्षजन्ममासे सुरदिनयजने भूषितो ग्रामयायी भुक्तोभ्यक्तोभिषिक्तः समदिनरजिगःश्मश्रुकार्यं न कुर्यात्॥

टीका-भद्रा पूर्णिमा अमावास्या चतुर्थी नवमी चतुर्दशी व्रतदिवस अष्टमी प्रतिपदा श्राद्धदिवस छठेमें रात्रिमें संध्याकाल व्यतिपातादिक दुष्टयोग भौमवार रविवार शनिवारमें कुंभ धनु कर्क कन्या इन चार राशियोंके सूर्यमें जन्मनक्षत्र और जन्ममास देवताके पूजन वा हवनादिकर्मदिवस अलंकारादि धारण दिवस भोजनके पीछे तेल लगाने और स्नानके पीछे मंगल अभिषेक तथा स्त्रीके रजस्वला होने और सम दिवस आदिकमें क्षौरकर्म वर्जनीय है॥

मौंजीबंधन ।

सौम्येपौष्णे वैष्णववासवाख्ये हस्तेस्वातित्वष्ट्रपुष्याश्विभेषु ।
ऋक्षेदित्यामेखलाबंधमोक्षौ संस्मर्येते नूनमाचार्यवर्यैः ॥

टीका—मृगशिर रेवती श्रवण धनिष्ठा हस्त स्वाती चित्रा पुष्य अश्विनी पुनर्वसु इन नक्षत्रोंमें मौंजीबंधन त्यागना ऐसा आचार्योंने श्रेष्ठ कहाहै ॥

विवाहनक्षत्राणि ।

मूलमैत्रमृगरोहिणीकरैः पौष्णमारुतमघोत्तरान्वितैः ॥
निर्विधाभिरुडुभिर्मृगीदृशां पाणिपीडनविधिर्विधीयते ॥

टीका—मूल अनुराधा मृगशिर रोहिणी हस्त रेवती स्वाती मघा तीनों उत्तरा इन सब नक्षत्रोंमें विवाह शुभ जानिये ॥

अग्निहोत्रारंभः ।

प्राजापत्ये पूषभेसद्विदैवे पुष्ये ज्येष्ठास्वैंदवे कृत्तिकासु ॥
अग्न्याधानं चोत्तराणां त्रयेपि श्रेष्ठं प्रोक्तं प्राक्तनैर्विप्रमुख्यैः ॥

टीका—रोहिणी रेवती विशाखा पुष्य ज्येष्ठा मृगशिर कृत्तिका और तीनों उत्तरा इनमें प्रथम अग्निहोत्र प्रारंभ करे ॥

विद्यारंभमुहूर्त ।

मृगादिपंचस्वपि भेषु मूले हस्तादिकेच त्रितयेश्विनीषु ॥
पूर्वात्रये च श्रवणे च तद्वद्विद्यासमारंभमुशंतिसिद्ध्यै ॥

टीका—मृगशिर आर्द्रा पुनर्वसु पुष्य आश्लेषा मूल हस्त चित्रा स्वाती आश्विनी पूर्वाषाढा पूर्वाफाल्गुनी पूर्वाभाद्रपदा श्रवण इन नक्षत्रोंमें बालकको प्रथम विद्याभ्यास आरंभ करावे ॥

औषधिग्रहण ।

पौष्णद्वयेचादितिभद्वये च हस्तत्रये च श्रवणत्रये च ॥
मैत्रे च मूले च मृगे च शस्तं भैषज्यकर्म प्रवदंति संतः ॥

टीका—रेवती आश्विनी पुनर्वसु पुष्य हस्त चित्रा स्वाती श्रवण धनिष्ठ शतभिषा अनुराधा मूल मृग इन नक्षत्रोंमें औषध बनाना खाना शुभहै ॥

रोगोत्पत्तिमें शुभाशुभनक्षत्र ।

स्वात्याश्लेषारौद्रपूर्वात्रयेषु शाकेभौमे सूर्य्यजे सूर्यवारे ॥
नंदारिक्तास्वेवरोगस्य चाप्तिर्मृत्युर्ज्ञेयः शंकरोरक्षितापि ॥

टीका--स्वाती आश्लेषा आर्द्रा तीनों पूर्वा ज्येष्ठा और भौम शनि रवि ये वार, नंदा तिथी कहिये पडवा षष्ठी एकादशी और रिक्ता कहिये चौथ नौमी चतुर्दशी इनमें रोग उत्पन्न होते हैं.उनकी शिवभी रक्षा नहीं कर सकते ॥

रोगसे मुक्ति होनेका प्रमाण ।

व्याध्युत्पत्तिर्यस्य पौष्णे समैत्रे प्राणत्राणं जायते तस्य कृच्छ्रात् ॥
वश्ये सौम्ये रोगमुक्तिस्तु मासाद्विंशत्यास्याद्वासराणांमघासु ॥

टीका--रोग उत्पन्न होनेके दिवस जो रेवती अथवा अनुराधा होय तो रोगीके प्राण अति कठिनतासे बचैं, उत्तराषाढा अथवा मृगशिर होय तो एकमास पर्य्यंत और मघा होय तो वीस दिवसतक पीडा रहै ॥

पक्षाद्धस्तेवासवे सद्विदैवे मूलाश्विन्योरग्निधिष्ण्येनवाहात् ॥
याम्येत्वाष्ट्रेवैष्णवे वारुणे च नैरुज्यंस्यान्नूनमेकादशाहात् ॥

टीका--हस्त नक्षत्रमें उत्पन्न रोग १५ दिवस रहताहै और धनिष्ठा विशाखा मूल अश्विनी कृत्तिकामें उत्पन्न ९ दिन और भरणी चित्रा श्रवण शततारकामें उत्पन्न हुआ रोग ११ दिवस भोगना होता है ॥

आहिर्बुध्न्येतिष्यसंज्ञेसभागे प्राजापत्यादित्ययोः सप्तरात्रात् ॥
रोगान्मुक्तिर्जायते मानवानां [illegible] जल्पितं गर्गमुख्यैः ॥

टीका--उत्तराभाद्रपदा पुष्य पूर्वाफाल्गुनी अभिजित् पुनर्वसु इन नक्षत्रोंमें उत्पन्न हुआ रोग सात दिवसतक निश्चय भोगना पडता है यह गर्गमुनिका वाक्य है ॥

रोगमुक्तिस्नाननक्षत्र ।

इंदोर्वारेभार्गवे च ध्रुवेषुसार्पादित्यस्वातियुक्तेषुभेषु ॥
पित्र्येचांत्येचैव कुर्यात्कदाचिन्नैव स्नानं रोगमुक्तस्य जंतोः ॥

टीका--सोम शुक्रवार और ध्रुवनक्षत्र रोहिणी तीनों उत्तरा और आश्लेषा पुनर्वसु स्वाती ये शुभ हैं. और मघा रेवती इनमें रोगीका स्नान अयोग्य और दुःखदायक है ॥

रोगमुक्तस्नानलग्न ।

लग्नेचरे सूर्यकुजेज्यवारेरिक्तातिथौचन्द्रबले च हीने ॥
केन्द्रत्रिकोणार्थगते च पापे स्नानंहितं रोगविमुक्तिकानाम् ॥

टीका--मेष कर्क तुला मकर ये चरलग्न, रवि भौम गुरु ये वार और रिक्तातिथि ४ । ८ । १४ और चन्द्र हीनबल होय, केंद्र तथा त्रिकोणमें पाप ग्रह होय ऐसी लग्नमें स्नान करावे तो आरोग्य होय ॥ ५ ॥

लता औषधीवावृक्षारोपण ।

सावित्रतिष्याश्विनवारुणानिमूलं विशाखा च मृदुध्रुवाणि ॥
लतौषधीपादपरोपणेषु शुभानि भानि प्रतिपादितानि ॥

टीका--हस्त पुष्य अश्विनी शततारका मूल विशाखा और मृदु ध्रुव इन नक्षत्रोंमें लता औषधी और वृक्षोंका लगाना शुभहै ॥

कूपारंभकेनक्षत्र ।

हस्तात्तिस्रो वासवं वारुणं च शैवं पित्र्यं त्रीणि चैवोत्तराणि ॥
प्राजापत्यं चापि नक्षत्रमाहुः कूपारंभे श्रेष्ठमाद्या मुनींद्राः ॥

टीका--हस्त चित्रा स्वाती धनिष्ठा शततारका आर्द्रा मघा तीनों उत्तरा और रोहिणी इन नक्षत्रोंमें अगले मुनीश्वरोंने कूपारंभ श्रेष्ठ कहाहै ॥

द्रव्यदेनावास्थापितकरना ।

साधारणोग्रध्रुवदारुणाख्यैर्धिष्ण्यैर्यदत्र द्रविणं प्रयुक्तम् ॥
हस्तेन विन्यस्तवसु प्रनष्टं न लभ्यते तन्नियतं कदाचित् ॥

टीका--साधारण उग्र ध्रुव और दारुणसंज्ञक नक्षत्रोंमें जो दूसरेको द्रव्य दे वा स्थापित करे तो वह वस्तु फिर प्राप्त नहीं होय ॥

हस्तीलेनावादेना ।

हस्तेषुचित्रासु तथाश्विनीषु स्वातौ च पुष्ये च पुनर्वसौ च ॥

प्रोक्तानि सर्वाण्यपिकुञ्जराणां कर्माणि गर्गप्रमुखैः शुभानि ॥

टीका-हस्त चित्रा अश्विनी स्वाती पुष्य और पुनर्वसु इन नक्षत्रोंमें हाथी लेना और देना और उसके अलंकार शृंगारादिक सकल कर्म करना गर्गादिमुनियोंने शुभ कहेहैं ॥

अश्वलेना वा देना।

पुष्यश्रविष्ठाश्विनसौम्यभेषु पौष्णानिलादित्यकराह्वयेषु ॥
सवारुणर्क्षेषु बुधैःस्मृतानि सर्वाणि कार्याणि तुरंगमाणाम् ॥

टीका-पुष्य धनिष्ठा अश्विनी मृगशिर रेवती स्वाती पुनर्वसु हस्त शतभिषा इन नक्षत्रोंमें तुरंग ले और दे तथा उसके अलंकार और शृंगारआदि कर्म करे

गवादिपशुओंकेनगरमेंलाने और पहुँचानेमें वर्ज्य।

चित्रोत्तरावैष्णवरोहिणीषु चतुर्दशीदर्शदिवाष्टमीषु ॥
ग्रामप्रवेशं गमनं विदध्याद्धीमान्पशूनां न कदाचिदेव ॥

टीका-चित्रा तीनों उत्तरा श्रवण रोहिणी चतुर्दशी अमावास्या अष्टमी इनमें गवादिपशुओंको ग्राममें न लावें और न बाहिर पहुँचावे ॥

गवादिपशुओंकेक्रयविक्रयमेंवर्जित।

शुक्रवासवकरेषु विशाखापुष्यवारुणपुनर्वसुभेषु ॥
अश्विपूषभयुतेषु विधेयो विक्रयक्रयविधिः सुरभीणाम् ॥

टीका-ज्येष्ठा हस्त विशाखा पुष्य शतभिषा पुनर्वसु अश्विनी रेवती इन नक्षत्रोंमें गायका बेचना और मोल लेना दोनों वर्जनीय हैं ॥

तृणकाष्ठादिसंग्रहमेंवर्ज्य।

वासवोत्तरदलादिपंचके याम्यदिग्गमनगेहगोपनम् ॥
प्रेतदाहतृणकाष्ठसंग्रहः शय्यकावितरणं च वर्जयेत् ॥

टीका-धनिष्ठाके उत्तरार्द्धसे लेकर पांच नक्षत्रोंको पंचक कहते हैं इनमें दक्षिण दिशाका गमन और घर बनाना प्रेतदाह तृण काष्ठ संग्रह शय्यादिक निर्माण करना वर्जितहै ॥

हलचलानेकानक्षत्र ।

मृदुध्रुवक्षिप्रचरेषु मूलमघाविशाखासहितेषुभेषु ॥
हलप्रवाहंप्रथमं विदध्यान्नीरोगमुष्कान्वितसौरभेयैः ॥

टीका—मृदु ध्रुव क्षिप्र चरसंज्ञक नक्षत्रोंमें तथा मूल और मघा विशाखा इन नक्षत्रोंमें रोगरहित आंडू बैलोंसे प्रथम हल चलावे ॥

बीजबोना ।

रौद्राहियाम्यानिलवारुणेंद्राण्याहुर्जघन्यानि तथा बृहंति ॥
ध्रुवाद्विदैवादितिभानि नूनं समानि शेषाणि पुनर्मुनींद्रैः ॥
बृहत्सुधान्यंकुरुतेसमर्घं जघन्यधिष्ण्येभ्युदितो महर्घः ॥
समेषुधिष्ण्येषु समंहिमांशुर्वदंति संदिग्धमिदं महांतः ॥

टीका—आर्द्रा आश्लेषा भरणी स्वाती शतभिषा ज्येष्ठा इन नक्षत्रोंको जघन्य कहतेहैं इनमें मासकी आदिमें जो चंद्रमा उदय होय तो धान्य महँगा होय, ध्रुव कहिये तीनों उत्तरा रोहिणी विशाखा पुनर्वसु इनको बृहत् कहतेहैं इनमें चंद्रमा उदय होय तो अन्न सस्ता होय और शेष नक्षत्र सम जानिये उनमें चंद्रोदय होनेसे अन्नका भाव साधारण रहताहै ॥

राशिपरत्वमें चंद्रोदयकाफल ।

मीनमेषोदितश्चंद्रः सततंदक्षिणोन्नतः ॥ शेषोन्नतश्चोत्तरायां समतावृषकुंभयोः ॥ विड्वरंतुसमे चंद्रेदुर्भिक्षं दक्षिणोन्नते ॥
सुभिक्षंक्षेममारोग्यमुत्तराश्रितचंद्रमाः ॥

टीका—मीन अथवा मेष राशिमें जो शुक्ल द्वितीया चंद्रमाका उदय होय तो उससे दक्षिणको उन्नत जानिये और उससे दुर्भिक्षका संभव होताहै और मिथुनसे लेकर मकर पर्यंत जो चंद्रोदय होय तो उत्तरको उन्नत जानिये यह चंद्रमा सुभिक्ष क्षेम और आरोग्यताका कर्त्ता वृष और कुंभमें चंद्रमाका उदय होय तो सम रहताहै इसमें राजाओंके कलह और विड्वरता होतीहै ॥

पुष्यनक्षत्रकेगुणदोष ।

परकृतमखिलं निहन्तिपुष्यो न खलु निहंति परंतु पुष्यदोषम् ॥
ध्रुवममृतकरोष्टमेपिपुष्ये विहितमुपैति सदैव कर्मसिद्धिम् ॥

टीका-पुष्य दूसरेके दोष और अष्टमस्थान स्थित चंद्रके दोषको दूर करता है परंतु उसी नक्षत्रका दोष होय तो वह दूर नहीं होता और इस नक्षत्रमें किया हुआ कार्य सिद्ध होता है॥

हस्ताश्विपुष्योत्तररोहिणीषुचित्रानुराधामृगरेवतीषु ॥
स्वातौधनिष्ठासु मघासुमूले बीजोप्तिरुत्कृष्टफलप्रतिष्ठा ॥

टीका-हस्त, अश्विनी, पुष्य, तीनों उत्तरा, रोहिणी चित्रा अनुराधा मृगशिर रेवती स्वाती धनिष्ठा मघा मूल इन नक्षत्रोंमें बीज बोनेसे खेत अधिक फलतेहैं॥

सर्पदंशविचार।

यःकृत्तिकामूलमघाविशाखासार्पांतकार्द्रासु भुजंगदष्टः ॥
सवैनतेयेन सुरक्षितोपि प्राप्नोति मृत्योर्वदनं मनुष्यः ॥

टीका-कृत्तिका मूल मघा विशाखा आश्लेषा रेवती आर्द्रा इन नक्षत्रोंमे जो सर्प काटै तो गरुडकोभी रक्षक होनेपर मनुष्य मृत्युको प्राप्त होय ॥

गानारंभविचार।

हस्तस्तिष्यो वासवं चानुराधा ज्येष्ठा पौष्णं वारुणं चोत्तरा च॥
पूर्वाचार्यैः कीर्तितश्चंद्रवर्ती नृत्यारंभे शोभनो ऋक्षवर्गः ॥

टीका-हस्त पुष्य धनिष्ठा अनुराधा ज्येष्ठा रेवती शततारका तीनों उत्तरा और शुभ चन्द्रमा पाकर गाने और नृत्यकाप्रारंभ करना पूर्वाचार्योंने शुभ कहाहै ॥

राज्याभिषेकनक्षत्र।

मैत्रशाक्रकरपुष्यरोहिणीवैष्णवेषु तिसृषूत्तरासुच ॥
रेवतीमृगशिराश्विनीषुच क्ष्माभृतां समभिषेकइष्यते ॥

टीका-अनुराधा ज्येष्ठा हस्त पुष्य रोहिणी श्रवण तीनों उत्तरा रेवती मृगशिर अश्विनी इन नक्षत्रोंमें राज्याभिषेक करना उचित है ॥

राजदर्शन।

सौम्याश्वितिष्यश्रवणश्रविष्ठाहस्तध्रुवत्वाष्ट्रभपूषभानि ॥
मैत्रेणयुक्तानिनरेश्वराणां विलोकनेभानि शुभप्रदानि ॥

टीका—मृगशिर अश्विनी पुष्य श्रवण धनिष्ठा हस्त ध्रुव चित्रा रेवती अनुराधा इन नक्षत्रोंमें राजाका प्रथम दर्शन शुभदायक है ॥

पुष्यकाफल।

सिंहोयथासर्वचतुष्पदानां तथैवपुष्योबलवानुडूनाम् ॥
चन्द्रेविरुद्धेप्यथ गोचरेपि सिद्ध्यंति कार्याणिकृतानिपुष्ये ॥

टीका—जैसे सब चतुष्पद जीवोंमें सिंह बलवान् है वैसेही नक्षत्रोंमें पुष्य है; पुष्यमें किया कार्य गोचर दोष और कनिष्ठ अर्थात् चौथा आठवां बारहवां चंद्र होने परभी सिद्ध होताहै ॥

ग्रहेणविद्धोप्यशुभान्वितोपि विरुद्धतारोपि विलोमगोपि ॥
करोत्यवश्यं सकलार्थसिद्धिं विहाय पाणिग्रहणं तु पुष्यः ॥

टीका—ग्रह करिके विद्ध वा अशुभ ग्रह करिके युक्त होय अथवा तारा इससे प्रतिकूल होय तथापि पुष्यमें किया हुआ कार्य सिद्ध होताहै; परंतु विवाहमें पुष्यनक्षत्र वर्जितहै ॥

योगप्रकरण।

प्रतिदिनके योगजाननेकी रीति।

वाक्पतेरर्कनक्षत्रं श्रवणाच्चान्द्रमेवच ॥
गणयेत्तद्युतिं कुर्याद्योगः स्याद्दक्षशेषतः ॥

टीका—पुष्पसे सूर्यनक्षत्रतक चलते नक्षत्रोंको गिनै और श्रवणसे दिवसनक्षत्रतक गिनै, दोनों संख्याओंको इकठा करै और सत्ताईसका भाग देवै जो शेष रहै वही योग जानिये ॥

योगोंकेनाम।

विष्कंभः प्रीतिरायुष्मान्सौभाग्यः शोभनस्तथा ॥ अतिगंडःसुकर्माचधृतिः शूलस्तथैवच ॥ गंडोवृद्धिर्ध्रुवश्चैव व्याघातोहर्षणस्तथा ॥ वज्रासिद्धी व्यतीपातो वरीयान् परिघः शिवः ॥ सिद्धः साध्यः शुभः शुक्लो ब्रह्मेंद्रो वैधृतिःक्रमात् ॥ सप्तविंशतियोगास्तु कुर्युर्नामसमं फलम् ॥

टीका–विष्कंभ १ प्रीति २ आयुष्मान् ३ सौभाग्य ४ शोभन ५ अतिगंड ६ सुकर्मा ७ धृति ८ शूल ९ गंड १० वृद्धि ११ ध्रुव १२ व्याघात १३ हर्षण १४ वज्र १५ सिद्धि १६ व्यतीपात १७ वरीयान् १८ परिघ १९ शिव २० सिद्ध २१ साध्य २२ शुभ २३ शुक्ल २४ ब्रह्मा २५ ऐंद्र २६ वैधृति २७ ये सत्ताईस योग निजनामके तुल्य फल करते हैं अर्थात् जो इनके नामोंका अर्थ है वही फल जानों ॥

योगोंमें वर्जनीयघटिका।

विरुद्धसंज्ञा इह ये च योगास्तेषामनिष्टः खलु पाद आद्यः॥सवैधृतिस्तुव्यतिपातनामासर्वोप्यनिष्टः परिघस्यचार्द्धम् ॥ तिस्रस्तु योगे प्रथमे च वज्रे व्याघातसंज्ञे नवपंचशूले ॥ गंडेतिगंडे च षडेव नाड्यः शुभेषु कार्येषु विवर्जनीयाः ॥

टीका–और इनमें अशुभ योगोंका आदिका चतुर्थांश वर्जनीयहै, व्यतीपात वैधृती ये सम्पूर्ण और विष्कंभकी ३ वज्रकी ४ व्याघातकी ५ गंडकी ६ अतिगंडकी ६ शूलकी १५ घडी सकलशुभकार्यमें वर्जनीय हैं ॥

करणजाननेकी रीति।

गततिथ्योद्विनिघ्नाश्च शुक्लप्रतिपदादितः ॥
एकोनाः सप्तहृच्छेषः करणं स्याद्ववादिकम् ॥

टीका–शुक्लप्रतिपदासे जिस तिथिका करण जानना हो उसकी पूर्वगत तिथिको द्विगुणी करै तिसमें एक मिलाकर सातका भाग दे जो शेष बचै वही उस तिथिका करण जानिये. और प्रत्येक तिथिको दो करण भोगते हैं ॥

नाम।

ववाह्वयं बालवकौलवाख्ये ततोभवेत्तैतिलनामधेयम् ॥
गराभिधानं वणिजं च विष्टिरित्याहुरार्याः करणानि सप्त॥
अंतेकृष्णचतुर्दश्यां शकुनिर्दर्शभागयोः ॥ ज्ञेयंचतुष्पदं नागं किंस्तुघ्नंप्रातिपद्दले ॥

स्वामी ।

इन्द्रोब्रह्मामित्रनामार्यमाभूः श्रीःकीनाशश्चेति तिथ्यर्धनाथाः ॥ कश्युक्षाख्यौ सर्पवायुस्तथैव ये चत्वारस्ते स्थिराणां चतुर्णाम् ॥

कृत्य ।

पौष्टिकास्थिरशुभानिबवाख्येबालवे द्विजहितान्यपि कुर्यात् ॥ कौलवेप्रमदामित्रविधानं तैत्तिलेशुभगताश्रयकर्म ॥ गरेचबीजाश्रयकर्षणानि वाणिज्यके स्थैर्यवणिक्क्रियाश्च ॥ नासिद्धिमायाति कृतं च विष्ट्यां विषारिघातादिषु तंत्रसिद्धिः ॥ मंत्रौषधानिशकुनौ तु सपौष्टिकानि गोविप्रराज्यपितृकर्मचतुष्पदेति ॥सौभाग्यदारुणधृतिध्रुवकर्मनागे किंस्तुघ्ननाम्निनिखिलं शुभकर्मकार्यम् ॥

शुक्लतिथी६० (पूर्वदल | उत्तरद) / कृष्णतिथी६० (पूर्वदल | उत्तरद)	नाम	स्वामी	कृत्य
स्थिर ० | ०	किंस्तु.	वायु	समस्त शुभकार्य करै
८ | १ | १५ | ४ | ११ | ७	बव	इन्द्र	व्रतउत्साह देवालय आदि शुभकर्म करै
२ | १२ | ५ | १२ | १ | ८ | ४ | ११	बालव	ब्रह्मा	ब्राह्मणोंसे हितकरै
६ | १३ | २ | ९ | ५ | १२ | १	कौलव	मित्र	उन्माद और मित्रताकरै
१० | ६ | १३ | २ | ९ | ५ | १२	तैतिल	सूर्य	विवाहादिक मंगलकार्य करै
१४ | ३ | १० | ६ | १३ | २ | ९	गरज	भूमि	बीजबोना हल चलाना
११ | ७ | १४ | ३ | १० | ६ | १३	वणिज	लक्ष्मी	देवप्रतिष्ठा घर दुकान और व्यापार करावै
८ | १५ ४ ११ ७ १४		यम	सकल कर्म वर्जित परंतु विष और घात ये क्रूरकर्म वर्जित नही
स्थिर ० ० | ० | १४	शकुनि	कलि	मित्रोपदेश औषधि ग्रहपूजा करावै
स्थिर ३० ०	चतुष्प	वृषभ	गौ ब्राह्मण राज्य पितृ इनसंबंधी कृत्य करावै
स्थिर	नाग	सर्प	सौभाग्यकर्म युद्धमेंजाना धीरज और विद्याभ्यास करना ये कर्म करावै

कल्याणीतिथिमानम् ।

कृष्णेग्निदिशयोरूर्ध्वं सप्तमीभूतयोरधः ॥ शुक्ले वेदेशयोरूर्ध्वं भद्रा प्राग्वसुपूर्णयोः ॥ मनुवसुमुनितिथियुगदशशिवगुण

संख्यासुतिथिषुपूर्वान्त्याः ॥ आयातिविष्टिरेषापृष्ठेषुभद्रा पुरस्त्वशुभा ॥ शास्त्रार्थः ॥ दिवासर्पमुखी भद्रारात्रौभद्रा च वृश्चिकी ॥ सर्पस्य च मुखं त्याज्यं रात्रौ पुच्छंपरित्यजेत् ॥ रात्रिभद्रायदाह्निस्यादिवाभद्रायदानिशि ॥ नतत्रभद्रादोषः स्यात्सर्वकार्याणि साधयेत् ॥ शरीरभागः ॥ नाड्यस्तु पंचवदनेथगले तथैकावक्षोदशैकसहितंनियतं चतस्रः ॥ नाभ्यांकटौषडथ पुच्छलता च तिस्रोविष्टेर्बुधैरभिहितोंगविभाग एषः॥स्थानफलम्॥ मुखेकार्यध्वस्तिर्भवति मरणं चाथगलके धनाहानिर्वक्षस्यथ कटितटे बुद्धिविलयः ॥ कलिर्नाभौदेशे विशयमथ पुच्छे च जगदुः शरीरे भद्रायाः पृथगिति फलं पूर्वमुनयः॥ चंद्रः ॥ मीने मेषालिकर्कैशशिनि निवसति स्वर्गसंस्थापि विष्टिः कन्यायां तौलिसंस्थेधनमिथुनगते नागलोकेनिवासः ॥ कुंभेसिंहेवृषेवा मकरमुपगतेराजतेमृत्युलोके भद्राचंद्रप्रभावा हिमकरतनया नोशुभा लौकिके स्यात्॥स्थानफलम् ॥ स्वर्गेभद्राभवेत् सौख्यं पाताले च धनागमः ॥ मृत्युलोके यदाभद्राकार्यसिद्धिस्तदानहि ॥ वारानुसारनाम ॥ सोमेशुक्रे च कल्याणी शनौ चैवतुवृश्चिकी ॥ गुरौपुण्यवती ज्ञेया चान्यवारेषुभाद्रिका ॥

तिथि		शास्त्रार्थ	स०	स्थान	फल	चंद्र	स्थान	फल	वार	नाम
	३	इनतिथियोंकी ३० घडी	३	पुच्छ	विजय	मीन			सो.	
कृष्ण		उत्तरार्द्धकीभद्रातिस्काना				मेष	स्वर्ग	सौख्य	शु.	कल्याणी
	१०	मवृश्चिकीदिवसमेंहोति		कटि	बुद्धि	वृश्चि				
	४	उत्तरकी३०घटिका पुच्छ			नाश	कर्क			श.	
शुक्ल		वर्जनीय मुख शुभहोय,	४	नाभि	कलह	कन्या				वृश्चिक
	११	उत्तरार्द्ध कहिये रात्रि	११	कपाल	धन	तुला	पाताल	धनप्रा-		
	७	३०घ.पूर्वार्द्धकीभद्राकाना			नाश	धन		प्ति.	गुरु	
कृष्ण		मसर्पिणीरात्रिमेंआतीहैउ	१	गल	मरण	मिथु				पुण्यवती
	१४	सकी५घडीमुखवर्जनीयहै				कुंभ				
	८	विध्वंस करता पीछे पुच्छ	५	मुख	विध्वंस	सिंह			रवि	
शुक्ल		शुभहोय पूर्वार्द्धकहिये				वृषभ	मृत्युलोक	अशुभ	बुध	भद्रका
	१५	दिवसमें भद्राहोय	३०			मकर			भौ.	

दैतेंद्रैःसमरेऽमरेषु विजितेष्वीशःक्रुधादृष्टवान् स्वंकायात्किलनिर्गताखरमुखीलांगूलिनीचक्रपात् ॥ विष्टिःसप्तभुजामृगेंद्र-

गलकाक्षामोदरीप्रेतगादैत्यघ्नीमुदितैःसुरैस्तुकरणप्रांतेनियुक्तातुसा

टीका--दैत्य और देवताओंमें बडा घोर युद्ध हुआ तब देवताओंका पराजय हुआ, तिस समय शिवजीके क्रोध करनेसे उनकी देहसे एक स्त्री गर्दभमुखी पुच्छवती पहियेके समान जिसके चरण विष्टिनाम सप्त भुजा मृगकीसी ग्रीवा कृश उदर प्रेतपर चढी दैत्योंके वध करनेवाली निकली और देवताओंने प्रसन्न होके करणोंके प्रांतभागमें स्थापितकी ॥

संक्रांतिः ।

वारानुसारनाम ॥ ॥ घोरारवौध्वांक्ष्यमृतद्युतौचसंक्रांतिवारेच महोदरीस्यात् ॥ मंदाकिनीज्ञेचगुरौचनंदामिश्राभृगौराक्षसि चार्कपुत्रे॥ ॥नक्षत्रोंके अनुसारनाम ॥ ॥उग्रक्षिप्रचरैर्मैत्रध्रुव- मिश्राख्यदारुणैः ॥ ऋक्षैःसंक्रांतिरर्कस्यघोराद्याःक्रमशोभवे- त् ॥ ॥ फल ॥ ॥ ध्वांक्षीवैश्यान्सुखयति महोदर्यलंचौरसा- र्थान्घोराशूद्रानथनरपतीनेवमंदाकिनीच ॥ नंदाख्याचद्विजव- रगणान्मिश्रकाख्यापशूंश्च चांडालांतांप्रकृतिमखिलांराक्षसी संज्ञिताच ॥ ॥ कालफल ॥ ॥ पूर्वाह्णकालेनृपतिद्विजेन्द्रान्म- ध्यंदिनेचाथविशोपराह्णे ॥ शूद्रान्नवावस्तमितोप्रदोषेपिशाच- कान्रात्रिचरान्निशीथे ॥ नटादिकांश्चापररात्रिकाले प्रत्यूषका- लेपशुपालकांश्च ॥ संक्रांतिरर्कस्यसमस्तलिंगा प्रभातसंध्या- समयेनिहंति ॥ ॥ दिशाकोमुख ॥ ॥ अर्केशुक्रेमुखंपूर्वं सौ- म्येभौमेचदक्षिणे ॥ शनौचंद्रेमुखंपश्चाद्गुरौचैवोत्तरामुखी ॥

वार और नक्षत्रोंके अनुसार जाननेकाकोष्ठक ।

वार	नक्षत्र	नाम	फल	काल	फल	दिशा
रवि	उग्र	घोरा	शूद्रोंकोसुख	पूर्वाण्ह	विप्रराजाओं.	पूर्वको
सोम	क्षिप्र	ध्वांक्षी	वैश्योंकोसु०	मध्यान्ह	वैश्योंको	पश्चिमको
भौम	चर	महोदरी	चोरोंकोसु०	अपराण्ह	शूद्रोंको	दक्षिणको
बुध	मैत्र	मंदाकि.	राजाओंकोसु.	प्रदोष	पिशाचोंको	दक्षिणको
गुरु	ध्रुव	नंदा	द्विजगणको०	अर्द्धरात्रि	राक्षसोंको	उत्तरको
शुक्र	मिश्र	मिश्रा	पशुको०	अपररात्रि	नटादिकको	पूर्वको
शनि	दारुण	राक्षसी	चांडालोंको०	प्रत्यूषका०	पशुपालकोंको	पश्चिमको

करणअनुसारसंक्रांति ।

॥ स्थितिः ॥ ॥ चतुष्पदेतैतिलनागयोश्च सुतोरविःसंक्रमणंक- ॥ विद्याद्ववाख्येचगराह्वयेच सबालवाख्येस्थितएववाव- ष्टौ ॥ ॥ फलम् ॥ ॥ किंस्तुघ्ननाम्निशकुनेवणिकौलवाख्ये चो- र्ध्वेस्थितस्यखलुसंक्रमणंरवेस्स्यात् ॥ धान्यार्घविष्टिषुभवेत्क- मशस्त्वनिष्टो मध्येष्टतेतिमुनयःप्रवदंतिपूर्वं ॥ वाहनम् ॥ ॥ सिं- होव्याघ्रोवराहश्चगर्दभःकुंजरस्तथा ॥ महिषीघोटकःश्वाचच्छा- गोवृषभकुक्कुटौ ॥ गजोवाजीवृषोमेष खरोष्ट्रौकेसरीक्रमात् ॥ शार्दूलमहिषीव्याघ्रवानराश्चबवादितः ॥ ॥ फलम् ॥ ॥ गजेल- क्ष्मीर्वृषेस्थैर्यं घोटकेवाहनेतथा ॥ सिंहेव्याघ्रेभयंप्रोक्तंसुभिक्षंग- र्दभेशुनौ ॥ वराहे महतीपीडाजायतेमेषवाहने ॥ महिष्यांच भवेत्क्लेशः कुक्कुटेमृत्युरेवच ॥ श्वेतपीतहरितंचपांडुरंरक्तश्याम मसितंबहुवर्णम् ॥ कंबलोविवसनंघनवर्णान्यंशुकानिचबवादितः क्रमात् ॥ ॥ आयुधम् ॥ भुशुंडीचगदाखड्गदंडकोदंडतोम- रान् ॥ कुंतपाशांकुशास्त्रंच बाणश्चैवायुधंबवात् ॥ ॥ भोज- नपात्रम् ॥ ॥ सौवर्णराजतंताम्रं कांस्यंलोहंचखर्परम् ॥ पत्रंव- स्त्रंकरोभूमिः काष्ठपात्रंबवादितः ॥ ॥ भक्ष्यपदार्थ ॥ ॥ अ- न्नंचपायसंभक्ष्यं पक्वान्नंचपयोदधि ॥ चित्रान्नंगुडमध्वाज्यंशर्क- रातुबवादितः ॥ ॥ गन्धम् ॥ ॥ कस्तूरीकुंकुमंचैव चंदनंमृत्ति- कातथा ॥ गोरोचनमलक्तंच हरिद्राचतथांजनम् ॥ सिंदूरमगुरु- श्चैव कर्पूरश्चबवादितः ॥ ॥ जाति ॥ ॥ देवभूताहिविहगप- शवोमृगएवच ॥ ब्रह्मक्षत्रियविट्छूद्रमिश्रजातिर्बवादितः ॥ ॥ पुष्पम् ॥ ॥ पुन्नागजातीबकुलाश्चकेतकी बिल्वस्तथार्कः कम लंचदूर्वा ॥ मल्लीतथापाटलिकाजपाचबवादिपुष्पाणिचयो- जयेत्तु ॥ ॥ भूषणम् ॥ ॥ नूपुरंकंकणंमुक्ता विद्रुमंमुकुटंमणि म् ॥ गुंजावराटकंनीलंगरुत्मंरुक्मकंबवात् ॥ ॥ कंचुकी ॥

विचित्रपर्णांशुकभूर्जपत्रिका सीतातथापाटलनीलवर्णा ॥ कृष्णा-
जिनंचर्मचवल्कपांडुरा बवादितश्चैवतुकंचुकीस्यात् ॥ वय ॥
शिशुःकुमारीचगतालकायुवा प्रौढाप्रगल्भाथततश्चवृद्धा ॥
वंध्यातिवंध्याचसुतार्थिनीच प्रव्राजिकाचैवफलंशुभंबवात् ॥

करण	बव	बालव	कौलव	तैतिल	गर	वाणिज	विष्टि	शकुनि	चतुष्प.	नाग	किंस्तु
स्थिति	बसली	बसली	खडी	निजली	बसली	खडी	बसली	निजली	खडी	निजली	खडी
फल	मध्यम	मध्यम	महर्घ.	समर्घ	मध्य	महर्घ	महर्घ	महर्घ	समघ	समघं	महघे
वाहन	सिंह	व्याघ्र	वराह	गर्दभ	हस्ती	महिषी	घोटक	कुत्ता	मेंढा	बैल	
उपवा.	गज	अश्व	बैल	मेंढा	गर्दभ	ऊंट	सिंह	शार्दू.	महिष	व्याघ्र	वानर
फल	भय	भय	पीडा	सुभिक्ष	लक्ष्मी	क्लेश	स्थैर्य	सुभिक्ष	क्लेश	स्थैर्य	मृत्यु
वस्त्र	श्वेत	पीत	हरित	पांडुर	रक्त	श्याम	काला	चित्र	कंबल	नग्न	घनवर्ण
आयुध	भुशुंडी	गदा	खड्ग	दंड	धनुष	तोमर	कुंत	पाश	अंकुश	तलवार	बाण
पात्र		रूपा	ताम्र	कांस्य		तीकर	पत्र	वस्त्र	कर	भूमि	काष्ठ
भक्ष्य	अन्न	पायस	भक्ष्य	पक्वान्न	पय	दधि	चित्रा.	गुड	मधु	घृत	शकरा
लेपन	कस्तूरी	कुंकुम	चदन	माटी	गोरोच	अलक्त	दलद	सुरमा	सिंदूर	अगर	कर्पूर
वर्ण	देव	भूत	सर्प	पशु	मृग	विप्र	क्षत्री	वैश्य	शूद्र	मिश्र	अंत्यज
पुष्प	पुन्नाग	जाती	बकुल	केतकी	बेल	अर्क	कमल	दूर्वा	मल्ली	पाटल	जपा
भूषण	नूपुर	ककण	मोती	मूंगा	मुकुट	मणि	गुंजा		नीलक	पुन्ना	सुवर्ण
कंचु॰	विचित्र	पर्ण			सीत	पांढरी	नील	कृष्ण	अंजन	वल्कल	पांडुर
वय	बाल	कुमारी	गतालि:	युवा		प्रगल्भा	वृद्धा	वंध्या	अतिवं.	पुत्रव॰	संन्या.

फलश्रुति ।

वाहनादिबुधैर्ज्ञेयमथोत्क्रांतिविशेषतः ।
वाहनादिकवस्तूनांसंक्रमात्तुविनाशता ॥

टीका—संक्रांति जिस वाहनपर स्थित होय और जो वस्तु धारण करे उन सबका नाश होय ॥ २३ ॥

मुहूर्त्त ।

संक्रांतिकितनेमुहूर्त्तहोतीहै उसकेनक्षत्रऔरफल ।

संक्रांतौमुहूर्तभेदा हरपवनयमे वारुणेसार्परौद्रे एषापंचेंदुसंज्ञा

गुरुकरपितृभे चाग्निदस्रेचसौम्ये ॥ त्वाष्ट्रमैत्रेचमूले श्रुतिवसु-
वपुषा त्रीणिपूर्वाखरामे ब्राह्मेदित्येद्विदैवे भवतिशरकृतादु-
त्तरात्रीणिऋक्षम् ॥ बाणवेदैःसमर्घं स्यान्मध्यस्थं व्योमराम-
योः ॥ मूर्तौपंचदशेयाते दुर्भिक्षं च प्रजायते ॥

टीका—आर्द्रा स्वाती भरणी शतभिषा आश्लेषा ज्येष्ठा इनमें जो संक्राति अर्के वह १५ मुहूर्त होती है और दुर्भिक्ष करनेवाली और पुष्य हस्त मघा कृत्तिका अश्विनी मृगशिर चित्रा अनुराधा मूल श्रवण धनिष्ठा रेवती तीनों पूर्वा इन नक्षत्रोंकी संक्रांति ३० मुहूर्त होती है यह साधारण फलदायक है और रोहिणी पुनर्वसु विशाखा तीनों उत्तरा इनमें संक्रांति अर्के तो ४५ मुहूर्त होती है यह स्वस्थताका कारण है ॥

दूसराप्रकार।

पूर्वसंक्रांतिनक्षत्रात्परसंक्रांतिऋक्षकम् ॥
द्वित्रिसंख्यासमर्घस्याच्चतुःपंचमहर्घता ॥

टीका—गतमासदिन संक्रांति नक्षत्र और प्राप्त संक्रांति दिन नक्षत्र इनका अंतर २ अथवा तीन होयतो सस्ता और ४ वा ५ का नक्षत्रोंमें अंतर आवे तो महर्घ अर्थात् महँगा जानिये ॥

धान्यविचार।

संक्रांतिनाड्यातिथिवारऋक्षधान्याक्षरंवह्निहरेत्तुभागम् ॥
संक्रांतिनाडीनवमिश्रिताच सप्ताहतापावकभाजिताच ॥
एकेसमर्घंद्वितयेचसौम्यं शून्येसमर्घमुनयोवदंति ॥

टीका—संक्रांतिकी घडी और गत तिथि वार नक्षत्र और धान्यके नामाक्षर एकत्र करके तीनका भाग दे वह एक मत और दूसरे मतके आज्ञानुसार संक्रांतिकी घडियोंमें ९ मिलाके ७ से गुणकर ३ का भाग दे शेषका फल विचारे १ शेष रहे तो धान्यकी स्वस्थता और दो बचें तो साधारणता और निःशेष हो तो महर्घता जानिये ॥

नक्षत्र अनुसार संक्रांतिपीडा।

संक्रांत्यधरनक्षत्राद्गणयेज्जन्मभावधि ॥ त्रिकंषट्कं त्रिकंषट्कं त्रिकं षट्कंपुनः पुनः ॥ पंथाभोगोऽव्यथावस्त्रं हानिश्च विपुलं धनम् ॥

टीका—संक्रांतिके अधर नक्षत्रसे अपने नक्षत्रतक गिने और इसरीतिमें उसका विचार करे प्रथम ३ पंथा चलावे फिर ६ भोग फिर ३ दुःख ६ वस्त्र फिर ३ हानि और ६ धनप्राप्ति कहते हैं ॥

जन्मनक्षत्रोंका फल।

यस्यजन्मर्क्षमासाद्यतिथौ संक्रमणं भवेत् ॥
तन्मासाभ्यंतरेतस्यवैरं क्लेशं धनक्षयः ॥

टीका—जाके जन्म नक्षत्र विषे संक्रांति अर्के उसका किसीसे वैर होय और जिसके जन्ममासमें संक्रांतिका संभव हो उसे क्लेश और जिसके जन्मतिथिमें संक्रांति पडे उसका धनक्षय होता है ॥

संक्रांतिकास्वरूप।

षष्टियोजनविस्तीर्णासंक्रांतिः पुरुषाकृतिः ॥ एकवक्त्रानव भुजालंबोष्ठीदीर्घनासिका ॥ पृष्ठेलोकाभ्रमंत्येव गृहीत्वाखर्परंकरे ॥ एवंसंक्रमणे यस्याः फलं प्रोक्तं मनीषिभिः ॥

टीका—शरीर साठ योजन लम्बा और चौडा, पुरुषाकृति एक मुँह ९ भुजा ओठ और नासिका लंबे और खर्पर हाथमें लिये पीछेसे लोक भ्रमण करतेहैं।

चंद्रसे संक्रांतिकावर्ण और फल।

मेषालिकर्कैच तथैवरक्तंचापेच मीनेच तुलेचपीतम् ॥ श्वेतं वृषेस्त्रीमिथुनेच चंद्रे कृष्णंचनक्रेथघटेच सिंहम् ॥ रक्तेफलं भवेद्दुःखंश्वेतंचैवसुखंशुभम् ॥ पीतेश्रीस्तुतथाप्रोक्ताश्यामेमृत्युर्न संशयः ॥

टीका—मेष वृश्चिक कर्क इन राशियोंके चंद्रमामें जो संक्रांतिका प्रवेश होय तो उसका रक्तवर्ण जानिये वह दुःखदायक है और धनु मीन तुलाके

चंद्रमाकी संक्रांतिका पीतवर्ण ये लक्ष्मीकी प्राप्ति करती है और वृष कन्या मिथुनकी संक्रांतिका श्वेतवर्ण सुख और शुभप्राप्ति करानेवाली है; मकर कुंभ और सिंहके चंद्रमाकी संक्रांति कृष्णवर्ण है यह मृत्युदायी है ॥

राशिअनुसार चंद्रमा।

यादृशेनहिमरश्मिमालिना संक्रमोभवतितिग्मरोचिषा ॥
तादृशंफलमवाप्नुयान्नरः साध्वसाध्वपिवशेनशीतगोः ॥

टीका–जैसे चंद्रमा नष्टस्थानी व उत्तमस्थानी होकर शुभाशुभ फलको देताहै उसी भाँति नष्ट अथवा उत्तम चंद्रमाकी अर्की हुई संक्रांति चन्द्रमाके अनुसार फलदायक होती है ॥

पुण्यकाल।

पूर्वतोपिहिरवेश्च संक्रमात्पुण्यकालघटिकास्तु षोडश ॥
अर्धरात्रिसमयादनंतरंसंक्रमेपरदिनंहि पुण्यदम् ॥

टीका–सोलह घटिका पुण्यकाल होताहै जो संक्रांति दिनमें पडे पूर्व रात्रि तांई तो पुण्यकाल उसी दिवस जानना चाहिये और जो वृद्धि रात्रिके पीछे पडे तो दूसरे दिवस पुण्यकाल होगा ॥

ग्रहणप्रकार।

चंद्रग्रहणकी प्रवृत्ति।

भानोःपंचदशेऋक्षेचंद्रमायदितिष्ठति ॥
पौर्णमास्यानिशामेषेचंद्रग्रहणमादिशेत् ॥

टीका–सूर्यसे पंद्रहवे नक्षत्रमें जो चंद्रमा स्थित होय तौ पूर्णमासीके निशा शेष अर्थात् प्रतिपदाकी संधिमें चंद्रग्रहण होता है ॥

सूर्यग्रहण।

मघोनंग्रस्तनक्षत्रात्षोडशं यदिसूर्यभम् ॥
अमावास्यादिवाशेषेसूर्यग्रहणमादिशेत् ॥

टीका–संपूर्ण महीनोंकी अमावास्याके दिन सूर्य और चंद्रमा एक

राशिके होते हैं परंतु अमावास्याके दिन सूर्यनक्षत्र और दिवसनक्षत्र एक होय तो अमावास्या और प्रतिपदाकी संधिमें सूर्यग्रहण होता है; उस दिन सूर्यनक्षत्रसे चंद्रनक्षत्र देखिये उसमें से ११ दिन काटि शेष १६ वें सूर्य नक्षत्र होय तो वही सूर्यग्रहण होता है ॥ २ ॥

राशि अनुसार शुभाशुभ ग्रहणफल ।

त्रिषड्दशायोपगतं नराणां शुभप्रदंस्याद्ग्रहणंरवीन्द्वोः ॥
द्विसप्तनंदेषु च मध्यमंस्याच्छेषेष्वनिष्टंमुनयोवदंति ॥

टीका–सूर्य अथवा चंद्रग्रहण अपनी राशिसे जिस राशिपर होय उसका शुभाशुभ फल विचारिये, तीसरी छठी दशवीं राशि पर होय तौ शुभ जानिये और दूसरा सातवाँ नवमां ये मध्यम और पहिला चौथा पाँचवाँ आठवाँ ग्यारहवाँ बारहवाँ ये नेष्ट हैं ॥

दूसरा पक्ष ।

ग्रासत्तृतीयोष्टमगश्चतुर्थस्तथायसंस्थः शुभगःस्वराशेः ॥
ग्रासाद्रविः पंचनवर्त्तुमध्यस्ततोधमोक्ताश्चबुधैश्चशेषाः ॥

टीका–जिस राशिपर सूर्यग्रहण होय उससे अपनी राशितक गिनें तौ ३।८।४।११ ये उत्तम और ५।८।६ये मध्यम और १।२।७।१०।१२ ये राशि अधम जैसी राशि होय तैसाही फल होता है ॥

ऋतुप्रकरण शुभाशुभ फल ।

तिथिरेकगुणाप्रोक्ता नक्षत्रं च चतुर्गुणम्॥वारःषष्ठगुणोज्ञेयो मासश्चाष्टगुणःस्मृतः॥वस्त्रं शतगुणं विद्याद्दर्शनं च ततोधिकम् ॥

टीका–तिथि एकगुणी नक्षत्र ४ गुणा वार ६ गुणा मास ८ गुणा और वस्त्र १०० गुणा जो अधिक ज्ञान होय तिसका गुण सबसे अधिक परंतु अच्छा दिवस होय तौ अच्छा गुण और दुष्ट होय तो बुरा जानिये ॥

मासफल ।

आर्तवेप्रथमेचैत्रेवैधव्यंजायते ध्रुवम् ॥ वैशाखे धनवृद्धिः

स्याज्ज्येष्ठेरोगान्विता भवेत् ॥ आषाढेमृतवत्साच श्रावणेध-
नसंयुता ॥ भाद्रे च दुर्भगानारी आश्विनेधनधान्यभाक् ॥का-
र्तिकेनिर्द्धनानारी मार्गशीर्षेबहुप्रजा ॥ पौषेचपुंश्चली नारी
माघेपुत्रवती भवेत् ॥ फाल्गुनेपुत्रसंपन्नाज्ञेयंमासफलंबुधैः ॥

टीका—चैत्रमासमें प्रथम ऋतुदर्शन होयतो विधवा होय, वैशाखमें धन-
वृद्धि रोगयुक्त, आषाढमें मृत्यु, श्रावणमें लक्ष्मी, भाद्रपदमें दरिद्र, आश्विनमें
धनधान्य, कार्तिकमें निर्धन, मार्गशीर्षमें बहुप्रजा, पौषमें व्यभिचारिणी,
माघमें पुत्रवती और फाल्गुनमें भी ऋतुदर्शन होनेसे पुत्रसंपन्न जानिये ॥

तिथिफलम् ।

शुचिर्नारीप्रतिपदि द्वितीयायांतुदुःखिनी ॥ तृतीयायांपुत्रव-
तीचतुर्थ्यांविधवा भवेत् ॥ पंचम्यांचैवसौभाग्यं षष्ठ्यांकार्य-
विनाशिनी ॥ सप्तम्यांसुप्रजानारीचाष्टम्यां राक्षसीतथा ॥
नवम्यां विधवानारी दशम्यांसौख्यभोगिनी ॥ एकादश्यांशु-
चिर्नारी द्वादश्यांमरणंध्रुवम् ॥ त्रयोदश्यांशुभाप्रोक्ताचतुर्द-
श्यांपरान्विता ॥ पौर्णमास्याममावास्यां शुभंचाशुभमेवच ॥

टीका—प्रतिपदामें ऋतुदर्शन होय तो शुचि, द्वितीयामें दुःखिनी, तृती-
यामें पुत्रवती, चतुर्थीमें विधवा, पंचमीमें सौभाग्यवती, षष्ठीमें कार्यनाशिनी
सप्तमीमें उत्तम संतति, अष्टमीमें राक्षसी, नवमीमें विधवा, दशमीमें सौख्य-
भोगिनी, एकादशीमें शुचि, द्वादशीमें मरण, त्रयोदशीमें शुभ, चतुर्दशीमें
व्यभिचारिणी, पूर्णिमामें शुभ, अमावास्यामें अशुभ जानिये ॥

ग्रहण और संक्रांतिका फल।

संक्रांत्यांग्रहणेचैववैरिणी च गतालका ॥

टीका—संक्रांतिमें प्रथम ऋतुदर्शन होय तो वैरिणी और ग्रहणमें होय
तो विधवा जानिये ॥

वारफल।

आदित्येविधवानारीसोमेचैवमृतप्रजा ॥ मंगलेआत्मघा-

तीस्याद्बुधेकन्याप्रसूःस्मृता ॥ गुरुवारेसुतप्राप्तिःकन्या-
पुत्रयुताभृगौ ॥ मंदे च पुंश्चलीनारीज्ञेयंवारफलंशुभम् ॥

टीका-रविवारको ऋतुदर्शन होय, तो विधवा होय, सोमवारको मृतप्र-
जा, भौमवारको आत्मघातिनी, बुधवारको कन्यासंतति होय, गुरुवारको
पुत्रप्रसूति, भृगुवारको कन्या और पुत्रप्रसूति और शनिवारको होय तो
स्त्री व्यभिचारिणी होय ॥

नक्षत्रफल।

अश्विन्यांसुभगानारीभरण्यांविधवाभवेत् ॥ कृत्तिकायां च
वंध्यास्याद्रोहिण्यांचारुभाषिणी ॥ मृगेदारिद्र्ययुक्तोक्ताचा-
र्द्रायांक्रोधकारिणी ॥ पुनर्वसौपुत्रवतीपुष्येपुत्रधनेश्वरी ॥
आश्लेषायांभवेद्वंध्यामघायांचार्थसंयुता ॥ पूर्वायांचार्थयुक्ताहि
चोत्तरायांसतीतथा ॥हस्तेपुत्रधनैर्युक्ताचित्रायामनुचारिणी॥
स्वात्यान्यगर्भावयवाविशाखायांतुनिष्ठुरा ॥ मैत्रे च दुर्भगाना-
रीज्येष्ठायांविधवाभवेत् ॥ मूलेपतिव्रतासाध्वीपूर्वासौभाग्य-
भोगिनी ॥ उत्तरार्थवतीप्रोक्ताश्रवेसौभाग्यसंपदः ॥ धनिष्ठा-
यांशुभानारीशतभद्रान्विताबुधैः ॥ पुंभेचोक्ताकामिनीतु उभे
लक्ष्मीयुता शुभा ॥ रेवत्यांपतिरिक्तातुज्ञेयं भानांफलंबुधैः ॥

टीका-अश्विनीनक्षत्रमें जो स्त्रीके प्रथम ऋतुस्नात होय तो शुभ और
भरणीमें विधवा और कृत्तिकामें वंध्या, रोहिणीमें प्रियभाषिणी, मृगशिरमें
दरिद्रिणी,आर्द्रामें क्रोधिनी, पुनर्वसुमें पुत्रवती, पुष्यमें पुत्र और धनवती,
आश्लेषामें बाँझ, मघामें धनवती, पूर्वामें अर्थवती, उत्तरामें पतिव्रता, हस्तमें
पुत्रवती धनवती, चित्रामें दासी, स्वातीमें अन्यगर्भवती, विशाखामें
निष्ठुर, अनुराधामें दुर्भागिनी, ज्येष्ठामें विधवा, मूलमें पतिव्रता, पूर्वा-
षाढामें सौभाग्यवती, धनिष्ठामें शुभ, शतभिषामें शुभ, पूर्वाभाद्रपदामें उत्तम-
भोगवती, उत्तराभाद्रपदामें लक्ष्मीवती, रेवतीमें पतिरहित जानिये ॥

योगफल ।

आव्रतौविधवानारी विष्कंभेचरजस्वला ॥ स्नेहःप्रीत्यांतुदंप-
त्योरायुष्मांस्तुधनप्रदः ॥सौभाग्येपुत्रयुक्ता तु शोभनेमंगला-
न्विता ॥ अतिगंडेतुविधवासुकर्मणितुशोभना ॥ धृतौसं-
पत्तियुक्ताच शूलेरोगयुताभवेत् ॥ गंडेदुःखान्वितानारी
वृद्धौपुत्रान्विताभवेत् ॥ ध्रुवेतुशोभनानारीव्याघातेभर्तृघात-
की ॥ हर्षणेहर्षयुक्तातुवज्रेचैवानपत्यता ॥ सिद्धौपुत्रान्वि-
तानारी व्यतीपाते विभर्तृका ॥ मृतवत्साचवर्याने परिघेचा-
ल्पजीविनी ॥ शिवेपुत्रवतीनारी सिद्धेशीघ्रफलान्विता॥साध्ये
धर्मपरानारी शुभेशुभगुणान्विता ॥ शुक्लेशुभकरानारीब्रह्म-
णिस्वपतौरता ॥ ऐंद्रेदेवररक्ता च वैधव्यंवैधृतौस्मृतम् ॥

टीका—विष्कंभ योगमें जो मथम ऋतुदर्शन होय तौ स्त्री विधवा होय.
और प्रीतियोगमें पतिसे स्नेह, आयुष्मान् में धनप्राप्ति, सौभाग्यमें पुत्रवती,
शोभनमें मंगलदायक, अतिगंडमें विधवा, सुकर्मामें शुभ, धृतिमें संपत्तियु-
क्त, शूलमें रोगिणी, गंडमें दुःखान्विता, वृद्धिमें पुत्रयुक्ता, ध्रुवमें शुभ, व्या-
घातमें पतिघातिनी. हर्षणमें हर्षयुक्ता, वज्रमें वंध्या, सिद्धियोगमें पुत्र-
युक्ता, व्यतीपातमें पतिरहिता, वर्यानमें मृतपुत्रा, परिघमें अल्पजीविनी,
शिवमें पुत्रवती, सिद्धिमें शीघ्रफलयुक्ता, साध्ययोगमें अधर्मपरा, शुभयो-
गमें शुभगुणयुक्ता, शुक्लयोगमें शुभकर्मपरा, ब्रह्मयोगमें निजपतिरता, ऐंद्रमें
देवररता, वैधतियोगमें विधवा होय ॥

करणफलम् ।

ववेप्रोक्तातुवंध्यास्त्रीबालवेपुत्रसंपदः ॥ कौलवेपुंश्चलीनारीतैतिले
चारुभाषिणी ॥ गरे च गुणसंपन्नावणिजेपुत्रिणीस्मृता ॥ विष्ट्यां
चमृतवत्साच शकुनौकामपीडिता ॥ चतुष्पदे शुभानारीनागे
पुत्रवतीभवेत् ॥ किंस्तुघ्नेव्यभिचारीतुकरणानांशुभंफलम् ॥

टीका—बव करणमें जो स्त्री प्रथम पुष्पवती होय, तो वह वंध्या होय, बालवमें पुत्रकी प्राप्ति, कौलवमें वेश्या, तैतिलमें प्रियभाषिणी, गरमें गुणसंपन्ना, वणिजमें पुत्रिणी, विष्टिमें मृतवत्सा, अर्थात् उसके बालक मर जांय शकुनिमें कामातुरा, चतुष्पदमें शुभ, नागमें पुत्रवती, किंस्तुघ्नमें व्यभिचारिणी जानिये ॥

राशिफलम् ।

व्यभिचारिणीतुमेषेवृषभेसुखभोगिनी ॥ मिथुनेधनयुक्ताकर्कटेदुःखिताबुधैः ॥ सिंहेपुत्रवतीनारी कन्यायांमानिनीशुभा ॥ तुलेविचक्षणानारी वृश्चिकेव्यभिचारिणी ॥ धनेपतिव्रताज्ञेयामांसहीनाचनक्रके ॥ कुंभेधनवतीज्ञेयामीने च चपलाबुधैः ॥

टीका—मेषराशिमें जो ऋतुवती होय तौ व्यभिचारिणी, वृषमें सुखभोगिनी, मिथुनमें धनयुक्ता, कर्कमें दुःखी, सिंहमें पुत्रवती, कन्यामें अभिमानी, तुलामें चतुरा, वृश्चिकमें जारिणी, धनमें पतिव्रता, मकरमें कृशा, कुंभमें धनवती, मीनमें चपला ऐसे जानिये ॥

होराफल ।

सूर्ये च व्याधिसंयुक्ता चंद्रेहोरे पतिव्रता ॥ कुजेहोरेतुदौर्भाग्यंबुधेहोरेतुपुत्रिणी ॥ जीवेसर्वसमृद्धिःस्याद्भृगौसौभाग्यमेवच ॥ शनौसर्वविनाशायहोरकस्यफलंबुधैः ॥

होरा	फल	होरा	फल
रविकाहोरा	योगिनी	गुरुकाहोरा	सर्वसिद्धि
सोमका होरा	पतिव्रता	शुक्रकाहोरा	सौभाग्य
भौमकाहोरा	दुर्भगा	शनिकाहोरा	सर्वविनाशिनी
बुधकाहोरा	पुत्रिणी		

लग्नफलम् ।

मेषलग्नेदरिद्राचवृषभेधनसंयुता ॥ कामिनीमिथुनेलग्नेकर्कटेपतिनाशिका ॥ सिंहेपुत्रप्रसूताचपतियुक्तास्त्रिलग्नके ॥ तुलेचैवांध-

तादायीवृश्चिकेदद्रुदुःखिनी ॥ धनलग्नधनैश्वर्यमकरेकर्कशाभ-
वेत् ॥ कुंभेवंशद्वयघ्नीच मीनेसर्वगुणान्विता ॥

टीका—प्रथम संक्रांति चलती होय सोई प्रथम लग्न जानिये और मेष लग्नमें ऋतुवती होय तौ दरिद्रिणी २ धनयुक्ता ३ कामिनी ४ पतिनाशिनी ५ पुत्रप्रसूता ६ पतिव्रता ७ अंधतादायक ८ दद्रुदुःखिता ९ धनैश्वर्यवती १० कर्कशा ११ उभयवंशनाशिनी १२ गुणयुक्ता ॥

ग्रहोंके फल।

लग्नेराहुश्चसौरिश्चरविचंद्रौतथैवतु ॥
तदासाविधवानारी सर्वसौभाग्यवर्जिता ॥

टीका—जिस लग्नमें प्रथम स्त्री रजस्वला होय उसमें राहु शनि रवि चंद्र ये चारि ग्रह स्थित होंय वह स्त्री विधवा होय ॥

रक्तफल।

शोणिताबिंदुमात्रेण स्वैरिणीचाल्पशोणिता ॥ रक्तेर-
क्तेभवेत्पुत्रःकृष्णेचैवमृतप्रजा ॥ पिच्छिले च भवेद्वं-
ध्याकाकवंध्याचपांडुरे ॥ पीतेदुश्चारिणीज्ञेयासुभगा
गुंजसादृशे ॥ सिंदूरवर्णेरक्तेतुकन्यासंततिरेवच ॥

टीका—प्रथम ऋतुदर्शनके समय रक्त बिंदुमात्र और अल्पवर्ण होय तिसका फल यह है कि, स्त्री व्यभिचारिणी होय और रक्तवर्ण रुधिर होय तौ पुत्रवती, काला होय तो मृतप्रजा, पिच्छिल अर्थात् गाढा होय तो बांझ, पांडुर वर्णसे वंध्या, पीत वर्णसे दुराचारिणी, गुंजा सदृशसे सुभागिनी; सिंदूर वर्णसे कन्याप्रसूता, इस प्रकार फल जानिये ॥

काल फल।

पूर्वाह्णेसुभगाप्रोक्ता मध्याह्नेचैवनिर्धना ॥ अपराह्णेशुभाचैव
सायाह्नेसर्वभोगिनी ॥ संध्ययोरुभयोर्वेश्या निशीथेविधवाभ-
वेत् ॥ पूर्वरात्रेतथावंध्या दुर्भगासर्वसंधिषु ॥

टीका—जो स्त्रीके प्रथम ऋतुदर्शन प्रातःकाल होय तो सुभगा जानिये, मध्याह्नमें निर्धना, तीसरे पहर होय तौ शुभ, संध्याको होय तौ सर्वभोगिनी, और दोनों संधिमें होय तो वेश्या, आधी रातिमें होय तौ विधवा, पूर्व रात्रिमें होय तो वांझ, सब संधिमें दुर्भगा ये फल जानिये ॥

पहिरे हुए वस्त्रोंका फल ।

सुभगाश्वेतवस्त्राच रोगिणीरक्तवस्त्रका ॥ नीलांबरधरानारीवि-
धवापुष्पवंतिका॥भोगिनीपीतवस्त्राच मिश्रवस्त्रावरंप्रिया॥ सू
क्ष्मास्यात्सूक्ष्मवस्त्राचदृढवस्त्रापतिव्रता ॥ दुर्भगाजीर्णवस्त्राच
सुभगामध्यवाससा॥धौतवस्त्राशुभानारी मलिनीमलिनाभवेत्॥

टीका—प्रथम ऋतुसमय पांडुर वस्त्र पहिरे होय तो शुभ, लाल वस्त्र पहिने स्त्री पुष्पवती होय तो रोगिणी, नीले वस्त्रसे विधवा, पीत वस्त्रसे भोगिनी, मिश्रवर्णवस्त्रयुता पतिप्रिया, सूक्ष्मवस्त्रयुता कृशा,मोटे वस्त्रयुत पतिव्रता,जीर्ण वस्त्र पहिरनेसे स्त्री दुर्भागिनी, मध्यम वस्त्रयुत सुभगा, धुले वस्त्रयुता सुभगा, और मलिन वस्त्रपहिने स्त्री प्रथम ऋतुधर्मको प्राप्तहोय सो मलिन जानिये ॥

रजस्वलाधर्म ।

आर्तवाभिप्लुतानारी नैकवेश्मनिसंश्रयेत् ॥ नचान्यजातिसं-
स्पर्शं कुर्यात्स्पर्शं नचक्वचित् ॥ त्रिरात्रंस्वमुखंनैव दर्शयेद्य-
स्यकस्यचित् ॥ स्ववाक्यंश्रावयेन्नैव नकुर्याद्दंतधावनम् ॥
नकुर्यादार्तवेनारी ग्रहणामीक्षणंतथा ॥ अंजनाभ्यंजनंस्नानं
प्रवासंवर्जयेत्तथा ॥ नखादिकृंतनंरज्जुतालपत्रादिबंधनम् ॥
नवेशरावेभुंजीत तोयंचांजलिनापिबेत् ॥

टीका—ऋतुमती स्त्रीको एक घरमें रखना,अन्य जातीसे स्पर्श न करना,अपनी जातिमें भी स्पर्श न करना,तीन रात्रि अपना मुख किसीको न दिखावना, अपनी वाणी किसीको न सुनाना, दँतून नहीं करना, नक्षत्रोंका अवलोकन न करना,काजल-तैल-स्नान-रस्ता-चलना-डोराकी स्पर्श-तालपत्रका बंधन, इतने कर्म न करै, नवीन मृत्तिका के पात्रमें भोजन करै और अंजलीसे जल पीवै

गर्भाधानका मुहूर्त ।

ऋतौतुप्रथमेकार्यं पुन्नक्षत्रेशुभेदिने ॥
मघामूलांत्यपक्षांतमुक्त्वाचंद्रबलेसति ॥

टीका–प्रथम ऋतुदर्शन समय पुरुष नक्षत्र और शुभदिनमें मघा मूल रेवती अमावास्या पूर्णिमा इनको छोडकर बलवान् चंद्रमामें गर्भाधान करना योग्यहै

गर्भाधाने त्याज्यमाह ।

रागदिवसंपातंतथावैधृतिम् । पित्रोःश्राद्धदिनंदिवाचपरिघा-र्द्धंस्वपत्नीगमे भानूत्पातहतानिमृत्युभवनंजन्मर्क्षतःपापभ-म् ॥ भद्राषष्ठीपर्वरिक्ताच संध्याभौमार्कार्कीनाद्यरात्र्यश्चतस्रः ।

टीका–गंडांत-३प्रकारके अर्थात् तिथिगंडांत-लग्नगंडांत-नक्षत्रगंडांत-नधतारा–जन्मतारा–मूल–भरणी–अश्विनी–रेवती–ग्रहणदिन– व्यतीपात–वैधृति–श्राद्धदिन–परिघार्द्ध–उत्पातनक्षत्र–पापयुक्तनक्षत्र–जन्मलग्नसे अष्टमलग्न-भद्रा-षष्ठीतिथि–पर्वतिथि अर्थात् चतुर्दशी–अष्टमी–अमावास्या–पूर्णिमा–संक्रांति-रिक्तातिथि अर्थात् चतुर्थी–नवमी-चतुर्दशी संध्याकाल, भौम,रवि-शनि-ये वार और प्रथम रात्रिसे चाररात्रि ये गर्भाधानमें त्याज्यहैं॥

ऋतुकीषोडशरात्रियोंकाशुभाशुभनिर्णय ।

ऋतुःस्वाभाविकःस्त्रीणां रात्रयःषोडशस्मृताः ॥ तासामाद्याश्चतस्रस्तुनिंदितैकादशीचया ॥ त्रयोदशीचशेषाःस्युःप्रशस्तादशवासराः ॥तस्मात्रिरात्रंचांडालीं पुष्पितांपरिवर्जयेत् ॥

टीका–स्त्रियोंके ऋतुधर्मसंबंधी स्वाभाविक १६ रात्रि होतीहैं, उनमेंसे प्रथम तीन रात्रिमें पुष्पवती चांडाली होती है और चौथी ग्यारवी तेरह्वी ये निंदित अर्थात् वर्जनीय और शेष दशरात्रि प्रशस्त हैं ॥

रात्रौचतुर्थ्यांपुत्रःस्यादल्पायुर्धनवर्जितः॥ पंचम्यांपुत्रिणीनारीषष्ठ्यांपुत्रस्तुमध्यमः ॥ सप्तम्यामप्रजा योषिदष्टम्यामी-

श्वरःपुमान् ॥ नवम्यांसुभगानारी दशम्यांप्रवरःसुतः ॥ एका-
दश्यामधर्म्यास्त्री द्वादश्यांपुरुषोत्तमः ॥ त्रयोदश्यांसुतापा-
पावर्णसंकरकारिणी ॥ धर्मज्ञश्चकृतज्ञश्चआत्मवेदीदृढव्रतः ॥
प्रजायतेचतुर्दश्यां पंचदश्यांपतिव्रता ॥ आश्रयः सर्वभूता-
नांषोडश्यांजायतेपुमान् ॥

टीका–चौथी रात्रिमें स्त्रीसंग करे तो पुत्र अल्पायु और धनवर्जित उत्पन्न होय, पांचवी रात्रिमें पुत्रवती, छठी रात्रिमें मध्यम पुत्र, सातमीमें पुत्र उत्पन्न नहीं होगा, अष्टमी राशिमें ईश्वरभक्त, नवमी रात्रिमें सौभाग्यवृद्धि, दशमीमें गुणवान् पुत्र, ग्यारहवीमें अधर्मी पुत्र; बारहवी रात्रिमें उत्तम पुरुष, तेरहवींमें पापकर्मिणी कन्या, चौदहवीमें धर्मात्मा कृतज्ञ और व्रत करनेहारा पुत्र, पंद्रहवी रात्रिको पतिव्रता, सोलहवी रात्रिको सबजीवोंका आश्रय देनेवाला पुत्र उत्पन्न होताहै ॥

निषेक के तिथि और वार।

षष्ठ्यष्टमीपंचदशीचतुर्थीचतुर्दशीमप्युभयत्रहित्वा ॥
शेषाःशुभाःस्युस्तिथयो निषेके वाराःशशांकार्यसितेन्दुजाश्च ॥

टीका–षष्ठी अष्टमी पूर्णिमा अमावास्या चतुर्थी चतुर्दशी इन तिथियोंको छोडकर शेष तिथि और सोम गुरु शुक्र बुध ये वार शुभ जानिये ॥

नक्षत्र।

विष्णुप्रजेशरविमित्रसमीरपौष्णमूलोत्तरावरुणभानिनिषेक-
कार्यें ॥ पूज्यानिपुष्यवसुशीतकराश्विचित्रादित्याश्चमध्यम-
फलाविफला स्युरन्ये ॥

टीका–श्रवण रोहिणी हस्त अनुराधा स्वाती रेवती मूल तीनों उत्तरा शतभिषा ये नक्षत्र कहेहैं और पुष्य धनिष्ठा मृगशिर अश्विनी चित्रा पुनर्वसु ये मध्यम हैं और शेष नक्षत्र अधम जानिये ॥ मुहूर्त्तमार्त्तंडमते ॥

वैधृति संक्रांति महापात आदि दुष्ट योग और श्राद्धांत पूर्व दिन जन्म नक्षत्र संधि दिवस रात्रि नक्षत्र इत्यादि वर्जनीय करते हैं और जिस लग्नमें विषमस्थानी नवांशकमें उच्च बृहस्पति अथवा सूर्य चंद्रमा होय तो पुत्रप्राप्ति होय और येही ग्रह समराशिके होंय तो कन्याप्राप्ति होय ॥

गर्भाधाने लग्नशुद्धिः।

केन्द्रत्रिकोणेषुशुभैश्चपापैस्त्र्यायारिगैः पुंग्रहदृष्टलग्ने ॥ ओजांशकेऽब्जेपिचयुग्मरात्रौ चित्रादितीज्याश्विषुमध्यमंस्यात् ॥

टीका—प्रथम चतुर्थ सप्तम दशम ये केन्द्र इसमें शुभग्रह होंय त्रिकोण नवम पंचम इसमें शुभग्रह होय ३।११।१०।६ इसमें पापग्रह होंय लग्नको पुरुष ग्रह देखते होंय और विषम नवांशमें चंद्रमा होय तो इसमें गर्भाधान शुभ है और समरात्रि पुनर्वसु, पुष्य, अश्विनी ये नक्षत्र मध्यम होते हैं ॥

प्रथम गर्भिणीके पुंसवनादिकसंस्कार।

मूलादित्रितयेकरेश्रवणके भाद्रद्वयार्द्रात्रये रेवत्यां मृगपंचकेदिन करेभौमेनरिक्तातिथौ ॥ नेत्रेमास्यथवाग्निमासिधनुषिस्त्रीमीनयोश्चस्थिरे लग्नेपुंसवनंतथैवशुभदंसीमंतकर्माष्टमे ॥

टीका—मूल पूर्वाषाढा उत्तराषाढा हस्त श्रवण पूर्वाभाद्रपदा उत्तराभाद्रपदा आर्द्रा पुनर्वसु पुष्य रेवती अश्विनी भरणी कृत्तिका रोहिणी मृगशिर और रवि भौमवार लेने और रिक्ता तिथी वर्जनीय है और गर्भाधानसे दूसरा महीना व तीसरा मास और धन कन्या मीन और स्थिर लग्नोंमें पुंसवनकर्मको करे और इनही नक्षत्र वा लग्नोंमें ये अष्टमासमें सीमंतकर्म करना शुभ कहाहै ॥

वारफलम्।

मृत्युश्चसौरेस्तनुहानिरिंदोः प्रजामृतिः पुंसवने बुधस्य ॥ काकी च वंध्याभवतीहशुक्रे स्त्रीपुत्रलाभोरविभौमजीवैः ॥

टीका—शनिवारको पुंसवन कर्म करे तो मृत्यु होय, चंद्रवारको शरीरका नाश, बुधवारको संतानननाश, शुक्रवारको काकवंध्या (एकवार

प्रसूति) और रवि भौम गुरु इन वारोंमें पुत्र प्राप्ति होय, परंतु स्त्रीके चंद्रमा शुभ होय दुष्ट योगादिक वर्जितहैं ॥ उक्त नक्षत्र आदिमें और शुभ दिवसमें पुंसवन कहिये गर्भकी पुरुषाकृति होना यह कर्म करावै और जिस मुहूर्तमें गर्भकी स्थिरता कहीहै उसीमें अनवलोभनभी कर्म उक्तहैं ॥

अन्यमते ।

चतुर्थषष्ठाष्टममासभाजिसौरेणगर्भेप्रथमंविधेयम् ॥
सीमंतकर्मद्विजभामिनीनां मासेष्टमेविष्णुबलिं च कुर्यात् ॥

टीका–प्रथम गर्भधारण होनेसे चतुर्थ षष्ठ अष्टम ऐसे समसौर मासोंमें आठ मासपर्य्यंत ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्योंकी स्त्रियोंका सीमंतकर्म और विष्णुबलि करना उचितहै ॥

सीमंतेतिष्यहस्तादितिहरिशशभृत्पौष्णाविद्ध्युत्तराख्या ॥
पक्षच्छिद्राचरिक्तापितृतिथिमपहायापराःस्युःप्रशस्ताः ॥

टीका–सीमंतकर्ममें पुष्य हस्त पुनर्वसु श्रवण मृगशिर रेवती रोहिणी तीनों उत्तरा ये नक्षत्र शुभहैं और पक्ष रंध्रतिथि रिक्तातिथी और अमावास्याको छोड शेष तिथि शुभ जानिये ॥

पक्षच्छिद्रातिथि ।

चतुर्दशीचतुर्थी च अष्टमीनवमीतथा ॥ षष्ठी च द्वादशी चैव पक्षछिद्राह्वयाःस्मृताः ॥ कर्मादितासुतिथिषुवर्जनीयाश्चनाडिकाः ॥ भूताष्टमनुतत्त्वांकदशशेषास्तुशोभनाः ॥

टीका--चतुर्दशीकी प्रथमकी ५ घटिका, और चौथकी ८ घटिका, अष्टमीकी १४ घटिका, षष्ठीकी ८ घटिका, द्वादशीकी १० घटिका वर्जनीयहैं और शेष घटी शुभहैं ॥

मासेश्वरज्ञानमाह !

मासेश्वराःसितकुजेज्यरवींदुसौरचन्द्रात्मजास्तनुपचंद्रदिवाकराःस्युः

मासेश्वरज्ञानार्थमासेशचक्रम्

१	२	३	४	५
स्वामी-शुक्र	स्वामी-भौम	स्वामी-गुरु	स्वामी-रवि-	स्वामी-चंद्र
६	७	८	९	१०
स्वामी-शनि	स्वामी-बुध	स्वा.गर्भाधा.ल	स्वामी-चंद्र	स्वामी-सूर्य

गर्भिणीधर्म ।

भूम्यांचैवोच्चनीचायामारोहणेवरोहणे ॥ नदीप्रतरणंचैवशक
टारोहणं तथा ॥ उग्रौषधंतथाक्षारं मैथुनंभारवाहनम् ॥ कृते-
पुंसवनेचैवगर्भिणीपरिवर्जयेत् ॥

टीका—पुंसवनकर्म होने उपरांत गर्भिणीको ऊंचे नीचे स्थानपर चढना उतरना, भागकर चलना, नदी तरना, गाडीपर बैठकर चलना, तीक्ष्ण अर्थात् गरम औषध नीरस क्षार आदि खाना, मैथुन, भार उठाना सर्व कर्म वर्जितहैं ॥

गर्भिणीप्रश्नः ।

नामाक्षराणित्रिगुणीकृतानि तुरंगदेशे तिथिमिश्रितानि ॥
अष्टौ च भागं लभते च शेषं समे च कन्या विषमेचपुत्रः॥

टीका—गर्भिणीके नामअक्षर तिगुनें करे तिनमें घोडाके नामाक्षर और देशके अक्षर मिलाके वर्तमान तिथि मिलावे और आठका भागदे शेष अंक सम बचें तो कन्या और विषम बचें तो पुत्र होय ॥

प्रसूतिस्थान प्रवेश नक्षत्र ।

रोहिण्यैन्दवपौष्णेषुस्वातीवारुणयोरपि॥ पुनर्वसौपुष्यहस्त-
धनिष्ठात्र्युत्तरासुच ॥ मैत्रेत्वाष्ट्रेतथाश्विन्यां सूतिकागारवे-
शनम् ॥ प्रसूतिसम्भवेकाले सद्यएवप्रवेशयेत् ॥

टीका—रोहिणी मृगशिर रेवती स्वाती शतभिषा पुनर्वसु पुष्य हस्त धनिष्ठा तीनों उत्तरा अनुराधा चित्रा अश्विनी ये नक्षत्र प्रसूतिका भवनके प्रवेशमें कहेहैं, प्रसूति समयमें ये नक्षत्रोंमें तत्काल प्रवेश करावे ॥

गर्भके लक्षण ।

कललं च घनंशाखास्थित्वंग्रोमोद्गमःस्मृतिः ॥
भुंक्तिरुद्वेगसंसूतिर्मासेष्वाधानतःक्रमात् ॥

टीका–गर्भाधानसे १० मास तक गर्भका रूप कहतेहैं; प्रथम १ मासमें कलल कहिये शुक्र रुधिर इसके संयोगसे पिंडित होताहै- २ मासमें घन कहिये वह पिंड दृढ होताहै- ३ मासमें वह पिंडमें शाखा कहिये हस्त और पाद उत्पन्न होतेहैं-४मासमें उसमें अस्थि-हाड होतेहैं-५मासमें उसपर त्वचा कहिये चमडा, ६ मासमें रोम कहिये केश होतेहैं, ७ मासमें स्मृति अर्थात् ज्ञान होताहै- ८ मासमें क्षुधा ९ नवमें मासमें उद्वेग अर्थात् गर्भस्थल उदरसे निकलनेकी इच्छा करताहै, १० मासमें प्रसव जानना चाहिये ॥

प्रसूतिसमयका प्रश्न ।

मीनेमेषेस्त्रियौद्वे च चतस्रो वृषकुंभयोः ॥ तुलाकन्यकयोः सप्तबाणाख्या धनकर्कयोः ॥ अन्यलग्नेभवेत्तिस्र एवं ज्ञेयं विचक्षणैः ॥ यथाराहुस्तथाशय्या भौमेखट्वांगभंगता ॥ रवि-स्थानेभवेद्दीपः शनिस्थाने तु नालकम् ॥

टीका--मीन अथवा मेष इन लग्नोंमें जो स्त्रीके प्रसव होय तो उससमय उसके निकट दो स्त्रियाँ और वृष कुंभ होयतो ४, तुला कन्या होयतो ७, धन ओर कर्कमें ५ अन्य लग्नोंमें तीन स्त्रियां जाननी चाहिये ॥ जन्मकुंड लीके मध्य जिस दिशामें राहु स्थित होय उसी दिशामें शय्या जाननी, जो लग्नमें मंगल बैठा होय तो खाटका अंगभंग जानिये; जिस स्थानमें रवि होय उसी दिशामें दीपक और जिस दिशामें शनि होय उसमें नालसमझना॥

तिथिगंडांत ।

पूर्णानन्दाख्ययोस्तिथ्योः संधिर्नाडीद्वयंतथा ॥
गंडांतंमृत्युदं जन्मयात्रोद्वाहव्रतादिषु ॥

टीका–पूर्णातिथि कहिये १५।५।१० और पडवा छठि एकादशी कहिये नंदा इनकी संधिकी दो २ घटी अर्थात् पूर्णिमा पंचमी दशमीके अंतकी एक २ और पडवा छठि एकादशीके आदिकी एक २ घटी गंडांतहै, यात्रा विवाह यज्ञोपवीतमें वर्जितहैं; करे तो मृत्यु होय ॥

लग्नगंडांत।

कुलीरसिंहयोः कीटचापयोर्मीनमेषयोः ॥
गंडांतमंतरालेस्याद्घटिकार्द्धंमृतिप्रदम् ॥

टीका–कर्क सिंह इन दोनों लग्नोंकी घटिका आधी और इस क्रमसे वृश्चिक और धन मीन मेष इनकी आदिकी घटी गंडांतमें शुभकर्म न करे ये मृत्यु देतीहैं

नक्षत्रगंडांत।

पौष्णाश्विन्योः सर्पपित्र्यर्क्षयोश्चयच्चज्येष्ठामूलयोरंतरालम् ॥
तद्गंडांतंस्याच्चतुर्नाडिकं हियात्राजन्मोद्वाहकालेष्वनिष्टम् ॥

टीका–रेवती अश्विनी इनकी संधिकी २ घटिका इसी क्रमसे श्लेषा मघा ज्येष्ठा मूल इनकी संधिके ४ घटिका वर्जनीय और ऐसेही तिथि लग्न और नक्षत्र ये त्रिविध गंडांत जानिये,यह यात्रा जन्मकाल और विवाहमें वर्जितहैं॥

जातक।

जन्मकालमें गंडांतका शुभाशुभफल।

अश्विनीमघमूलानां पूर्वार्द्धेबाध्यतेपिता ॥ पूषादिशाक्रप-श्चार्द्धेजननी बाध्यतेशिशुः ॥ सर्वेषांगंडजातानांपरित्या-गोविधीयते ॥ वर्जयेद्दर्शनंश्चावं तच्चषाण्मासिकंभवेत् ॥

टीका–अश्विनी मघा मूल इन नक्षत्रोंके पूर्वार्द्धमें जन्म होयतो पिताको अशुभ और रेवती ज्येष्ठा इन दोनों नक्षत्रोंके उत्तरार्द्धमें जन्म होय तो माताको अशुभ और गंडांतमें जन्म होय तो शिशुका त्याग करना योग्यहै अथवा छःमासतक पुत्रको नदेखे ॥

कृष्णचतुर्दशीकाजन्मफल ।

कृष्णपक्षेचतुर्दश्यांप्रसूतेः षड्विधंफलम् ॥चतुर्दश्याश्चषड्भा-
गान् कुर्यादादौ शुभंस्मृतम् ॥ द्वितीये पितरं हंति तृतीयेमा-
तरंतथा॥चतुर्थेमातुलंहंति पंचमेवंशनाशनम् ॥ षष्ठे च धन-
हानिःस्यादात्मनोवंशनाशनम् ॥

टीका–जो कृष्णचतुर्दशीको जन्म होयतो तिथिके छःखंड दश २ घटिकाके करे जो प्रथम खंडमें जन्म होयतो शुभ, द्वितीयमें पिताको अशुभ, तृतीयमें माताको अशुभ, चतुर्थमें मामाको अशुभ, पंचममें वंश-नाश, छःमें धनहानिकारक और अपने वंशका नाशक जानिये ॥

अमावास्याकेजन्मकाफल ।

सिनीवाल्यां प्रसूताश्चदासीभार्यापशुस्तथा ॥ गजोश्वोमहि-
षीचैव शक्रस्यापिश्रियंहरेत् ॥ कुहूप्रसूतिरत्यर्थं सर्वदोषक-
रीस्मृता ॥ यस्यप्रसूतिरेतेषां तस्यायुर्धननाशनम् ॥ सर्वगंड-
समस्तत्रदोषस्तुप्रबलोभवेत् ॥

टीका–चतुर्दशीयुक्त अमावास्याको दासी अथवा भार्या गाय हस्तिनी घोडी भैंस जो प्रसूता होय तो इंद्रकी भी सम्पत्ति हरलेतेहैं और ठीक अमावास्याको प्रसूता हो तो बहुतसे दोष लगें और जिसकी इनमें प्रसूति होय उसकी आयुधनका नाश होय और गंडांतमें प्रसूति होयतो बहुतसे दोष जानिये ॥

दिनक्षयादिकफलम् ।

दिनक्षयेव्यतीपातेव्याघातेविष्टिवैधृतौ ॥ शूलेगंडेतिगंडेच
परिघे यमघंटके ॥ कालगंडेमृत्युयोगेदग्धयोगेसदारुणे ॥
तस्मिन्गंडदिनेप्राप्ते प्रसूतिर्यदिजायते॥अतिदोषकरी प्रोक्ता-
तत्रपापयुतासती ॥

टीका–दिनक्षय व्यतीपात व्याघात भद्रा वैधृति शूल गंड अतिगंड परिघार्द्ध यमघंट कालगंड मृत्युयोग दग्धयोग दारुणयोग इनमें जन्म होय तो भारी पाप लगे ऐसी प्रसूति स्त्रीको पापायुक्त जानिये ॥

ज्येष्ठानक्षत्रफल।

ज्येष्ठादौजननेमाताद्वितीयेजननेपिता॥तृतीयेजननेभ्रातास्वयं मांताचतुर्थके॥आत्मानं पंचमेहंतिषष्ठे गोत्रक्षयोभवेत्॥सप्त मेचोभयकुलंज्येष्ठभ्रातरमष्टमे॥नवमेश्वशुरंचैवसर्वंहंतिदशांशके॥

टीका–ज्येष्ठा नक्षत्रमें जो जन्म होयतो उस नक्षत्रकी छःघटियोंके दशभाग समान करे तिसका फल, प्रथमभाग माताको अशुभ, दूसरा पिता-को, तीसरा मामाको, चौथा माताको, पांचवा शिशुको, छठा भाग गोत्र-जोंको, सातवाँ पिता, नानाके परिवारको, आठवाँ बडे भ्राताको, नवम श्वशुरको, दशवां सर्व जनोंको बुराहै॥

मूलनक्षत्रफल।

मूलस्तंभंत्वक् च शाकापत्रंपुष्पंफलंशिखा॥वेदाश्वमुनयश्चैव दिशश्ववसवस्तथा॥ नंदाबाणरसारुद्रामूलभेदाः प्रकीर्तिताः॥ मूलेमूलविनाशायस्तंभे हानिर्धनक्षयः॥ त्वचिभ्रातृविनाशाय शाखामातुर्विनाशकृत्॥पत्रेसपरिवारःस्यात्पुष्पेषुनृपवल्लभः॥ फलेषुलभतेराज्यं शाखायामल्पजीवितम्॥

टीका–मूल नक्षत्रको मूल वृक्ष कल्पना करते हैं तिस्की ६० घटीके स्थान इस भाँति हैं, प्रथम ४घटिका वृक्षका मूल, तिनमें जन्म होय तो नाश, दूसरा भाग७ घटिका स्तंभ तिनमें हानि और धनका नाश, तीसरा भाग१० घटिका वृक्षको त्वचा तिनमें भ्राताको अशुभ होय, चौथा भाग ८ घटिका शाखा तिनमें माताको अशुभ, पांचवाँ भाग ९ घटी वृक्षके पत्र तिनमें परि-वारनाश, छठा भाग ५ घटी पुष्प तिनमें राजमंत्री, सातवाँ भाग ६ घटी फल तिनमें राज्यप्राप्ति, आठवां भाग ११ घटिका वृक्षकी शाखा तिनमें जन्म होयतो शिशु अल्पायु होय, ऐसे आठ स्थानका फल जानिये॥

जन्मकालमेंमूलनक्षत्रकिसलोकमेंहैइसकेजाननेकालग्न।

वृषालिसिंहेषुघटे च मूलं दिविस्थितंयुग्मतुलाङ्गनांत्ये॥

पातालगंमेषधनुःकुलीरनक्रेषुमर्त्येष्वितिसंस्मरंति ॥

टीका—वृष सिंह कुंभ वृश्चिक लग्नोंमें जन्महोय तो उस दिन मूल नक्षत्र स्वर्गमें होताहै तिसका फल राज्यप्राप्ति और मिथुन तुला मीनमें मूल पातालमें जानिये तिसका फल धनप्राप्ति और मेष धन कर्क मकर इनलग्नोंमें मूल मृत्युलोकमें होताहै इस्का फल कुटुंबनाश यह १२ लग्नोंका फलहै ॥

आश्लेषानक्षत्रस्यनराकारचक्रम् ।

मूर्द्धास्यनेत्रगलकांसयुगं च बाहुहृज्जानुगुह्यपदामित्यहिदेह-भागः ॥ बाणाद्रिनेत्रहुतभुक्श्रुतिनागरुद्रषण्नंदपंचाशिरसः क्रमशस्तुनाड्यः ॥ राज्यंपितृक्षयोमातृनाशः कामक्रियार-तिः पितृभक्तोबली स्वघ्नस्त्यागीभोगीधनीक्रमात् ॥

टीका—आश्लेषा नक्षत्रकी घटिकायोंको नराकार चक्रमें स्थापन कर-नेमें प्रथम ६ घटिका मस्तक तिनका फल राज्यप्राप्ति, द्वितीय ७ घटी मुख तिनका फल पिताका नाश, तीसरा विभाग दो घडी तिनका फल माताका नाश, चौथे ३ घटिका ग्रीवा तिनका फल परस्त्रीरत, पांचवां भाग ४ घटी दोनों कांधे तिनका फल पितृभक्त, छठा भाग ८ घटी दोनों बाहु तिनका फल बली ७ भाग ११ घटी हृदय तिनका फल आत्मघाती आठवाँ भाग ६ घटी दोनों जानु तिनका फल त्यागी, नौवाँ विभाग ९ घटिका गुह्य तिसका फल भोगी, दशवां भाग ५ घटी दोनों पांव तिनका फल धनवान्, जिस विभागमें जन्म होय जिसका फल स्थानानुसार कहना योग्य है ॥

जन्मसमयमेंसूर्यादिग्रहोंकाफल ।

तनुस्थान ॥ लग्नस्थितोदिनकरःकुरुतेंगपीडांपृथ्वीसुतोवि-तनुतेरुधिरप्रकोपम् ॥ छायासुतः प्रकुरुतेबहुदुःखभाजंजीवें-दुभार्गवबुधाःसुखकांतिदाःस्युः ॥ धनस्थान ॥ दुःखावहाध-नविनाशकराः प्रदिष्टावित्तस्थितारविशनैश्चरभूमिपुत्राः ॥ चंद्रोबुधःसुरगुरुर्भृगुनंदनोवा नानाविधं धनचयंकुरुतेधन-

मूलार्द्राश्रवणाद्विदैववसुभे पुष्येतथाचाश्विभे रेवत्यांमृगरोहिणी दितिकरे मैत्रेतथावारुणे ॥ चित्रास्वातिमथोत्तराभृगुसुते भौमे तथा चांद्रजे शूद्राणांतुबुधैः शुभंहिकथितं संस्कारकर्मोत्तमम् ॥

टीका–मूल आर्द्रा श्रवण विशाखा धनिष्ठा पुष्य अश्विनी रेवती मृगशिर रोहिणी पुनर्वसु हस्त अनुराधा शतभिषा चित्रा स्वाती तीनों उत्तरा ये नक्षत्र और शुक्र भौम बुध ये वार शूद्रादिक संकरअंत्यजातिके संस्कारमें शुभ जानिये ॥

विवाहप्रकरणम्।

तत्रादौदैवज्ञपूजनम् ॥ दैवज्ञंपूजयेदादौ फलतांबूलपूर्वकम्।
निवेदयेत्सुमनसास्वकन्योद्वाहनादिकम् ॥

टीका–प्रथम ज्योतिषीकी यथाशक्ति फल तांबूलपूर्वक पूजा करना तिसके पीछे कन्याका पिता कन्याके विवाहका शुभाशुभ प्रश्न करे ॥

विवाहसमयेप्रश्नमाह।

विषमभांशगतौ शशिभार्गवौ तनुगृहे बलिनौ यदिपश्यतः ॥
रचयतोवरलाभमिमौयदा युगलभांशगतौ युवतिप्रदौ ॥

टीका–जो प्रश्नकालमें चंद्र शुक्र यह विषम राशिमें होंय वा अंशमें होय और दोनोंबली होयके लग्नको देखते होंय तो कन्याको पतिप्राप्ति जानना और समराशिमें वा अंशमें चंद्र शुक्र होंय तो वरको स्त्रीप्राप्ति कहना शुभहै ॥

प्रष्टुर्विलग्नात्प्रबलःशशांकः शत्रुस्थितो मृत्युग्रहस्थितोवा।
यद्यष्टमाब्दात्परतोविवाहात्करोतिमृत्युंवरकन्ययोश्च ॥

टीका—जो प्रश्न लग्नसे बलवान् चंद्रमा षष्ठ अथवा अष्टम स्थानमें बैठा होय तो विवाहसे अष्टम वर्षमें स्त्री पुरुष दोनोंको अरिष्ट जानना ॥

यद्युदयस्थश्चंद्रस्तस्माद्यदिसप्तमोभवेद्भौमः ।
समाष्टकंसजीवातिविवाहकालात्परंपुरुषः ॥

टीका—जो प्रश्नलग्नमें चंद्रमा होय और चंद्रमासे सप्तम स्थानमें मंगल होय तो विवाहसे अष्टम वर्षमें पतिको अरिष्ट जानना ॥

स्वनीचगःशत्रुदृष्टः पापः पंचमगोयदा ॥
मृतपुत्रांकरोत्येव कुलटांवानसंशयः ॥

टीका—जो प्रश्नकालमें पापग्रह अपने नीचस्थानमें होय अथवा शत्रु-ग्रह देखते होंय अथवा पापग्रह पंचमस्थानमें बैठा होय तो संतानका नाश और स्त्री वेश्या होय ऐसा जानना ॥

भिद्यातियद्युदकुंभः शयनासनपादुकाशुभंगोवा ।
प्रश्नसमयेपियस्यास्तस्यावधव्यमादेश्यम् ॥

टीका--जो विवाहप्रश्नकालमें अकस्मात् जलकुंभका भंग होय अथवा निद्रानाश; आसनभंग; पादुकाभंग, ऐसा जिस कन्याके विवाहप्रश्नसमयमें होय तो उसको विधवायोग जानना ॥

अज्येष्ठाकन्यकायत्र ज्येष्ठपुत्रोवरोयादि ॥
व्यत्ययोवातयोस्तत्र ज्येष्ठोमासः शुभप्रदः ॥

टीका--जो कन्या ज्येष्ठ न होय और पुरुष ज्येष्ठ होय ऐसा दोनोंका भेद होय तो ज्येष्ठमासमें विवाह करना शुभ है ॥

वर्षप्रमाणमाह ।

षडब्दमध्येनोद्वाह्याकन्यावर्षद्वयंततः ॥
सोमोभुंक्ततस्तद्वद्गंधर्वश्चतथानलः ॥

टीका--प्रथम ६ वर्षतक कन्याका विवाह नहीं करना कारण यहहै कि, प्रथम २ वर्ष चंद्रमा भोग करताहै, अनंतर दोवर्ष गंधर्व भोग करतेहैं, अनंतर २ वर्ष अग्निदेव भोग करता है, तदनंतर विवाहको शुद्ध जानना ॥

अष्टवर्षाभवेद्गौरी नववर्षातुरोहिणी ॥ दशवर्षाभवेत्कन्या द्वादशेवृषलीमता ॥ गौरीदानान्नागलोकं वैकुंठंरोहिणींददत् ॥
कन्यादानाद्ब्रह्मलोकं रौरवंतुरजस्वलाम् ॥

टीका—आठ वर्षकी कन्या होय तब उसका नाम गौरी, नव वर्षकी कन्या रोहिणीसंज्ञा, दश वर्षकी होय तो उसका नाम कन्या, जो बारह वर्षकी होय तो उसे शूद्री नाम जानना, इसका फल गौरीदानसे नागलोकप्राप्ति, रोहिणीदानसे वैकुंठप्राप्ति, कन्यादानसे ब्रह्मलोकप्राप्ति, शूद्रीदानसे घोर नरकप्राप्ति होय ॥

विवाहोजन्मतःस्त्रीणां युग्मेऽब्देपुत्रपौत्रदः ॥
अयुग्म श्रीप्रदंपुंसां विपरीते तु मृत्युदः ॥

टीका—स्त्रीका विवाहकाल जन्मसे सम वर्षमें करना तो पुत्रपौत्रप्राप्ति, और पुरुषका जन्मसे विषम वर्षमें विवाह होय तो लक्ष्मीप्राप्ति, इससे विपरीत होय तो मृत्युप्राप्ति जानना ॥

कन्याद्वादशवर्षाणि याऽप्रदत्तावसेद्गृहे ॥
ब्रह्महत्यापितुस्तस्याः साकन्यावरयेत्स्वयम् ॥

टीका—कन्या १२ वर्षकी होय और पिताके घरमें रहै तो पिताको ब्रह्महत्या प्राप्त, होय नंतर कन्या अपनी इच्छासे पति करे ऐसा आचार्य कहतेहैं.

मंगलविचार।

लग्नेव्ययेचपाताले यामित्रेचाष्टमेकुजे ॥
पत्नीहंतिस्वभर्तारं भर्ताभार्याविनाशयेत् ॥

टीका—स्त्रीको और पुरुषको मंगल रहताहै तिसका प्रकार १।१२।४।७।८इतने स्थानोंमें मंगल होय तो स्त्री मंगली कहना और मंगलीसे मंगलीको विवाह करना अथवा पुरुषके ग्रह बलवान् होंय तोभी करना ॥

भौमपरिहार।

यामित्रेचयदासौरिर्लग्नेवाहिबुकेथवा ॥
नवमेद्वादशेचैव भौमदोषोनाविद्यते ॥

टीका-स्त्रीको अथवा पुरुषको ७।१।४।९।१२। जो इतने स्थानोंमें शनि होय तो मंगलका दोष नहीं जानना ॥

ज्येष्ठविचार ।

द्विज्येष्ठौमध्यमौप्रोक्तावेकज्येष्ठःशुभावहः ॥
ज्येष्ठत्रयंनकुर्वीत विवाहे सर्वसम्मतः ॥

टीका-पुरुष ज्येष्ठ अथवा कन्या ज्येष्ठ होय अथवा ज्येष्ठ मास होय ऐसा दो ज्येष्ठमें करना मध्यम समझतेहैं और एक ज्येष्ठमें करना शुभहै, और पुरुष ज्येष्ठ स्त्री ज्येष्ठ मासमें ज्येष्ठ जो तीनों होय तो विवाह नहीं चाहिये ।

ज्येष्ठायाःकन्यकायाश्च ज्येष्ठपुत्रस्यवैमिथः ॥
विवाहोनैवकर्त्तव्यो यदिस्यान्निधनंतयोः ॥

टीका-प्रथम गर्भमें ज्येष्ठ जो स्त्री होय उसको कहना, जो पुरुष ज्येष्ठ होय और कन्याभी ज्येष्ठ होय तो विवाह नहीं करना यह दुःखदायक होताहै ॥

दशवर्षव्यतिक्रांता कन्याशुद्धिविवर्जिता ॥
तस्यास्तारेन्दुलग्नानां शुद्धौपाणिग्रहोमतः ॥

टीका-दशवर्षके अनंतर कन्या शुद्धिसे रहित होतीहै तो ताराशुद्धि चंद्रशुद्धि लग्नशुद्धि देखके विवाह करना शुभ है ॥

कन्यालक्षणमाह ।

हंसस्वरां मेघवर्णां मधुपिंगललोचनाम् ॥
तादृशींवरयेत्कन्यां गृहस्थःसुखमेधते ॥

टीका-स्त्रीका लक्षण स्त्रीका मीठा हँसके बोलना ऐसा होय और मेघकासा वर्ण होय नेत्रका वर्ण शहतके तुल्य हो अथवा पिंगल कहिये कुछ सफेद कुछ काला होय ऐसी कन्यासे विवाह करे तो गृहस्थ सुख पाताहै ॥

वरलक्षणमाह ।

जातिविद्यावयःशीलमारोग्यंबहुपक्षता ॥
अर्थित्वंवित्तसंपत्तिरष्टावेतेवरेगुणाः ॥

टीका–पुरुषका लक्षण–जातिमें उत्तम होय और विद्यायुक्त वयमें वृद्धित्व होय और स्वभाव अच्छा होय और निरोगी-परिवार बहुत होय स्त्रीकी इच्छा होय, धन संपत्ति होय, ऐसे आठ लक्षणसे युक्त वर होय तो कन्या देना चाहिये ॥

वरदोषमाह।

दूरस्थानामविद्यानां मोक्षधर्मानुवर्तिनाम् ॥
शूराणांनिर्धनानांच न देया कन्यकाबुधैः ॥

टीका–पुरुषके दूर रहनेवालेको कन्या देना नहीं, मूर्खको देना नहीं, मोक्षधर्मयोगाभ्यासादिक करै उसको देना नहीं, दरिद्री असमर्थको देना नहीं, ऐसा पंडितजनोंने कहाहै ॥

अस्तोदय।

प्रागुद्गतः शिशुरहस्त्रितयं सितःस्यात्पश्चाद्दशाहमिहपंचदि- नानिवृद्धः ॥ प्राक्पक्षमेवगदितोत्र वसिष्ठमुख्यैर्जीवस्तुप- क्षमपिवृद्धशिशुर्विवर्ज्यः ॥

टीका–पूर्वमें शुक्रका उदय होय तो तीन दिन शिशुत्व और अस्त होय तो वृद्धत्व पंद्रह दिन वर्जित और पश्चिमको उदय होय तो पांच दिन शिशु- पन और १० दिन वर्जितहैं और गुरुके उदय अस्तमें १५ दिन वर्जनीयहैं.

अस्त और उदयका लक्षण।

यमशरभुजवासरवज्रिणोदिशिद्विसप्तसितास्तमनंतथा ॥
गगनबाणयमैर्दिशिपश्चिमेनवदिनास्तमनंतु भृगोर्बुधैः ॥

टीका–२५२ दिन शुक्रका अस्त पूर्वदिशामें होताहै, और उसका उदय ७२ वें दिवस पश्चिममें होताहै, और २५० दिवस पश्चिममें अस्त होताहै तिसका उदय ५९ वें दिन पूर्वमें होताहै यह पंडितोंने कहाहै ॥

अस्तमेंवर्जनीयकर्म।

वापीकूपतडागयज्ञगमनं क्षौरं प्रतिष्ठाव्रतं विद्यामन्दिरकर्णवेधन-

महादानं गुरोस्सेवनम् ॥ तीर्थस्नानविवाहकाम्यहवनं मंत्रोपदेशं शुभं दूरेणैववजिर्जाविषुः परिहरेदस्ते गुरौ भार्गवे ॥

टीका—बावडी कूप तडाग अर्थात् तालाब यज्ञ और यात्रा करना चौल अर्थात् मुण्डन देवप्रतिष्ठा यज्ञोपवीत विद्यारंभ नूतन गृहप्रवेश बालकका कर्णवेध महादान गुरुसेवा तीर्थस्नान विवाह उत्तम कर्म मंत्रोपदेश ये कर्म जीवनेकी इच्छा रखनेवाला पुरुष गुरुशुक्रके अस्तमें दूरही वर्जित करे ॥

विवाहेवर्जनीयम् ।

नाषाढप्रभृतिचतुष्टये विवाहो नोपौषेनचमधुसंज्ञकेविधेयः ॥ नैवास्तंगतवति भार्गवेचजीवेवृद्धत्वेनखलुतयोर्नबालभावे ॥ गीर्वाणमंत्रिणिमृगेंद्रमधिष्ठितेनमासेधिके त्रिदिनसंस्पृशिनामभेच ॥

टीका—आषाढ आदिलेके ४ मास और पौष चैत्र मास और गुरु शुक्रका अस्त और इन दोनोंका वृद्धत्व और बालत्व और सिंहका बृहस्पति, अधिक मास तथा क्षयमास ये सब विवाहमें वर्जितहैं ॥

मूलादिजन्मनक्षत्रकादोष ।

मूलजाचशुणं हंति व्यालजाकुलटांगना ॥
विशाखजादेवरघ्नीज्येष्ठाजाज्येष्ठनाशिका ॥

टीका—मूल नक्षत्रमें कन्याका जन्म होय तो गुणोंका नाश करे, आश्लेषामें व्यभिचारिणी, विशाखामें देवरका मृत्युकारक, और ज्येष्ठामें ज्येष्ठ बंधुको मृत्युदायक होतीहै ॥

जन्मनक्षत्रादिवर्ज्यम् ।

जन्मर्क्षेजन्मादिवसेजन्ममासे शुभंत्यजेत् ॥ ज्येष्ठेमासाद्यगर्भस्यशुभ्रवस्त्रंस्त्रियायथा ॥ अज्येष्ठाकन्यकायत्रज्येष्ठपुत्रोवरोयदि ॥ व्यत्ययोवातयोस्तत्रज्येष्ठोमासःशुभप्रदः ॥

टीका—जन्मके नक्षत्र दिवस और मासमें बालकोंका शुभ कर्म वर्जित है जैसे स्त्रियोंको श्वेतवस्त्र धारण करना और जो कन्या कनिष्ठ होय तथा वर ज्येष्ठ होय अथवा इससे विपरीत होय तो ज्येष्ठ मासमें विवाह शुभहै ॥

अथ वर्षसारणीयम् ॥

वर्ष	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६
वार	१	२	३	५	६	७	१	३	४	५	६	१	२	३	३	६
घटी	१५	३१	४६	२	१७	३३	४८	४	१९	३५	५०	८	२१	३७	५२	८
पल	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१३	४६	१८	४९	२१	५२	२४
ऽक्ष	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	१	३०	०	३०	०	३०	०
तिथि	११	२	३	१४	२५	६	१७	२८	९	२७	१	१२	२३	३	१५	२७
नक्षत्र	८	१८	१	११	२१	४	१४	२४	७	२०	३	१०	२०	४	१३	२३

वर्ष	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	३२
वार	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२	४	५
घटी	२३	२९	५४	१०	२६	४१	५७	१२	२८	४६	५९	१४	३०	४५	१६	१६
पल	५५	२७	५८	३०	१	३३	४	३६	७	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८
ऽक्ष	३०	०	३	०	३०	०	३०	०	३०	०	३	०	३०	०	३०	०
तिथि	८	१९	०	११	२२	३	१४	२५	६	१७	२८	९	२०	१	१३	२४ २१
नक्षत्र	६	१६	२३	९	२९	२	२२	२२	५	१५	२५	८	१८	११	११	३

वर्ष	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८
वार	६	०	२	३	४	५	०	१	२	३	५	६	०	१	३	४
घटी	३२	४७	३	१८	३४	४९	५	२१	३६	५२	७	२३	३८	५४	९	२५
पल	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	०	३७	३	३४	६	३७	९	४०	१२
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	३	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०
नक्षत्र	५	१६	२७	८	१९	०	११	२२	३	१५	२५	६	१७	२९	१०	२१
लग्न	४	१४	२४	७	१७	१०	१०	२०	३	१३	२३	०	१६	२६	९	९
अंश	६	९	३	१३	६	२	०	४	७	१०	१	४	७	१०	१	४

वर्ष	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०	६१	६२	६३	६४
वार	५	६	१	२	४	४	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३
घटी	२४	५६	११	२७	४२	५८	१३	२९	४४	०	१५	५१	४७	२	२८	३३
पल	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	३७	५८	३०	१	३३	४	३६
त्रिपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०
नक्षत्र	२	१३	२४	५	१६	२७	८	२९	१	११	२२	४	१५	३६	७	१८
लग्न	२	१२	२२	५	१५	२५	२	१८	०	११	२१	४	४	१४	७	१७
अंश	७	११	२	५	०	११	१२	५	८	११	२	६	९	०	०	६

वर्ष	६५	६६	६७	६८	६९	७०	७१	७२	७३	७४	७५	७६	७७	७८	७९	८०
वार	४	६	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२
घटी	४९	४	२०	३५	५१	६	२२	३७	५३	८	२४	३९	५५	१०	२६	४२
पल	७	३९	१०	४२	५३	४५	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	५
त्रिपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०
नक्षत्र	३९	१०	३१	२	१३	२४	५	१६	२७	९	२०	१	१२	२३	४	१५
लग्न	०	१०	२०	३	१३	२३	६	१६	२६	९	१९	२	१२	२२	५	२५
अंश	९	२	३	६	१०	१	४	५	१०	०	४	७	१०	१	५	८

वर्षप्रमाण ।

जन्मतोगर्भाधानाद्वा पंचमाब्दात्परंशुभम् ॥
कुमारीवरणंदानं मेखलाबंधनंतथा ॥

टीका—जन्म होनेसे अथवा गर्भधारणसे पंचम वर्ष उपरांत कन्याका वरना अथवा दान और व्रतबंध उत्तम जानिये ॥

गुरुचंद्रबल ।

स्त्रीणांगुरुबलंश्रेष्ठं पुरुषाणांरवेर्बलम् ॥
तयोश्चन्द्रबलं श्रेष्ठमिति गर्गेणभाषितम् ॥

टीका—स्त्रियोंको गुरुका बल और पुरुषोंको रविका और दोनोंको चंद्रमाका बल गर्गमुनिने श्रेष्ठ कहाहै ॥ १ ॥

गुरुकाबल ।

नष्टात्मजाधनवती विधवाकुशीलापुत्रान्विता हतधवा सुभगा विपुत्रा ॥ स्वामिप्रियाविगतपुत्रधवाधनाढ्या वंध्याभवेत् सुरगुरौक्रमशोभिजन्म ॥

टीका—जो कन्याके जन्मस्थानमें बृहस्पति होय तो विवाहके अनंतर बालकोंकी मृत्यु होय, द्वितीयमें धनवती, तृतीयमें विधवा, चतुर्थमें व्यभिचारिणी; पंचममें पुत्रवती; षष्ठमें पतिनाश, सप्तममें सौभाग्यवती, अष्टममें पुत्रहीन, नवममें पतिप्रिया, दशममें बालकनाश और एकादशमें पति धनाढ्य, द्वादशमें बांझ, ऐसे क्रमसे फल जानिये ॥

गुरुअनुकूलकरनेकाविचार ।

जन्मत्रिदशमारिस्थः पूजयाशुभदोगुरुः ॥
विवाहेच चतुर्थाष्टद्वादशस्थोमृतिप्रदः ॥

टीका—जन्मस्थ तृतीय षष्ठ और दशमस्थानी गुरु नेष्टहै परंतु पूजा करनेसे शुभ फलदायक होताहै और चौथा अष्टम द्वादशस्थ मृत्यु करताहै ये विचार विवाहमें देखना उचित है ॥

अष्टमैत्रीज्ञानम् ।

वर्णोवश्यंतथातारा योनिर्ग्रहगणौतथा ॥

भकूटंनाडिमैत्रीचइत्येताश्चात्रमैत्रिकाः ॥

टीका—वर्ण वश्य तारा योनि ग्रह गण भकूट नाडी और मैत्री आदि आठनको शुद्ध विवाहमें विचार लेना योग्य है ॥

वर्णादिकोंका ज्ञान ।

मीनालिकर्कटाविप्रानृपाः सिंहाजधन्विनः ॥ कन्यानकवृषा वैश्याशूद्रायुग्मतुलाघटाः ॥ वश्योंका ॥ द्वंद्वचापघटकन्यकातुलामानवाअजवृषौचतुष्पदौ ॥ कर्कमीनमकराजलोद्भवाः केसरीवनचरालिकीटका ॥

वश्यावश्यज्ञानमाह ।

हित्वानृगेंद्रनरराशिगते च वश्याः सर्वे तथैषां जलजाश्चभक्ष्याः ॥ सर्वेपिसिंहस्यवशेविनालिं ज्ञेयं नराणांव्यवहारतोऽन्यत् ॥

इन तीनों श्लोकोंकी टीका चक्रसे यथाक्रमसे समझ लेना ।

ताराबलम् ।

कन्यर्क्षाद्वरभंयावत्कन्याभंवरभादपि ॥
गणयेन्नवभिः शेषेत्रिष्वद्रिभमसत्स्मृतम् ॥

टीका—वधूनक्षत्रसे वरनक्षत्रतक जो नक्षत्र संख्यामें होंय तामें नवके अंकका भाग देय जो शेष तीन आवें तो अथवा पाँच—सात रहें तो अशुभ और सब शुभ होतेहैं-ऐसेही वरनक्षत्रसे वधूनक्षत्रतक गिनके पूर्ववत् प्रमाण लिखे अनुसार जानना ॥

योनि ।

अश्वोगजश्छागसर्पौसर्पश्वानविडालकाः ॥ मेषोविडालकश्चैवमूषकोमूषकश्चगौः ॥ महिषीचततोव्याघ्रोमहिषोव्याघ्रकं क्रमात् ॥ मृगोमृगस्तथाश्वाचकपिर्नकुलएवच ॥ नकुलोवानरस्सिंहस्तुरगोमृगराट्पशुः ॥ अथोरेणक्रमेणैव अश्विन्यादिभयोनयः ॥ वैरयोनि ॥ गोव्याघ्रंगजासिंहमश्वमाहिषं श्वैणंच बभ्रूरगं वैरं वानरमेषयोश्च सुमहत्तद्वद्बिडालोन्दुरु ॥ लोकानां

व्यवहारतोन्यदपितज्ज्ञात्वाप्रयत्नादिदंदंपत्योर्नृपभृत्ययोरपि सदावर्ज्यंशुभस्यार्थिभिः ॥ राश्यधिप ॥ मेषवृश्चिकयोर्भौमः शुक्रोवृषतुलाधिपः ॥ कन्यामिथुनयोः सौम्योगुरुस्तुधनमीनयोः ॥ शनिर्नक्रस्यकुंभस्यकर्कस्यैवतुचंद्रमाः ॥ सिंहस्याधिपतिः सूर्यःकथितोगणकैःक्रमात् ॥ गण ॥ अनुराधामृगोश्विस्तुश्रवणोदितिपुष्यके ॥ स्वातीहस्तोरेवती च नवदेवगणाःस्मृताः ॥ पूर्वात्रयंरोहिणी च उत्तरात्रयमेवच ॥ आर्द्रा तुभरणीचैवनवैते मानुषागणाः॥आश्लेषाशतभिष्मूलविशाखाः कृत्तिकामघा ॥ चित्राज्येष्ठाधनिष्ठाचनवैतेराक्षसागणाः ॥

अंत्यनाडी ।

कृत्तिकारोहिणी स्वाती मघाश्लेषाचरेवती ॥
श्रवणश्चोत्तराषाढा विशाखा त्वंत्यनाडिका ॥

मध्यनाडी ।

पूर्वाफाल्गुनिका चित्रा धनिष्ठाभरणीमृगाः ॥
पूर्वाषाढानुराधाच पुष्योहिर्बुध्न्यमेवच ॥

आद्यनाडी ।

पूर्वाभाद्रपदामूलं ज्येष्ठाहस्तःपुनर्वसुः ॥ अश्विन्यार्द्राशतभिकूचोत्तरात्वेकनाडिका ॥ अश्विनीभरणी कृत्तिकापादंमेषः ॥ कृत्तिकात्रयंरोहिणी मृगाशिरार्द्धंवृषभः ॥ मृगाशिरार्द्धं मार्द्रापुनर्वसुत्रयं मिथुनः ॥ पुनर्वसोःपादंपुष्य आश्लेषांतंकर्कटकः ॥ मघापूर्वा उत्तरापादं सिंहः ॥ उत्तरात्रयं हस्तचित्रार्द्धं कन्या ॥ चित्रार्द्धंस्वातीविशाखात्रयस्तुला ॥ विशाखा पादअनुराधा ज्येष्ठांतं वृश्चिकः॥मूलपूर्वाषाढा उत्तराषाढापादं धनुः ॥ उत्तराषाढात्रयं श्रवण धनिष्ठार्धं मकरः ॥ धनिष्ठार्द्धं शततारका पूर्वाभाद्रपदत्रयः कुंभः ॥ पूर्वाभाद्रपदापाद उत्तराभाद्रपदा रेवत्यंतंमीनः ॥

टीका–सवा दो नक्षत्र एक राशि भोगतेहैं इस प्रमाणसे द्वादश राशिके भोगका क्रम और अंत्य–मध्य–आदिनाडीका क्रम चक्रसे प्रतीत होगा ॥

राशिअनुसार घटितमान

राशि	वर्ण	वश्य	स्वामी
मेष	क्षत्रिय	चतुष्पद	भौम
वृषभ	वैश्य	चतुष्पद	शुक्र
मिथुन	शूद्र	मानव	बुध
कर्क	विप्र	जलचर	चंद्र
सिंह	क्षत्रिय	वनचर	रवि
कन्या	वैश्य	मानव	बुध
तूल	शूद्र	मानव	शुक्र
वृश्चिक	विप्र	कीटक	भौम
धन	क्षत्रिय	मानव	गुरु
मकर	वैश्य	जलचर	शनि
कुंभ	शूद्र	मानव	शनि
मीन	ब्राह्मण	जलचर	गुरु

नक्षत्रअनुसार घटितमान

नक्षत्र	योनि	वैरयोनि	गणः	नाडी
अश्विनी	अश्व	भैंस	देव	आद्य
भरणी	गज	सिंह	मनुष्य	मध्य
कृत्तिका	मेंढा	वानर	राक्षस	अंत्य
रोहिणी	सर्प	नौला	मनुष्य	अंत्य
मृग	सर्प	नौला	देव	मध्य
आर्द्रा	श्वान	हरिण	मनुष्य	आद्य
पुनर्वसु	मार्जार	मूसा	देव	आद्य
पुष्य	मेंढा	वानर	देव	मध्य
आश्लेषा	मार्जार	मूसा	राक्षस	अंत्य
मघा	मूसा	मार्जार	राक्षस	अंत्य
पूर्वा	मूसा	मार्जार	मनुष्य	मध्य
उत्तरा	गौ	व्याघ्र	मनुष्य	आद्य
हस्त	भैंस	अश्व	देव	आद्य
चित्रा	व्याघ्र	गाय	राक्षस	मध्य
स्वाती	भैंस	अश्व	देव	अंत्य
विशाखा	व्याघ्र	गाय	राक्षस	अंत्य
अनुराधा	हरण	श्वान	देव	मध्य
ज्येष्ठा	मृग	श्वान	राक्षस	आद्य
मूल	श्वान	हरिण	राक्षस	आद्य
पूर्वाषाढा	वानर	मेंढा	मनुष्य	मध्य
उत्तराषा	मुंगस	सर्प	मनुष्य	अंत्य
अभिजित्	नकुल	सर्प	मनुष्य	अंत्य
श्रवग	वानर	मेंढा	देव	अंत्य
धनिष्ठा	सिंह	गज	राक्षस	मध्य
शततारका	अश्व	भैंस	राक्षस	आद्य
पूर्वाभाद्रप	सिंह	सिंह	मनुष्य	आद्य
उत्त.भाद्र	पशु	व्याघ्र	मनुष्य	मध्य
रेवती	गज	सिंह	देव	अंत्य

नवपंचक ।

मीनालिभ्यांयुतेकीटे कुंभेमिथुनसंयुते ॥
मकरेकन्यकायुक्ते नकुर्य्यान्नवपंचके ॥

टीका--मीनसे नवके अंतरपर वृश्चिक राशि है और वृश्चिकसे मीन पाँचमी, इसी प्रकार कर्क मीनका और वृश्चिकका कुंभ मिथुन मकर कन्या इन दो २ राशियोंके नवपंचक होतेहैं वे वर्जितहैं ॥

मृत्युषडष्टक ।

मेषकन्यकयोरेव तुलामीनकयोस्तथा ॥ युग्माल्योस्तुबुधैर्ज्ञेयो मृत्युर्वैनक्रसिंहयोः ॥ कुंभकर्कटयोश्चैव वृषकोदंडयोस्तथा ॥

टीका—मेष और कन्या ये परस्पर छठे और आठमें होंय इसी रीतिसे तुला और मीन मिथुन वृश्चिक मकर, सिंह कुंभ, कर्क वृषभ, इन दो दो राशियोंको मृत्युषडष्टक कहाता है सो वर्जित है ॥

प्रीतिषडष्टक ।

सिंहोमीनयुतश्चैव तुलावृषयुतातथा ॥ धनुःकर्कयुतंचैव कुंभ कन्यकयोस्तथा ॥ नक्रस्यामिथुनेप्रीतिरजाल्योःप्रीतिरुत्तमा।

टीका—सिंह मीन, तुला वष, कुंभ कन्या, मकर मिथुन, मेष वृश्चिक, धनु कर्क, इन दोदो राशियोंका प्रीतिषडष्टक होताहै सो शुभहै ॥

द्विर्द्वादश ।

मेषझषौवृषमिथुनौ कर्कहरीतुलकन्यके ॥
अलिधनुषीमकरकुंभावेतौ द्विर्द्वादशेराशी ॥

टीका—मेष, मीन, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, तुल, कन्या, वृश्चिक, धनु, मकर कुंभ, ये दो २ राशि द्विर्द्वादशहैं ॥

चतुर्थदशमतृतीयएकादशउभयसप्तम ।

चतुर्थदशमश्चैव तृतीयैकादशःशुभः॥
उभयः सप्तमः साम्यमेकर्क्षेशुभमुच्यते ॥

टीका–वधू और वरकी परस्पर राशि चतुर्थ दशम अथवा तृतीय एकादश होयतो शुभ और दोनों सप्तम सम होय अथवा एकनक्षत्र होयतो शुभ जानिये

वश्यावश्ययोजना।

सिंहंविनानृणांसर्वेवश्या भक्ष्याश्चतोयजाः ॥
सिंहस्यवश्यास्त्यक्त्वालिं सर्वेणव्यवहारिकः ॥

टीका–सिंहके विना समस्त चतुष्पद मनुष्योंके वशमें हैं और जलजंतु भक्ष्य हैं और वृश्चिकको छोडके सिंहके सब वश होते हैं, शेष राशियोंमें भक्ष्याभक्ष्यको वर्जित करि वश्यावश्य व्यवहारसे जानिये ॥

ग्रहोंकाशत्रुत्वसमत्वमित्रत्व।

शत्रूमंदसितौ समश्चशशिजो मित्राणिशेषारवेस्तीक्ष्णांशुर्हिमरश्मिजश्चसुहृदौशेषाः समाःशीतगोः ॥ जीवेंदूष्णकराःकुजस्यसुहृदोज्ञोरिः सितार्कीसमौमित्रेसूर्यसितौ बुधस्याहिमगुः शत्रुः समाश्चापरे ॥ गुरोःसौम्यसितावरी रविसुतोमध्योपरेत्वन्यथासौम्यार्कीसुहृदौ समौकुजगुरूशुक्रस्यशेषावरी ॥ शुक्रज्ञौसुहृदौसमः सुरगुरुः सौरस्यत्वन्येरवेर्ये प्रोक्ताः सुहृद्त्रिकोणभवनात्तेमीमयाकीर्तिताः ॥

नाम	रवि	चन्द्र	भौम	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
शत्रु	शनि शुक्र	०	बुध	चन्द्र	बुध शुक्र	सूर्य चन्द्र	रवि चंद्र भौम
सम	बुध	शुक्र गुरु भौम श.	शुक्र शनि	भौम गुरु शनि	शनि	गुरु मंगल	गुरु
मित्र	चंद्र गुरु मंगल	रवि बुध	चंद्र गुरु सूर्य	सूर्य शुक्र	सूर्य चंद्र मंगल	बुध शनि	बुध शुक्र

मार्तंडमतसेगुणोंकामिलाना ।

वर्णकेगुण

दोनोका एक वर्ण अथवा वरका उच्च होय तौ शुभ ।

वधूकावर्ण	वरोंकावर्ण			
	ब्रा.	क्ष०	वैश्य	शूद्र
ब्राह्मण	१	०	०	०
क्षत्रिय	१	१	०	०
वैश्य	१	१	१	०
शूद्र	१	१	१	१

वश्यकागुण

वैरभक्ष्येगुणाभावाद्वयोः सौम्येगुण द्वयं ॥ वश्यवैरेगुणश्चैको वशभक्ष्ये गुणार्द्धकम् ॥ १ ॥

टी० शत्रु और भक्ष्यमें गुण शून्य० एकजातिमें गुण २ वश्य और वैरमेंगुण १ वश्य और भक्ष्यमें गुणअर्द्ध ॥ १ ॥

चतुष्पद	२	॥	१	०	२
मानव	॥	२	०	०	०
जलचर	१	०	२	२	२
वनचर	०	०	२	२	०
कीटक	१	०	१	०	२

ताराकेगुण ।

एकतोलभ्यते ताराशुभा चैवाशुभान्यतः ॥
तदासार्द्धोगुणश्चैकस्ताराशुद्धौमिथस्त्रयः ॥
उभयोर्नशुभातारातदा शून्यंसमादिशेत् ॥

टीका--एककी शुभ और एककी अशुभ तारा होय तो गुणडेढ १ ॥ और दोनोंकी एकतारा अथवा शुभतारा होय तो गुण ३ और जो दोनोंकी अशुभ होय तो गुण शून्य जानिये ॥

तारा	१	२	३	४	५	६	७	८	९
१	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
२	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
३	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१॥
४	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
५	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१॥
६	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
७	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१॥
८	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
९	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३

योगिनीके गुण–महावैरेच वैरेच स्वस्वभावेयथाक्रमात् ॥
मैत्र्ये चैवातिमैत्र्ये च खेन्दुद्वित्रिचतुर्गुणाः ॥

टीका–महावैरका गुण शून्य० दोनोंकी शत्रुताका गुण १ स्वभावके गुण २ दोनोंकी मित्रताका गुण ३ अतिमित्रताके गुण ४ जानिये ॥

	अ.	ग.	मे.	स.	श्वा.	मा.	मू.	गौ.	म.	व्या	ह.	वा.	न.	सिं
अश्वि	४	२	२	३	२	२	२	१	०	१	३	३	२	१
गज	२	४	३	३	२	२	२	२	३	१	२	३	२	०
मेष	२	३	४	२	१	२	१	३	३	१	२	०	३	१
सर्प	३	३	२	४	२	१	१	१	१	२	२	२	०	२
श्वान	२	२	१	२	४	२	१	२	२	१	०	२	१	१
मार्जार	२	२	२	२	२	४	०	२	२	१	३	३	२	२
मूषक	२	२	१	१	१	०	४	२	२	२	२	२	२	१
गाय	१	२	३	२	२	२	२	४	३	०	३	२	२	१
महिषी	०	३	३	२	२	२	२	३	४	१	२	२	२	३
व्याघ्र	१	२	१	१	१	१	२	०	१	४	१	१	२	२
हरिण	३	२	२	२	२	३	२	३	२	१	४	२	२	२
वानर	३	३	०	२	२	३	२	२	२	१	२	४	३	२
नकुल	२	३	३	०	०	२	१	२	२	२	२	३	४	२
सिंह	१	०	१	२	२	१	१	१	३	२	२	२	२	४

ग्रहोंके गुण ।

दोनोंका स्वामी १ और मैत्रीके गुण ५ समशत्रुत्व गुण ०॥० सम शत्रुत्व मित्रत्व गुण४ शत्रुत्व मित्रत्व गुण १ समत्व गुण २ शत्रुत्व गुण ०॥०इस प्रकार जानिये ॥

वरके गुण

च मं|बु गु श श

५|५| ३|५

८

वधूकेगुण

बु ४

शु|५

श

गणोंके गुण ।

दोनोंका गण१होय तिसके गुण ६ वर देवगण और वधू मनुष्यगण तिसके गुण ६ इससे विपरीत होय तो ५ वर राक्षस गण और वधू देवगण तिसका गुण १ अन्यथा शून्य जानिये॥

वधूकेगुण	वरके गुण		
	देव	मनुष्य	राक्षस
देव	६	५	१
मनुष्य	६	६	०
राक्षस	१	०	६

नाडीकेगुण ८

भिन्ननाडीकेगुण८एकनाडीकेगुण.

वधूकेगुण	वरके गुण		
	आदि	मध्य	अंत्य
आदि	०	८	८
मध्य	८	०	८
अंत्य	८	८	०

सत्कूटकेगुण ।

टीका–राशि एक भिन्नचरण वा भिन्न नक्षत्र इनके गुण७तृतीय एका-दश इनके भिन्नराशि नक्षत्र एक इनके गुण५ प्रीतिषडष्टक अथवा द्विर्द्वादश वा नव पंचम इनमें वर दूरत्व योनि शत्रुता होनेपरभी भकूटके गुण६ होतेहैं॥

असत्कूटकेलक्षण ।

वर योनि मैत्र व स्त्रीदूरत्व होय तो षडष्टक द्विर्द्वादशक नवपंचमादि दुष्ट कूटोंके गुण ४ जानिये ॥

योनि मैत्र व स्त्री दूरत्व इनमेंसे एक होय तो दुष्टकूटका एक गुण जानिये और एक नक्षत्र वा एक चरण ॥

	मेष	वृष	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.
मेष	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७	०
वृष	७	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७
मिथुन	०	७	७	०	७	७	०	०	७	०	७	७
कर्क	७	०	७	७	०	७	७	०	०	७	०	०
सिंह	०	७	०	७	७	०	७	७	०	०	७	०
कन्या	०	०	७	०	७	७	०	७	७	०	०	७
तुला	७	०	०	७	०	७	७	०	७	७	०	०
वृश्चिक	०	७	०	०	७	०	७	७	०	७	७	०
धन	०	०	७	०	०	७	०	७	७	०	७	७
मकर	७	०	०	७	०	०	७	०	७	७	०	७
कुंभ	७	७	०	०	७	०	०	७	०	७	७	०
मीन	०	७	७	०	०	७	०	०	७	०	७	७

इस प्रकार गुणोंका मिलना १८ गुण अधिक शुभ, शून्य अशुभ ॥

वर्णके फल।

यास्याद्वर्णाधिकाकन्या भर्त्तातस्या नजीवति ॥
यदिजीवतिभर्त्ता तु ज्येष्ठपुत्रोविनश्यति ॥

टीका—कन्याका वर्ण वरसे श्रेष्ठ होय तो उसका पति अथवा ज्येष्ठ पुत्र का नाशहोय ॥

वैरयोनिकाफल।

जैसे अश्व और भैंसकी वैरयोनिहै इसी प्रकार वधू और वरकी वैरयोनि विचारनी चाहिये और राजा सेवक इत्यादिभी विचारियें इसमें शत्रुकी इच्छा वर्जितहै ॥

गणोंकेफल ।

स्वगणेचोत्तमाप्रीतिर्मध्यमानरदेवयोः ॥
कलहो देवदैत्यानां मृत्युर्मानवरक्षसाम् ॥

टीका–दोनोंका एक गण होय तो उत्तम प्रीति मनुष्य और देवमें मध्यम, देव दैत्यमें कलह, मनुष्य राक्षस गण मृत्यु देताहै ॥

कूटफल ।

षष्टाष्टकेऽपमृत्युःपंचमनवमेऽनपत्यताज्ञेया ॥
द्विर्द्वादशे निधनताशेषेषु मध्यमताज्ञेया ॥

टीका–दोनोंका षडष्टक मृत्युकारक और नवपंचम अनपत्यकारक और द्विर्द्वादश निर्द्धनताकारक शेष मध्यम जानिये ॥

नाडीफल ।

अग्रनाडीव्यधेभर्त्तामध्यनाडीव्यधेद्वयम् ॥
पृष्ठनाडीव्यधेकन्याम्रियते नात्रसंशयः ॥

टीका–दोनोंकी अग्रनाडी होय तो भर्त्ताको बुरा मध्यनाडी दोनोंको अशुभ और अंत्यनाडी कन्याको मृत्युदायक होतीहै ॥

मध्यनाडी ।

जठरेनिर्द्धनत्वं च गर्भेमरणमेवच ॥
पृष्ठेदौर्भाग्यमाप्नोति तस्मात्तांपरिवर्जयेत् ॥

टीका–दोनोंकी मध्यनाडी निर्धनताका कारण और गर्भनाश और अंत्यनाडी दुर्भागकारक जाननी चाहिये ॥

ज्योतिःप्रकाशेपार्श्वनाडी ।

निधनंमध्यनाड्यां तु दंपत्योर्नैव पार्श्वयोः ॥
करग्रहेपृष्ठनाड्यो न निंद्येइतितद्वचः ॥

टीका–दोनोंकी मध्यनाडी मृत्युप्रद तैसेही पार्श्वनाडी, परंतु विवाहमें पार्श्वनाड़ी निंदित नहीं, अन्य मतमें क्षत्रियादिकोंको कहीहै ॥

असत्कूटविचार ।

स्त्री नक्षत्रसे वरनक्षत्र निकट होय तो अशुभ और वरनक्षत्रसे स्त्रीनक्ष-

दूर होय तो शुभ जो नक्षत्र एक अथवा स्वामी एक होय तो शुभ जानिये.

राजमार्तंडमतसेदुष्टकूटोंकादान।

षडष्टकेगोमिथुनंप्रदद्यात्कांस्यं सरूप्यंनवपंचमे च ॥
नाड्यांसुधेन्वन्नसुवर्णवस्त्रं द्विर्द्वादशेब्राह्मणतर्पणं च ॥

टीका--अति आवश्यक विवाहमें वधू और वरके दुष्ट कूटादिकोंके दान षडष्टकमें दो गौ, नवपंचममें रूपा सहित कांसेका पात्र, एकनाडीमें गौ, और द्विर्द्वादशमें अन्न सुवर्ण वस्त्र तथा ब्राह्मणोंका तर्पण इत्यादि करनेसे दुष्ट कूटादिक दोष दूर होतेहैं ॥

फक्किका–यस्यवर्णस्ययोनिज्ञानं नोक्तंतस्यजात-
काऽवलोकनप्रकारो वास्तुप्रकरणेउक्तः॥

टीका–जिस वर्णकी योनिका जानना उक्त नहींहै तिसके जातक देखनेका प्रकार वास्तुप्रकरणमें कहाहै ॥

विवाहकेउक्तनक्षत्र।

मूलमैत्रकरस्वातीमघापौष्णध्रुवेंदवैः ॥
एतैर्निर्दोषभैः स्त्रीणांविवाहः शुभदःस्मृतः ॥

टीका–मूल अनुराधा हस्त स्वाती मघा रेवती रोहिणी तीनों उत्तरा मृगशिर ये नक्षत्र स्त्रियोंके विवाहमें निर्दोष और शुभहैं ॥

एकविंशतिमहादोषः।

पंचांगशुद्धिरहितोदोषस्त्वाद्यः प्रकीर्त्तितः ॥ उदयास्तशुद्धि-रहितोद्वितीयः सूर्यसंक्रमः ॥ तृतीयः पापषड्गोभृगुः षष्ठः कुजोष्टमः ॥ गंडांतंकर्तरीरिःफषडष्टेंदुश्चसंग्रहः ॥ दंपत्योरष्टमं लग्नंराशौविषघटीतथा ॥ दुर्मुहूर्तोवारदोषः खार्जूरीकंसमांघ्रिगम् ॥ ग्रहणोत्पातभंक्रूरविद्धर्क्षंक्रूरसंयुतम् ॥कुनवांशोमहापातोवैधृतिश्चैकविंशतिः ॥

टीका–प्रथम पंचांग शुद्धि रहित दोष१ उदयास्तशुद्धिरहित २संक्रांति दिवस ३ पापग्रहका वर्ग ४ लग्नसे छठा शुक्र ५लग्नसे अष्टम मंगल ६ लग्नसे

		रा	मे	मे	मे	वृ	वृ	वृ	मि	मि	मि	क	क	क	सि	सिं	सिं	क	क
		भा	१	१	।	॥।	१	॥	॥	१	॥।	।	१	१	१	१	॥	॥।	१
राशि	भा	नक्ष.	अ	भ	कृ	कृ	रो	मृ	मृ	आ	पुन	पुन	पुष्य	आ	म	पू	उ	उ	ह
मेष	१	अ	३६	३३	३२	२४	२१	३२	२७	२८	१९	२३॥	३१॥	२८	२७॥	२१॥	३२	११	१२
मेष	१	भ	३४	३६	३४	३१	२२॥	१४॥	१९	३६	२७	३१॥	३३॥	२५॥	३२॥	२४॥	३२॥	२१॥	२०
मेष	।	कृ	३२॥	३२	३६	३३	१०	१६॥	२०	२२	२१	२५	२२॥	२३॥	२३	२६॥	२६॥	१५॥	१५॥
वृषभ	॥।	कृ	१८॥	१८॥	३६	३६	३४	३२॥	२५॥	२५॥	२५॥	२३	२४	२०	१८	२१॥	३१॥	२८	२८
वृषभ	१	रो	२३॥	२४॥	१३	१४	३६	३४॥	३५॥	३२	२९	२५॥	२८	१२	१०	२४	२७॥	३४	३४
वृषभ	॥	मृ	२४	११	११॥	३२॥	३६	३६	३५	३३	२९	२६	२०	२२	१८	२५	२५	३१	३४
मिथुन	॥	मृ	२८	२९	२३॥	२७॥	३५	३६	३५	३४	३१	१०॥	१३॥	१८॥	२२॥	१८	२९॥	३१॥	३२॥
मिथुन	१	आ	२०	१८	२३	३३॥	३२॥	३४	३३	३४	३४	२३	२३॥	१५॥	२३॥	१९	२१	२४	२४
मिथुन	॥।	पुन	३०	२७	२३	२७॥	३०॥	३१॥	३०॥	३४	३४	३४	२३	१६॥	२१॥	१५॥	२०॥	२३	२४॥
कर्क	।	पुन	२३॥	२९॥	२५॥	२२	२५	२६	३०॥	१६	३३	३४	३४	३२॥	२२	२६	२२	१८॥	१८॥
कर्क	१	पुष्य	३०॥	२४	२७	२४	२०	१९	१३॥	२८	२३	३४	३६	३४	२५	३१	२०	१६॥	२६॥
कर्क	१	आ	२६	२६	२२॥	१३	१२	२०	३४॥	१५॥	१५॥	३२	३४	३४	२०॥	२१	१४	२१॥	२०॥
सिंह	१	म	२२	२८॥	३१	१७	१०	१८	२७॥	२२॥	२०॥	२२	२५	२२॥	३६	३६	३२	२८॥	१५॥
सिंह	१	पू	२६	२४॥	२२॥	२०	२४	१६	१९॥	२८	२६॥	२१	३३	१९	३६	३६	३४	३०	२१॥
सिंह	।	उ	१७	३२	३२	२०	२६	२५	२८	२०॥	२०॥	२३॥	३१	३१	३२	३४	३६	३३	१५
कन्या	॥।	उ	१३	२२	१६	३४	३४	३२॥	३१॥	२३॥	२३॥	२०	२८	२२॥	२३	३१	३४	३५	३५
कन्या	१	ह	१३	२०	२७॥	२८	३३	३४	३३	२२॥	२३॥	२०॥	२८॥	२३॥	२४॥	२८॥	२०	३५	३६
कन्य.	॥	चि	१४	७	२०	३१	२८	२०	१९	२६	१४॥	२१॥	१३॥	२७॥	२९॥	२५॥	१४॥	३०॥	३३
तुला	॥	चि	२३॥	१६	१९॥	२४॥	२१	१३	२०	२७	३५॥	२२	१३	३१	२५	११॥	१७॥	१०॥	३४
तुला	१	स्वा	२०॥	१९॥	१७॥	१२॥	१५॥	२७	३४	३३	३४॥	२२॥	२८	१५	१२॥	२४॥	२५॥	२६॥	३४
तुला	॥।	वि	२२॥	२४॥	२१॥	१६॥	११॥	९॥	३५॥	३०॥	२१	२३॥	२२॥	२९॥	१७॥	१९॥	१७॥	१८॥	२५॥
वृश्चिक	।	वि	१७॥	२५॥	१५॥	२०	१५	२३	१३	१३॥	१३॥	२०	२०	११॥	११॥	२३	११॥	१८॥	१९
वृश्चिक	१	अ	२४॥	१९॥	११॥	२४॥	२८॥	२१॥	१८	१६	२०॥	१७	११	२१	२४	२०	२८	२५	२०
वृश्चिक	१	ज्ये	१२	१९॥	२४॥	२१॥	२३॥	१३॥	१३	३	५	११॥	२१	२६	२३	२०॥	१५॥	१२	१२
धन	१	मू	२८	२८	३३	२०	१४	१४	२१	१३	१३	१०॥	१९॥	२६॥	३२॥	२६॥	१७	१६॥	१३
धन	१	पू	३४	२६	३४॥	१५	२०	१२	१९	२७	२७	२४॥	१६॥	२८॥	३२॥	३४॥	३२	३२॥	२०
धन	।	उ	३२	३३	३४	१६	११॥	१८	२४	२७	२७	२४॥	२४॥	२४॥	१०॥	२३	३२॥	१२	१८
मकर	॥।	उ	२८	२८॥	१५॥	२६	१३	२९॥	२१॥	१३॥	२३॥	२८	२८	१४	१६	२०	२०	२७	२७
मकर	१	श्र	२८	२७	२५	२१	२१	३४	२५	२२॥	२३॥	२८	२८	१५	१३	१८	१९॥	२६	२७
मकर	॥	ध	२१	१२	२६	३१	२८	२०	११	१८	१६॥	२०	१२	२६	२६	१५	१२	१०॥	२०
कुंभ	॥	ध	३१	१२	२६	३१॥	२८	२०	१२	१९॥	१३॥	१४	१६	२०	२५	११॥	१८॥	१४॥	२९
कुंभ	१	श	१६	२२	२८	२२॥	२६॥	२८	२०	१२	१२	८॥	१५	२१	२५॥	१९॥	११॥	७॥	१०॥
कुंभ.	॥।	पू	१९	२६	२०	३४	३२॥	३२॥	२४॥	१७*	१७	१३॥	२१॥	१४	१९॥	२१॥	२६॥	१२॥	१५
मीन	।	पू	२१॥	२९॥	२३॥	२३॥	२७	२७	२७	२७	१८	१७	२६	७॥	३०	२३	१४	१८॥	१८
मीन	१	उ	३१॥	२३॥	३१॥	३१॥	२७	११	११	२७	२८	२६	११	२०	२०	२५॥	२५॥	१९	२८
मीन	१	रे	३२	३०	१८॥	१८॥	१८	२७	२७	२६	२६॥	१४॥	१३	१३	१०॥	२२	२२	२६	०

क	तु	तु	तु	वृ	वृ	वृ	ध	ध	ध	म	म	म	कुं	कुं	कुं	मी	मी	मी	०
॥	॥	१	॥।	।	१	१	१	१	।	॥।	१	॥	॥	१	॥।	।	१	१	०
चि	चि	स्वा	वि	वि	अ	ज्ये	मू	पू	उ	उ	श्र	ध	ध	श	पू	पू	उ	रे	०
२४	२२॥	२२	२३॥	१९॥	२४	१५	२१	३२	३१	३६	२७	२१	२१	१६	१०	२२	३१	३४	१
५	१३॥	१९॥	२२॥	१८॥	३५॥	१९॥	३४	२६	३४	२८॥	२७॥	११	११	२७	२५	३०॥	२४	३२	२
१९॥	२७॥	१५॥	१९॥	१६॥	१८	२५॥	३३	३८॥	२०	१४॥	२४	२५	२६	२७	२०	२५॥	२६॥	१०॥	३
२८	२०	७॥	१२॥	२०॥	१६॥	३०॥	२२॥	२३॥	१॥	१४	२०॥	३१॥	३०॥	३१॥	२४॥	२३॥	२३॥	१८	४
३४	१७	१३॥	६॥	१४	२९॥	२४॥	१५	३१	१२॥	१८	२६	३४॥	२३	३१॥	३१	२८	२८	३०	५
२७	१०	३०	१५॥	२३॥	२१॥	२५॥	१६	१२	१८	२३॥	३४	२१	२०	२८	२०॥	२७	२१	२८	६
२१	२१	३४	३४॥	२४	११	१५॥	२३	११	१८	२१॥	२६	१३	१४	२९	२४॥	२७	२९	२८	७
३४	३४	३४	३४	२१॥	१७	४	१४	२८	२८	२४॥	२९	१९	२०	१३	८	२०॥	२८	२८	८
२७॥	२७॥	३४	२१	१६॥	२१॥	७	१५	२७	२७	२३॥	२४॥	१८	११॥	१४	१०	१९	२८	२८	९
२२॥	२२	२८	२३	२१	१६	११॥	१०॥	२३॥	२६	२६	२७	२१	१४	८॥	११॥	२०	२६	२५	१०
१२॥	१२	२७	२२॥	२१	१८	११	१९॥	१७॥	२२॥	२६	२७	२३	६	१५	१०॥	८	२८	२७	११
२७॥	२७	६	१०	१६॥	२०	२६	२५	१७॥	९॥	२३॥	२३	२६	९	२०	१३	२४	३१	१३	१२
२८॥	२४॥	१०	१९	३२॥	२४॥	३२	३२॥	१६॥	१७	४	४	१९	२४॥	२४॥	१८	१८	१८	११॥	१३
१४	१६॥	२४॥	१८॥	२४॥	२२॥	३३॥	३२॥	३४॥	३२॥	१९	१८	५	९	११॥	२४॥	२४॥	१६	२४	१४
१९॥	१५॥	२५॥	१५	२१॥	३०॥	२२॥	२३	३२॥	३२॥	१९॥	१९	१२	१६॥	१०॥	१०॥	१५	२६	२८	१५
३०	२०॥	३०॥	२२॥	१८	१७	१३	२४	११॥	१९॥	२६	२६	१८	१६	१९॥	११	१८	३०	२८	१६
३३	२६	२२॥	२४॥	२०	२७	१४	१५	२७	२६॥	२५	२६	२१	१७	१०॥	१३	१८	३०	२८	१७
३४	३३	२६	३०॥	२७	११	१५	२६	१२	२२	१८॥	१९	१८	१९	२२॥	१७	२८	१२	१२	१८
३४	३४	३२॥	३२॥	२२॥	७॥	११॥	२१	१२	१२	२६॥	२६	२४	२४	२८॥	२४	२४	५	५	१९
२८	३६	३३	३३	२३	२०॥	२७॥	२३	२७	१८	२३॥	२४	२७	२७	१८	३४	३०	२१	१३	२०
३२॥	३२॥	३३	३४	२६	१७॥	२१॥	२६	२०	१४	१८॥	१६	३०	३०	३१	२०	१५॥	१४॥	७	२१
२६	१९॥	२६॥	२६	३२	३३	३५॥	२०॥	२३	१७॥	१३	१५॥	२४॥	२४॥	२५॥	११॥	२५	१५	१९॥	२२
१२	८	३२	१८	३३	३४	३४	२४	३२॥	३०॥	२६	३१	२६	११	२१	२४॥	२१	२५	२४	२३
२५	२१॥	१६॥	२१॥	२१॥	३६	३६	२१	२५	२५	२१॥	२५॥	१९॥	२४॥	२६	१०॥	१६॥	२८	२८	२४
२७	२७	२६	२७	३१॥	१६॥	२४	३४	३५	३२॥	२२॥	२२॥	३०॥	२७	२०॥	१३॥	१६	२६	२८	२५
१२	१८	१९	२६	३१॥	१४॥	३२॥	३४	२६	३४	२४	३४	१६॥	१३	२३॥	२७	३०	१७	३२॥	२६
२१	१७	१९	१९	२३॥	३२	३२॥	३२॥	२४	३६	३५	२६	३२	३३	२२॥	२९॥	३२॥	३२॥	२४	२७
१७	३१॥	३१॥	२३॥	१९॥	२७	२२	२८	२५	३३	२६	३४	३२	२१	१८॥	३१॥	३०	३०	२२	२८
२०	२७	२२॥	१७॥	१४	२७	२३	१९॥	२८	२७	३४	३६	३४	३६	१९॥	२१॥	२७	२९॥	२२॥	२९
१७	२४	२९	३०॥	२७	१३	२७	२४॥	९॥	१८	३२	२७	३४	३२	२५	२५	३४	१४	२२॥	३०
१७	२५	२७	३१॥	२६	१२	२६	२२॥	१५॥	२४॥	२६॥	१९	३१	३४	३३	३२॥	१७॥	८	१५॥	३१
२५	३३	२८	२३	२७	३१	१९	३२॥	२४	२४	२६	१०	१५	३३॥	२६	३१	१८	१०॥	२०॥	३२
१७॥	३१	३३	३३	२७॥	१७॥	३४	१६॥	१९॥	३०॥	३२॥	२१॥	१८॥	३२	३३	३४	३४	३४	२१॥	३३
२०	१३	२०॥	१८॥	२७	२६	२३	२३॥	३०॥	३१	२९॥	३०॥	३१॥	१३॥	१०	१७॥	३४	३३	३०॥	३४
११	५	२१	१३॥	२६	१९	३४	३१॥	२३॥	३१॥	२१॥	२३॥	२२	८॥	१७	२०	३३	३६	३५	३५
२२	१८	१२	८	१८॥	२७	२९	२८	२०	३२॥	२०॥	२३	२९॥	१५॥	१७॥	२०॥	३०॥	३४	३६	३६

६।८।१२ चंद्र ७ त्रिविध गंडांत समय ८ कर्त्तरी ९ लग्नमें चंद्र और पापग्रह १० वधू वरकी राशिसे अष्टम लग्न वर्जनीय ११ विषघटिका १२ दुष्ट मुहूर्त्त १३ यामार्द्ध आदि १४ लत्ता १५ ग्रहण नक्षत्र १६ उत्पात नक्षत्र १७ पापग्रहोंकरि विद्धनक्षत्र १८ पापग्रहयुक्त १९ पापांश २० संक्रांतिसाम्य.

कर्त्तरीदोषलक्षण ।

लग्नाच्चंद्राद्व्ययद्विस्थौपापखेटौ यदातदा ॥ कर्त्तरीवर्जनीया-
साविवाहोपनयादिषु ॥ नहिकर्त्तरिजोदोषः सौम्ययोर्यदिजा
यते ॥ शुभग्रहयुतंलग्नंक्रूरयोर्नास्तिकर्त्तरी ॥

टीका—लग्न अथवा चंद्रसे बारहवें और दूसरे स्थानोंमें पापग्रह पडे तो कर्तरी दोष होताहै इसमें विवाह और यज्ञोपवीत वर्जित है, कर्त्तरीदोषभंग जो इन्हीं उक्त स्थानोंमें सौम्य ग्रह होय तो अथवा शुभग्रहयुक्त लग्न होय तो शुभ और क्रूर ग्रह होय तो कर्त्तरीदोष नहीं होता ॥

वधूवरकीराशिसेअष्टमलग्न ।

वरवध्वोर्बटोश्चापि जन्मराशेश्चलग्नतः ॥
त्याज्यमष्टमलग्नंस्याद्विवाहव्रतबन्धयोः ॥

टीका—वर वधू और बटु इनकी सबकी जन्मराशि और लग्नसे आठमी लग्न विवाह और यज्ञोपवीतमें वर्जित हैं ॥

दुष्टमुहूर्त्त ।

तिथ्यंशोदिनमानस्य रात्रिमानस्यचैवहि ॥
मुहूर्त्तः कथितस्तेषुदुर्मुहूर्त्तंशुभेत्यजेत् ॥

टीका—दिनमान और रात्रिमान इनका पंद्रहवाँ अंश दुर्मुहूर्त्त होताहै सो शुभकार्य में वर्जित है ॥

यामार्द्धादिकथन ।

सूर्याद्यामदलं दिवैवनिगमाद्यश्चीषुनामात्रिषट्संख्याकंकुलिकंदिवं-
द्ररविदिङ्नागर्तुवेदद्विकम्॥द्व्येकंतंनिशिषोडशांशमपरेतिथ्यंशमु
ज्झंतितेः कालंकंटकमैनिघंटममरेज्यज्ञास्फुजिद्भ्यः क्रमात् ॥

टीका—रविवारसे अर्द्धयामार्द्ध कोष्ठकके अंतक प्रवृत्ति निवृत्तिके अंक होते हैं क्रमकरिके जानिये और शुभ कर्ममें वर्जित हैं दिनमें दिनमानक

सोलहवां भाग रविवारसे कुलिक कोष्ठकके अंततक अंक होते हैं उनकी कुलिकसंज्ञा है, और शुभकर्ममें वर्जित हैं रात्रिमें एक २ घटाइये किसीके मतमें दिनमानका पंचदशांश वर्जित करके गुरुवारसे कालदोष बुधवारसे कंटक और शुक्रवारसे निघंट ये सब यथाक्रम कुलिकाके समान वर्ज्यितहैं॥

वार	* यामार्द्धघटिका ४ संख्या	प्रवृत्ति	निवृत्ति	कुलिक घ० २	काल घ० २	कंटक घ० २	ऐनिघंट घ० २
रवि	४ था	१२	१६	१४ वा	८ वा	६ वा	१० वा
चंद्र	७ वा	२४	२८	१२ वा	६ वा	४ था	८ वा
मंगल	२ रा	४	८	१० वा	४ था	२ रा	६ वा
बुध	५ वा	१६	२०	८ वा	२ रा	१४ वा	४ था
गुरु	८ वा	२८	३२	६ वा	१४ वा	१२ वा	२ रा
शुक्र	३ रा	८	१२	४ था	१२ वा	१० वा	१४ व
शनि	६ वा	२०	२४	२ रा	१० वा	८ वा	१२ वा

लत्तादोष--भौमाद्याकृतिषड्जिनाष्टनखभंहंत्यग्रतोलत्तया।
खेटोऽर्कोऽर्कमितंशशीमुनिमितं पूर्णोनसन्मालवे ॥

टीका—भौम जिस नक्षत्रका होय तिससे तीसरे नक्षत्रमें, लत्ता दोष और बुध जिस नक्षत्रका होय तिससे बाईसवें नक्षत्रमें; गुरुसे छठे नक्षत्रमें, शुक्रसे २४ वें नक्षत्र में और शनिके नक्षत्रसे८वें नक्षत्रमें, राहुके नक्षत्रसे२०नक्षत्रमें रविके नक्षत्र से१ २वें नक्षत्रमें, और चंद्रमा पूर्ण होय तो सातवें नक्षत्रमें लत्ता-दोष होता है; यह दोष मालवदेशमें अशुभ और अन्य देशोंमें शुभ होता है॥

ग्रहणतथाउत्पातनक्षत्र–यस्मिन्धिष्ण्येमहोत्पातोग्रहणंवाभवेद्यादि ॥
तस्मिन्धिष्ण्येशुभंकर्मषण्मासंवर्जयेद्बुधः ॥

टी०जिसनक्षत्रमेंउत्पातअथवाग्रहणहोयतिसनक्षत्रमेंषट्मासतकशुभकर्मवर्ज्यहै.

पापग्रहयुक्त और वेधनक्षत्र ।

श्रुत्यग्निभेभिजिद्ब्राह्मये वैश्वेंद्रर्क्षेतुरुद्रभे ॥ मूलादित्ये च पुष्यैं-

*एक दिनका यामार्द्ध८कुलिक१६वारानुसार जानै परंतु उनमेंसे जिस वारको जो वर्जितहैं वह कोष्ठकमें लिखाहैं

द्रैमैत्राश्लेषेमघांतके ॥ दस्रभागार्यमांत्ये च हस्ताहिबुध्र्यभेतथा॥ चित्राजचरणेस्वातीवारुणे च परस्परम् ॥ वासवेंद्राग्निभेतद्वद्वेधः सतशलाकजः ॥ त्याज्यःपापोद्भवोयत्नाद्व्रतबंधादिकर्मसु ॥

टीका—पंच सप्त शलाकाचक्रमें जिस रेखापर जो नक्षत्र होय और उसीमें पापग्रह होय तो वह शुभनक्षत्र विद्धजानिये ॥

नक्षत्रचरणवेध।

सप्तपंचशलाकाभ्भां विद्धमेकार्गलेनयत् ॥ लत्तोपग्रहगं धिष्ण्यंपादमात्रंशुभेत्यजेत् ॥ वेधमाद्यंतयोरंध्र्योरन्योन्यं द्वितृतयियोः ॥ क्रैरपित्यजेत्पादंकेचिदूचुर्महर्षयः ॥

टीका—विद्धनक्षत्र एकार्गल और लत्ता उत्पात नक्षत्र इनके चरणमें शुभ ग्रह होय तो वह चरण शुभ कर्ममें वर्जित है प्रथम चतुर्थ द्वितीय तृतीय नक्षत्रके चरण परस्पर विद्धहोते हैं किसीके मतमें पापग्रह विद्ध नक्षत्रोंके चरण वर्जित हैं-एकार्गल दोषो मार्तंडमते-विष्कंभादि दुष्ट योग रहित दिननक्षत्रसे अभिजित् सहित गणनासे विषमनक्षत्रमें सूर्य होय तो एकार्गलदोष होताहै।

चंडायुध--शूलगंडांतपापानां साध्यहर्षणयोस्तथा ॥ अंत्यंयच्चंद्रभंतास्मिन्नेतच्चंडायुधंनसत् ॥

टीका—शूल गंड व्यतीपात साध्य वैधृति हर्षण योगोंके अंतमें जो नक्षत्र होय उसे चंडायुध दोष कहते हैं ॥

पचशलाकाचक्र

सप्तशलाकाचक्र।

क्रांतिसाम्य।

युग्मेधनुःकर्किरलौ च युक्तेकन्या च मीनेवृषनक्रयुक्ते ॥
मेषे च सिंहे च घटेतुलायांक्रांते च साम्यंशशिसूर्ययोगे ॥

टीका--धन मिथुन इन लग्नोंके सूर्य और चंद्रमा होय तो क्रांतिसाम्य होय इसी प्रकारसे कर्क वृश्चिक आदि दो २ राशियोंके क्रांतिसाम्यदोष जानिये ॥

चक्रकाक्रम-ऊर्ध्वरेखात्रयं चैवतिर्यग्रेखात्रयंतथा॥
क्रांतिसाम्यंबुधैर्ज्ञेयंमध्ये मीनंतुयोजयेत् ॥

कुं मी मे
म — वृ
ध — मि
वृ — क
तु क सिं

टीका—तीन ऊर्ध्व और तीन आडी रेखा खींचे मध्य भागकी रेखाओंमें तीन २ लग्न क्रमसे लिखे द्वादशलग्नोंमेंसे दो २ का क्रांतिसाम्य होता है ॥

यामित्रदोष।

लग्नेंद्वोर्नास्तगः पापस्तत्तुल्यांशेयदिस्थितः ॥ तदायामित्रदोषः स्यान्नहिन्यूनाधिकांशके ॥ क्रूरोवायदिवासौम्यो लग्नाच्चंद्राच्चखेचरः ॥ एकोपियदियामित्रे समांशेचतदाभवेत् ॥ यामित्रंनप्रशंसंति गर्गकश्यपदेवलाः॥ आयषष्ठतृतीयेषु धनधान्यप्रदोरविः॥

टीका—लग्न चंद्र मध्य सप्तम स्थानका पापग्रहशून्य करनेसे उसके तुल्यांश आवें तो यामित्रदोष होय, अधिक वा न्यून हो तो दोष नहीं है ॥ दूसरा पक्ष ॥ लग्नचंद्रसे सप्तमस्थानी शुभग्रह अथवा पापग्रह सम अंश होय तो यामित्र दोष होय, गर्ग कश्यप देवल इन ऋषि मतानुसार यामित्र दोष विवाहमें वर्जित है जो लग्नसे एकादश षष्ठ तृतीय इन स्थानोंमें सूर्य हो तो यामित्र दोष शुभ और सुखदायक जानिये ॥

चरत्रयदोष—कर्कलग्नेथवामेषे घटांशोयदिदीयते ॥
तुलायांमकरेचंद्रे वैधव्यंजायतेध्रुवम् ॥

टीका—कर्क और मेष लग्नमें तुलाका अंश और मकर अथवा तुलाका चंद्रमा ऐसे योगोंका दोष वैधव्य करता है ॥

तिथिअनुसारवर्जितलग्न ।

प्रतिपदितुलामकरौ सिंहमकरौतृतीयायाम् ॥ कन्यामिथुनेपं-
चम्यांसप्तम्यांचैवधनुःकर्कौ ॥ नवम्यांकर्कसिंहौ एकादश्यांतुध-
नुर्मीनौ ॥ त्रयोदश्यांवृषभमीनौ शून्यलग्नानितिथियोगात् ॥

टीका--प्रतिपदाको तुला और मकर तृतीयाको सिंह मकर पंचमीको कन्या मिथुन सप्तमीको धन कर्क नवमीको कर्क सिंह, एकादशीको धन मीन, त्रयोदशीको वृष मीन इन तिथियोंमें ये लग्न शून्य वर्जनीय है ॥

दोषनिवारण--द्यूनंविनाकेंद्रगतोमरेज्यस्त्रिकोणगोवापिहिलक्षमे
कम् ॥निहंतिदोषत्रिशतंभृगुश्च शतं बुधोवापिहिहश्यमूर्त्तिः ॥

टीका—गुरु शुक्र अथवा बुध ये १ । ४।९।१० ५ इन स्थानोंमें होय तो एक लक्ष गुरु तीनसौ शुक्र १ सौ बुध दोषोंको नाश करे हैं ॥

लग्नप्रमाण वा राश्युदय- गजाग्निदस्त्रा गिरिषड्कदस्त्राव्योमेन्दुरामा
रसरामरामाः॥कुरामरामा गजचंद्ररामा नागेंदुलोकाः कुगुणान
लाश्च ॥ षड्रामरामाःखशशांकरामःसप्तांगपक्षाश्च गजाग्निदस्त्रा ॥

टीका—राशिउदय कहिये मेषादि बारह राशि तिनकी १२ लग्न होती हैं जिस राशिके सूर्य होय वही उदयकालकी प्रथम लग्न जानिये तिसकी पलसंख्याका क्रम कोष्टकमें है ॥

लग्न		वृ	मि	क	सिं	क	त			म	कुं	मी
पल	२३८	२६७	३१०	३३६	३३१	३१८	३१८	२३१	३३६	३१०	२६७	२३८

लग्नकीघटिकाओंकीसंख्या—मीनेमेषेत्र्यष्टपच क्रमान्नाड्यःपला-
निच॥वृषेकुंभेऽब्धिसप्ताद्विपंचदिङ्मिथुनेमृगे॥धनुःकर्केशरेषट्त्रि
सिंहाल्योःशरभूत्रयम्॥बाणाष्टदशतूलांगे लग्ननाड्यःपलानिच ॥

टीका—मेषादि लग्नोंकी घटी और पलोंका क्रम ॥

लग्न	मेष	वृष	मिथु	कर्क	सिंह	क	तुला	वृश्चि	धन	मक	कुंभ	मीन
घटी	३	४	५	५	५	५	५	५	५	५	४	३
पल	५८	२७	१०	३६	३१	१८	१८	३१	३६	१०	२७	५८

प्रतिदिवसभुक्तपलजाननेकाक्रम ।

मीनाजेसप्तषट्पंच पलानिविपलानितु॥गोकुंभेष्टौयुगशरादि-

ंविंशतिर्नृयुङ्मृगे ॥ कर्कचापेभवाःसूर्याःसिंहाल्योरुद्रदृङ्-मिताः ॥ तुलांगेदिक्चषट्त्रीणि लग्नेष्वेकांशसम्मितिः ॥

टीका–जो लग्न उदय कालमें हो तिसकी प्रतिदिन भोग्य पल विपल संख्या.

लग्न	मे	वृ	मि	क	सिं	क	तु	वृ	ध	म	कुंभ	मी
पल	७	८	१०	११	११	१०	१०	११	११	१०	८	७
विपल	५६	५४	२०	१२	२	३६	३६	२	१२	२०	५४	५६

उदयास्तलग्नकथन–यस्मिन्राशौयदासूर्यस्तल्लग्नमुदयोभवेत् ॥
तस्मात्सप्तमराशिस्तु अस्तलग्नंतदुच्यते ॥

टीका–जिस राशिके सूर्य होय वही लग्न सूर्योदयमें होतीहै और उससे सप्तम लग्न सूर्यास्तमें होताहै उसीको अस्तलग्न जानिये ॥

लग्न	वृ	मि	क	कं	तु	धन	मीन
मेष	० ३ २०	० ६ ४०	० १० ०	० १६ ४७	० २० ०	० २४ ४०	० ० ०
वृष	१ ११ २०	१ १६ ४०	१ २० ०	१ २६ ४०	० ० ०	० ० ०	० ० ०
मिथुन	२ ३२ २०	२ २६ ४०	० ० ०	० ० ०	२ ० ०	२ ६ ४०	२ १६ ४०
कर्क	० ० ०	० ० ०	३ ० ०	३ ६ ४०	३ १० ०	३ १६ ४०	३ २६ ४०
सिंह	४ ३ २०	४ ६ ४०	४ १० ०	४ १६ ४०	४ २० ०	२ २६ ४०	० ० ०
कन्या	५ १३ २०	५ ६ ४०	५ २० ०	५ २६ ४०	४० ० ०	० ० ०	० ० ०
तुला	६ २३ २०	६ २६ ४०	६ ९ ०	६ ० ०	६ ० ०	६ ६ ०	१ १६ ४०
वृश्चिक	० ० ०	० ० ०	७ ९ ०	७ ६ ४०	७ १० ०	७ १६ ४०	७ २६ ४०
धन	४ ३ २०	८ ६ ४०	८ १० ०	६ १६ ४०	८ २० ०	८ २६ ४०	० ० ०
मकर	१ १३ २०	१ २६ ४०	१ २७ ०	१ २६ ४०	४० ० ०	० ० ०	० ० ०
कुंभ	१० २३ २०	१० २६ ४०	० ० ०	० ० ०	१० ० ०	१६ ६ ४०	१० ६ ४०
मीन	० ० ०	० ० ०	११ १ ०	११ ६ ४०	११ १० १	११ १६ ४०	११ २६ ४०

लग्नकेउक्तअंशदेनेकाक्रम–वृषश्चमिथुनंकन्यातुलाधन्वीझषस्तथा ॥
एतेशुभनवांशास्तु ततोन्येकुनवांशकाः ॥

टीका–वृष मिथुन कन्या तुला धन मीन ये अंश द्वादश लग्नोंके शुभ होते हैं शेष अशुभ, मेषादि १२ लग्न वा अंश ७ कोष्ठकमें हैं तिनमेंसे जिसके अंशकी वर्गशुद्धि होय उनकी कोष्ठकमें लग्न लिखे और उस अंशघडीको अयनांश देकर भुक्त काल लाइये ॥

प्रत्येक कोठकमें ४ अंकहैं उनके नाम राशि अंश कला विकला जानिये राशिकी संज्ञा शून्यकानाम मेष और वृषके नाम १ इसप्रकार १२ राशिहोतीहैं

तात्कालस्पष्टसूर्यलानेकासाधन।

गतगम्यदिनाहतद्युभुक्तः खरसप्तांशवियुग्युतोग्रहःस्यात् ॥

टीका-पंचांगस्थ ग्रहोंके कोष्ठकमें पूर्णिमासे अमावास्यापर्यंत और अमावास्यासे पूर्णिमा पर्यंत सूर्य स्पष्टहै, परंतु पूर्णिमाके सूर्यसे जिस दिनका सूर्य स्पष्ट करनाहो उसदिनको लेकर और दिनोंके अंतरको वर्तमान दिनकी सूर्य गतिसे कोष्ठांतमें गुणै और ६० का भाग देनेसे जो अंक आवैं वे अंक घडीपल जानिये, परंतु पूर्णिमाके सूर्य्यसे जो पीछेका स्पष्ट करना हो तो पंचांग सूर्यके अंश घटी पल जो कोठकमें हैं उनमेंसे उन अंकोंको हीन करै जो आगे काल न होय तो उनमें जोडदे इसप्रकारसे तात्कालिक सूर्य स्पष्ट होजाताहै यह जानिये.

भुक्त दिवसोंका उदाहरण।

शकः १७६९ कार्तिक शुक्ल ९ भौमका स्पष्ट सूर्य्य कहो ॥

सूर्यकी गति.

प.	वि.
६०	४७ गति
	६ दिन ९ से १५ तक
	अंतरकोगुणै
३६०	२८२ गुणा

भाग ६०) २८२ (४ अंश

२४०

४२ शेषफल.

३६०

४ ४२ मिलावे

३६४ ४२

६४ ४२ भाग ६०) ३६४ (६।४।४२

अं. प. वि.

स्पष्ट रविका उत्तर

	रा.	अं.	क.	वि.
पंचांगस्थरवि	७	७	२१	५७
गति		६	४	४२
शेष संख्या	७	१	१७	१५

यह स्पष्ट सूर्य जानिये.

अभुक्त दिवसोंका उदाहरण।

शकः १७६५ कार्तिक कृष्ण६को सूर्य स्पष्ट लानेका क्रम पूर्णिमाका स्पष्ट रवि राशि ७ अंश७घटी २१ पल ५७ अभुक्त दिवस ६ सूर्यकी गति ६०।४७ इन अंकोंको ६ से गुणा तो हुए ३६४।४२ इनमें ६० का भाग देनेसे शेष रहे वे अंश ६ घटी ४ प. ४ इन अंकोंको सूर्यके अंश घटिका और पलों मिलावे तौ७राशि १३ अंश २६ घटी३९पल इस प्रकार होतेहैं.

अयनांशलानेकाक्रम।

शाकोवेदाब्धिवेदोनः षष्टिभक्तोऽयनांशकाः ॥
देयास्तेतुरवौस्पष्टे चरलग्नादिसिद्धये ॥

टीका—वर्तमान शकमें ४४४ घटानेसे जो शेष बचै उसमें ६० का भागदे ॥ चरस्थिर द्विस्वभाव लग्नोंकी सिद्धिके लिये उन अयनांशोंको स्पष्ट सूर्यके अंश और घटिकाओंमें मिलानेसे सायन सूर्य होजाताहै ॥

उदाहरण।

<table>
<tr><td>शके १७६९
उनसे ४४४
घटाना
१३२५</td><td>भा.६०)१३२५(२२अंश
१२०
———
१२५
१२०
———
५
६०गुणक
———
भाग६०) ३०० (५कला
३००
———
०००</td><td>७ १ १७ १५ स्पष्टरवि
२२ ५ अयनांशमिलावे.
———
७ २३ २२ १५
यह सायनसूर्यजानिये.</td></tr>
</table>

लग्नसेइष्टकाललानेकाक्रम।

स्फुटसायनभागर्कभोग्यांशफलसंमितः ॥ सायनांशतनोश्चापि
भुक्तांशफलसंयुता ॥मध्यलग्नोदयैर्युक्ताषष्ट्यातानाडिकास्तनोः॥

टीका–सायन सूर्यसे भोग्य और सायन लग्नसे भुक्त बनानेकी रीति ॥ दोनोंका योग करके सूर्य लग्नके मध्यका उदय लेकर युक्त करे फिर उसमें ६० का भाग देनेसे लग्न परसे सूर्यका भोग्यकाल स्पष्ट होजाताहै ॥ उदाहरणः–शकः १७६९ कार्तिक शुदी ९ भौमवारको स्पष्ट सूर्यकी राशि आदि ७।१। १७। १५ और अयनांश २२।५ को सूर्यके अंश और घडियोंमें मिलावे तो सायन सूर्य राश्यादि७।२३।२२।१५ यह वृश्चिक राशिका सूर्य २३ अंश २२ घटिका १५ पल हुए इनको ३० में घटाया तो भोग्यांश ६।३७।४५ सूर्य वृश्चिक राशिका है तो वृश्चिकका उदय कहिये ३३१ से भोग्यांश गुणनेसे हुए अंक २१९४ इनमें ३० का भाग देनेसे आये ७३।८ यह सूर्यका भोग्यकाल जानिये ॥

लग्नसे भुक्त लानेका प्रकार ॥ मकर लग्न वृषकी तिसको कोष्ठकमें देखकर वह स्पष्ट लग्न लेते वे राश्यादि ९। १३।२० कहिये मकर राशिकी लग्न १३ अंश २० घटिका होतीहै, इस लग्नके अंश घडीमें अयनांश २।५।५ मिलानेसे सायन लग्न १०।५।२५ हुई कुंभराशिके लग्न अंश ५ घडी २५ सायन लग्न होतीहै, लग्नके भुक्तांश ५२।५ कुंभराशिका उदय २६७ इनको गुणनेसे अंक हुए १४४६ इनमें ३० का भाग देनेसे आये ४८।१२ यही अंक लग्नका भुक्त होताहै ॥

भोग्य भुक्तसे इष्टकाल लानेका प्रकार ।

भोग्य भुक्त योग १२१।२० सूर्य अथवा लग्न जिसराशिके मध्यांतरका उदय २ धन ३१६ मकर ३१० इनका योग ६४६ भोग्य भुक्त योग १२१ इसमें मिलाये तो अंक हुए ७६७ इस युक्त अंकमें ६० का भाग दिया तो वह इष्ट कालकी घटी १२ पल ४७ हुए इन पलोंमें वृत्तिके ५ पल जोडनेसे स्पष्ट इष्टकाल १२।५२ आय जाताहै ॥

उदाहरण

सायन सूर्यसे भोग्यलानेका क्रम

अंश	घटी	पल
३०		
२३	२२	२५
	३७	४५

३३१ गुणक

१९८६ | ३३१७ | १६५५

२०८   ९९३   १३२४

२१९४   १२२४७   भाग ६०) १४८९५ (घटिका २४८

२४८ | १२०

भाग ६०) १२४९५ (अं २०८ | २८९

१२०   २४०

४९५   ४९५

४८०   ४८०

१५ शेष   १५ शेषपल

रविके भोग्य काल लानेका प्रकार

अंश   घटी

भाग ३०) २१९४   १५ (७३।८

२१०

९४

९०

४

६० गुणक

२४०

१५ शेषघटि

भाग ३०) २५५ (८ शेष

२४०

१५ शेष

लग्नसे भुक्तकाल लानेकाक्रम ।

रा अं क.
९ १३ २० मकरलग्न
. २३ ५ अयनांशमिलावे
१० ५ २५ सायनलग्नभुक्त
२६७ लग्नकाउदय
१३३५ १७५
१३३५ १७५
१११ १५०
१४४६ ५० अंश
६०)६६७५(१११
६०
६७
६०
७५
६०
१५

अभुक्तांश.
भाग ३०) १४४६ (१४५.१२
१२०
२४६
२४०
६
६० गुणक
भाग ३०) ३६० (१२
३६०

इष्टकाल.
धन ३३६
मकर ३१० मिलावे
६४६
१२१ यह भुक्त मिलावे
भाग ६०) ७६७ (१२ घ्न
६०
१६७
१२०
४७
६० गुणक
भाग ६०) २८२० (४७ पल
२४०
४२०
४२०

भुक्तभोगयोग.
४८ १२ भुक्त
७३ ८ भोग्या
१२१ २० सूर्य व लग्न इनराशिको मध्यन्तरका उदय.
उत्तर इष्टघटिका
घ. प.
१२ ४७
५ प्रवृत्तिकाफल.
१२ ५२ उत्तर इष्ट घटी.

इष्टकाल समयका तत्कालसूर्यसाधन।

तत्कालभवस्तथाघटिकाभ्याःखरसैर्लब्धकलोनसंयुतःस्यात् ॥

टीका—इष्ट घडीमें सूर्य लाना होय तौ उसको और उससे सूर्यकी घडियों गुणाकर६०का भागदे जो लब्धि होय उसमें जो सूर्य गत होय तो हीन करै और भोग होय तो उसमें युक्त करनेसे तत्काल सूर्य आजाताहै ॥

उदाहरण।

शकः १७६१ कार्तिक शुदी ९ भौमवारके दिन प्रातःकालका सूर्य ७।१।१७।१५ है तो कहो कि, सायनसूर्य कितना होगा ॥

इष्ट घडीकी गतिका गुणाकार

	१२	५२	इष्टघटी
ग. ६०	७२०	३१२०	
४७	५६४	२४४४	
	७२०	३६८४	२४४४

इनका भाग ६०) ७८२ (१३।२
६०
१८२
१८०
२
६० गुणक
भाग २०) १२०
१२०

घटीपलोंका भागाकार

७२०	३६८४	६०) २४४४
६२	४०	२४
७८२	३७२४	८६२

३६०
१२४
१२०

७	१	१७	१५	प्रातःकालका रवि
		१३	२	गम्यघटि
७	१	३०	३५	
		३२	९	अयनांश
७	२३	३५	१७	सायनतत्कालसूर्य

इष्टघटीसे लग्न लानेका क्रम।

तत्कालार्कःसायनोस्योदयघ्ना भोग्यांशा खत्र्युद्धृता भोग्यकालः ॥ एवंयातांशैर्भवेद्यातकालो भोग्यः शोध्योभीष्टनाडीपलेभ्यः॥तदनुजहीहिनगृहोदयांश्चशेषंगगनगुणघ्नमशुद्धहृल्लवाद्यम्॥ सहितमजादिगृहैरशुद्धपूर्वैर्भवतिविलग्नमदोऽयनांशहीनम् ॥

टीका—पीछे सायन सूर्य जिस राशिमें होय उसका उदय लेना चाहिये और सायन सूर्यके अंशादिकोंको ३० अंशोंमें हीन करे वे भोग्यांश जा-

निये और उदयको भोग्यांशसे गुणिके ३० का भाग दे तो सूर्यका भोग्यकाल निकल आवै । सूर्यका गतकाल लानेका क्रम ॥ सायन सूर्यके उदयमें उसीके अंशादिकोंको गुणिके ३० का भाग दे तो भुक्तकाल आजायगा इष्ट घटियोंके पल करके उसमें भोग्यकाल हीन करे शेष जिस राशिमें सूर्य उदय होगा वह राशि आगे जितनी राशि उदयराशिमें कम होगी उनको घटादे जो उदय न घटे तो अशुद्ध जानिये और शेष अंकोंको ३० से गुणाकर अशुद्ध उदयसे भाग दे तो अंशादिक आवेंगे उसमें शेष राशिसे अशुद्ध राशि- को पूर्व राशितक युक्त करना चाहिये और उसमें अयनांश हीन करे तो लग्न स्पष्ट होजाताहै॥ उदाहरण ॥ पीछे जो सायनसूर्य आयाहै वो ७।२३।३५। १७ उसका उदय ३३१ सूर्यके अं. २३।३५।१७ये ३० अंश में हीन करे शेष बचै वह भोग्यांश ६।२४।४३ इनको उदयसे गुणै वे अंक २१२२ इनमें ३० का भाग दे तो भोग्यकाल निकल आवै ॥ उसके हिसावका क्रम-

```
३०      ३'१      १७  सायन सूर्यके अंश घटावै
२३
६       २४       ४३  शेष भोग्य
                 ३३१ उदय

अंश               कला                     विकला
११९६              १२२४                     ४३
 १३६               ६६२                    १२९
३० ) २१२२ ( ७०     ७९४४                    १२९
 २१०                २३७        भाग ३० ) १४२३३ ( २३७ कला
  २२      ६० ) ८१८१ ( १३६ अं              १२०
 ६० गुणक            १६०                    २२३
३०) १३२० (४४        २१८                    १८०
 १२०                १८०                    ४२१
 १२०                ३८१                    ४२०
 १२०                ३६०                     १३
   ०                 २१
```

उत्तर ७० पल ४४ विपल इस प्रकार भोग्य काल जानिये.

इष्ट घटीमें १२।५२ इनके पल ७७२ इस अंकमें भोग्यकाल घटाया तो

शेष अंक७०।१।१६धन राशिका उदय३३६वा मकर राशिका उदय३१० इन दोनोंका योग६६४शेष अंक में न्यून किया तो रहे ५५।३६इन अंकोंमें कुंभराशिका उदय २६७ घटा नहीं सकते इसलिये अशुद्ध उदय जानिये॥.

इष्ट घटी	१२	
गुणक	६०	५२
	७२०	
	५२	
	७७२	
भोग्यकाल	७०	४४
धनराशिकाउदय	७०१	१६
मकरराशिकाउदय	६४६	इन अंक
	५५	१६ सकता इसलिये अशुद्ध उदय कहते हैं

अंशादि५५।१६इनको ३० से गुणे वे अंक १६। ५८हुए इनका अशुद्ध उदयमें भागदे जितने भाग आवें वे अंश और शेष अंश ५६को ६०से गुणा तो हुए ३३६० फिर इनके उदयमें भाग दिया तौ घटी१२और शेष १५६कोद०से गुणा तौ हुये९३६० फिर उनके उदयमें भाग दिया तो पल ३५मेष राशिसे अशुद्धकी पूर्वराशितक राशि १० और पहलीके अंशादिक ६।१२।१५ तिनके और राशिके अंशोंके लिखनेसे स्पष्ट सायनलग्न१०। ३६।१२।३५ अयनांश १२।५ सायनलग्नके अंश घटियोंमें घटानेसे स्पष्ट लग्न ९।१४।७।३५ मकर लग्न१४अंश ७ घटिका ३५फल जानिये॥

शेषांक १९	१६	५६	१५६
१६५०	३० गुणक	६० गुणक	६० गुणक
८	६०) ४८० (८	२६७)३३६० (१२ घ	२६७)९३६०(३९ प.
२६७) १६१८(६अं.	४८०	२६७	८०१
१६०२		६९०	१३५०
५६		५३४	१३३५
		१५६	१५

राशि	अंश	घटी	पल	
१०	६	१२	३९	
	१२	५		अयनांश घटावे
	१४	७	३५	

इस प्रकार मकर लग्नका प्रमाण १४ अंश ७ घटी ३५ पल जानिये॥

सूर्य और लग्न एक राशिके हो तौ इष्टलानेका क्रम ।

यदितनुदिननाथावेकराशौतदंशांतरहतउदयःस्यात्खाग्नि-
हृत्त्विष्टकालः ॥

टीका—सूर्य और लग्न एक राशिके होंतो दोनोंका अंतर निकाले और तिसको राशिके उदयसे गुणै ३०का भागदे जो लब्धि होय सोई इष्टकाल जानै और रात्रिमें लग्न अथवा इष्टकाल निकालना होय तो सूर्यकी राशि६ उसमें मिलावै.

लग्नके शुभाशुभ ग्रहोंका विचार ।

लग्ने चन्द्रखलारिपौशशिसितौसर्वेद्युनेखेबुधोऽब्जोंऽत्येगुःसुख-
गोष्टमाःकुजशुभाःशुक्रस्तृतीयःशुचे ॥ लाभेसर्वेखगाःशुभा
अखिलगारूयष्टारिगाःस्युःखलाश्चंद्ररूयंबुधने श्रियेंशभहृके-
ट्रस्यान्मृत्यवेऽष्टारिगः ॥

टीका—लग्नमें चंद्रमा और पापग्रह अथवा लग्नसे षष्ठस्थानी शुक्र और चंद्र और सप्तमस्थानमें कोईग्रह होय, दशमस्थानमें बुध, द्वादशमें चंद्र, चतुर्थ-स्थानीराहु, अष्टमस्थानी मंगल व शुभग्रह, और तृतीयस्थानमें शुक्र, ऐसे लग्नके ग्रह होंय तो अनिष्ट शोककारक अशुभस्थानी ग्रह जानिये ॥

लग्नसे एकादशस्थानमें संपूर्ण ग्रह और निंद्यस्थान वर्जितके और शेष स्थानमें शुभग्रह होय और तृतीय अष्टम तथा षष्ठस्थानमें सूर्य और २ । ३ चतुर्थ स्थानमें चंद्रमा होय तो शुभलक्ष्मीकारक जानै, लग्नका स्वामी अथवा अंशका स्वामी अथवा द्रेष्काणका स्वामी ये षष्ठ वा अष्टमस्थानमें होय तो मृत्युदायक जानिये ॥

पंचभिरिष्टं पुष्टमनिष्टैररिष्टमादेश्यम् ॥
स्थानादिफलमृद्धिश्चतुर्भिरपि कथ्यते यवनैः ॥

टीका—लग्नोंके पांचग्रह शुभस्थानी होय तो पुष्टिकारक होतेहैं और अशुभ हो तो अनिष्टकारक होतेहैं और यवनादिमतसे चारग्रहभी इष्टकारकजानिये.

षड्वर्गशुद्धि जाननेका क्रम।

गृहं होरा च द्रेष्काणो नवांशो द्वादशांशकः ॥
त्रिंशांशश्चेति षड्वर्गास्ते सौम्यग्रहजाः शुभाः ॥

टीका–प्रथम जाननेमें लग्न १ होरा २ द्रेष्काण ३ नवांश ४ द्वादशांश ५ त्रिंशांश ये ६ छः वर्ग इनमें शुभग्रहोंके वर्ग शुभ होतेहैं ॥

त्रिंशांशादिकथनम्।

त्रिंशद्भागात्मकंलग्नंहोरातस्यार्द्धमुच्यते ॥ लग्नात्त्रिभागोद्रेष्काणोनवांशोनवमांशकः॥द्वादशांशोद्वादशांशस्त्रिंशांशस्त्रिंशदंशकः॥

टीका--लग्नके अंश ३०होतेहैं तिनका अर्ध १५अंश होरा कहताहै और लग्नही का तीसराभाग १० ऐसे३ तीन द्रेष्काण होतेहैं और नवम भाग नवांश और तिसका बारहवां भाग द्वादशांश और तीसवाँ भाग त्रिंशांश इस-रीतिसे एकलग्नके ३० अंश होतेहैं और उन्हीं तीस अंशोंके छः वर्ग होतेहैं.

आदौ गृहज्ञानम्।

यस्य ग्रहस्य यो राशिस्तस्य तद्गृहमुच्यते ॥

टीका–जिस ग्रहकी जो राशि होय सो गृह उसीका कहा जाताहै ॥

ग्रह	भौ	शुक्र	बुध	चन्द्र	सूर्य	बुध	शुक्र	भौम	गुरु	शनि	शनि	गुरु
राशि	मेष	वृष	मिथु	कर्क	सिंह	क.	तुला	वृश्चि	धन	मक.	कुंभ	

होराकथनं--सूर्येंद्वोर्विषमे लग्नेहोराचन्द्रार्कयोःसमे ॥

टीका–विषमलग्नमें १५ अंशतक सूर्यका होरा तदनंतर चन्द्रमाका होरा जानिये, सम लग्नमें १५ अंशके अन्तलग्न होय सो चंद्रमाका होरा तिसपीछे सूर्यका जानिये. होरा चंद्रमाका शुभ और सूर्यका अशुभ ॥

लग्न	मे ०	वृ १	मि २	क ३	सिं ४	क ५	तु ६	वृ ७	ध ८	म ९	कुं १०	मी ११
अंश १५	सू	चं	मू	चं	सू	चं	सू	चं	सू	चं	सू	चं
अंश ३०	चं	मू	चं	सू	चं	मू	चं	सू	चं	सू	चं	सू

द्रेष्काणकथनम्।

द्रेष्काणआद्योलग्नस्य द्वितीयःपंचमस्यच ॥

द्रेष्काणश्चतृतीयस्तु लग्नान्नवमराशिपः ॥

टीका–प्रथम द्रेष्काण कहिये लग्नके ३० अंश तिनमेंसे १० अंशका एक द्रेष्काण ऐसे २० अंश ३० अंश तीन द्रेष्काण होतेहैं प्रथम द्रेष्काणका स्वामी लग्नका स्वामी होताहै द्वितीयद्रेष्काणका पंचमस्थानका स्वामी होताहै और तृतीयद्रेष्काणका नवम स्थानका स्वामी होताहै शनि मंगल सूर्यका द्रेष्काण अशुभ जानिये ॥

लग्न	मेष	वृष	मि०	कर्क	सिंह	क०	तुला	वृ.श्च	धन	मकर	कुंभ	मीन
१ अ १०	मं०	शु०	बु०	चं०	र०	बु०	शु०	मं०	गु०	श०	श०	गु०
२ अं १०	र०	बु०	शु०	मं०	गु०	श०	श०	गु०	मं०	शु०	बु०	चं०
३ अं १०	गु०	श०	श०	गु०	मं०	शु०	बु०	चं०	र०	बु०	शु०	मं०

सप्तांश ।

	मेष ०	वृषभ १	मि० २	कर्क ३	सिंह ४	क० ५	तूळ ६	वृ० ७	धन ८	मकर ९	कुंभ १०	मीन ११
४ १७	१	८	३	१०	५	१२	७	२	९	४	११	६
८ ३४	२	९	४	११	६	१	८	३	१०	५	१२	७
१२ ५१	३	१०	५	१२	७	२	९	४	११	६	१	८
१७ ८	४	११	६	१	८	३	१०	५	१२	७	२	९
२१ २५	५	१२	७	२	९	४	११	६	१	८	३	१०
२५ ४२	६	१	८	३	१०	५	१२	७	२	९	४	११
३० ०	७	२	९	४	११	६	१	८	३	१०	५	१२

लग्नकानवांश ।

ग्नेनवांशामेषतःस्मृताः । वृषकन्यामृगे लग्ने मकरान्नवमांशकः ॥ कर्कालिमीनलग्नेषुनवांशाःकर्कतःस्मृताः ॥ नृयुग्मतौलिकुंभेषु तौलितः स्युर्नवांशकाः ॥

टीका–मेष सिंह धन इन लग्नोंका नवांशका क्रम मेषसे जानिये और वृष कन्या मकर इनका मकरसे क्रम और मिथुन तुल कुंभका तुलसे क्रम कर्क वृश्चिक मीन इनलग्नोंका नवांश कर्कराशि जानना चाहिये. नवांश सूर्य मंगल शनिका अशुभ होताहै ॥

		मे	वृ	मि	कर्क	सिं	क	तू	वृ	ध	म	कुं	मी
३	२०	मं	श	शु	चं	मं	श	शु	चं	मं	श	शु	चं
६	४०	शु	श	मं	र	शु	श	मं	र	शु	श	मं	र
१०	०	बु	गु	गु	बु	बु	गु	गु	बु	बु	गु	गु	बु
१३	२०	चं	मं	श	शु	चं	मं	श	शु	चं	मं	श	शु
१६	४०	र	शु	श	मं	र	शु	श	मं	र	शु	श	मं
२०	०	बु	बु	गु	गु	बु	बु	गु	गु	बु	बु	गु	गु
२३	२०	शु	चं	मं	श	शु	चं	मं	श	शु	चं	मं	श
२६	४०	मं	र	शु	श	मं	र	शु	श	मं	र	शु	श
३०	०	गु	बु	बु	गु	बु	बु	गु	गु	गु	बु	बु	गु

द्वादशांशकथन ।

लग्नस्य द्वादशांशास्तु स्वराशेरेव कीर्त्तिताः ॥

।—लग्नके अंश ३० तिनके भाग १२ द्वादश कहातेहैं तिनका क्रम चलते लग्नसे जो पर्यंत लग्नके अंश हों ताके स्थानसे जो द्वादशांश पति जानिये. तिनमें मंगल शनि रवि इनके अंश अशुभ होतेहैं ॥

(	मे	वृ	मि	कर्क	सिं	क	तु	वृ	ध	म	कुं	मी
२ ३०	मं	शु	बु	चं	र	बु	शु	मं	गु	श	श	गु
५ ०	शु	बु	चं	र	बु	शु	मं	गु	श	श	गु	मं
७ ३०	बु	चं	र	बु	शु	मं	गु	श	श	गु	मं	शु
१० ०	चं	र	बु	शु	मं	गु	श	श	गु	मं	शु	बु
१२ ३०	र	बु	शु	म	गु	श	श	गु	मं	शु	बु	चं
१५ ०	बु	श	मं	गु	श	श	गु	मं	शु	बु	चं	र
१७ ३०	शु	मं	गु	श	श	गु	मं	शु	बु	चं	र	बु
२० ०	मं	गु	श	श	मं	शु	बु	चं	र	बु	बु	शु
२२ ३०	गु	श	शु	गु	मं	शु	बु	चं	र	बु	शु	मं
२५ ०	श	श	गु	मं	शु	बु	चं	र	बु	शु	मं	गु
२७ ३०	श	गु	मं	शु	बु	चं	र	बु	शु	मं		शु
३० ०	गु	म	शु	बु	चं	र	बु	शु	मं	गु	श	शं

विषमत्रिंशांश ।

कुजार्किगुरुविच्छुक्रास्त्रिंशांशपतयः क्रमात् ॥
पंचपंचाष्टशैलेषु भागानां विषमेगृहे ॥

टीका—विषमलग्नमें पंचमांश लग्नपर्यंत होय तो भौमके आगे ५ अंश शनिके ५ गुरु ८ अंश तिसके आगे ७ अंश बुधके और ५ अंश शुक्रके इसक्रमसे विषम लग्नमें त्रिंशांशपति जानो इनमें मंगल शनि अशुभ जानिये॥

अं.	मे	मि	सिं	तु	ध	कुं
५	मं	मं	मं	मं	मं	मं
५	श	श	श	श	श	श
८	गु	गु	गु	गु	गु	गु
७	बु	बु	बु	बु	बु	बु
५	शु	शु	शु	शु	शु	शु

समत्रिंशांश ।

शुक्रज्ञेज्यार्किभूपुत्रास्त्रिंशांशपतयः समे ॥
पंचांगेष्वेषु पंचानां भागानां कथिता बुधैः ॥

टीका—सम लग्नमें प्रथम ५ अंश पर्यंत शुक्र तिसके आगे ७ अंश बुध तिसके आगे ८ अंश गुरु तिसके आगे ५ अंश शनि तिसके आगे ५ अंश मंगल ये सम लग्नमें त्रिंशांशपति जानिये. तिसमें मंगल शनि अशुभहैं ॥

अं.	वृ	क	क	वृ	म	मी
५	शु	शु	शु	शु	शु	शु
७	बु	बु	बु	बु	बु	बु
८	गु	गु	गु	गु	गु	गु
५	श	श	श	श	श	श
५	मं	मं	मं	मं	मं	मं

षड्वर्गजाननेकाक्रम ।

टी०-कार्तिक शुक्ल९मंगलवार लग्न मकर अंश १४घटिका११पल५१स्वामी शनि सो गृहेश ॥ ये षड्वर्ग तिनमें शनि अशुभ शेष ५ वर्ग शुभ जानिये॥

गृहेश	होरा	द्रेष्का.	नवमां	द्वादशां	त्रिंशां
शनि	चंद्र	शुक्र	शुक्र	बुध	गुरु

उत्कांश ।

मेषेषष्ठघटौवृषेत्रिद्दगिनाद्वंद्वेद्रिगोकाग्नयः कीटेऽध्यं
गनवाद्रयोर्केभवनेगाश्वाःस्त्रियांत्र्यर्कषट् ॥ जूकेका-
द्रिखगा अलौगवगषट् चापेत्रिषड्गोद्रयोनर्केशारुयरु-
णाघटेझषवृषौमीनेद्रिगोषट्शुभाः ॥

रा. उ.	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कु.	मी.
अंश	६	३	७	४	६	६	१२	९	३	३	१२	७
	७	३	९	६	७	१२	७	७	६	१२	२	९
		१२	१२	९		६	९	६	९			६
			३	७					७			

षड्वर्गं पंचवर्गं वा चतुर्वर्गमथापिवा ॥
केश्चित्त्रिवर्गसत्प्रोक्तंद्व्येकवर्गं तनुंत्यजेत् ॥

टीका—६ अथवा ५ किंवा ४ वर्ग लग्नके होंय तो लग्न बलिष्ठ होय और किसी२के मतसे३ वर्ग शुभ होतेहैं और दो एक होंय तो लग्न वर्जनीयहै ॥

लग्नांशफल ।

लग्नेचतुर्दशोभागो वृषस्यमकरस्यच ॥
कन्याकर्कटमीनानामष्टमे द्वादशेलिनः ॥

टीका—वृष मकर इनके १४ अंश कन्या कर्क मीनके ८ अंश और वृश्चिकके १२ अंश ये शुभ फल देतेहैं ॥

कुंभस्यांशेचषड्विंशे चतुर्विंशे च तौलिनः ॥
नृयुक्कामुकयोर्लग्नं शुभंसप्तदशांशके ॥

टीका—कुंभके २६ अंश तुलके २४ मिथुनके ७ और धनुके १० अंश शुभहैं इस प्रकारसे जानिये ॥

एकविंशतिमेभागेमेषस्याष्टादशेहरेः ॥
संपूर्णफलदंचादौ मध्येमध्यफलप्रदम् ॥

टीका—मेषके २१ अंश सिंहके १८ ऐसे लग्नों आदिमें संपूर्ण और मध्यम फल अंश अनुसार जानिये ॥

लग्नवर्गोत्तमलक्षण ॥ अंतेतुच्छफलंलग्नंयदिवर्गोत्तमंनचेत् ॥
लग्नस्यस्वनवांशोयः सवर्गोत्तमउच्यते ॥

टीका—लग्नके अंत भागमें वर्गोत्तम न होय तो लग्न अनिष्ट फल देताहै और लग्न अपने नवांशमें होय तो वर्गोत्तम कहिये ॥

गोधूललग्नकाकथन ।

गोधूलंपद्जादिके शुभकरंपंचांगशुद्धौरवेरर्धास्तात्परपूर्वतो-
र्धघटिकंतत्रेंदुमष्टारिगम् ॥ सोग्रांगंकुजमष्टमंगुरुयमाहःपात-
मर्कक्रमजह्याद्रिप्रमुखेतिसंकटइदंसद्यौवनाद्येक्कचित् ॥

टीका—शूद्रादिकोंको पंचांग शुद्ध देख करिके सूर्यके अर्द्धास्तसमय प्रथम और पश्चात् १५ पल गोधूलीकाल शुभ और गोधूललग्नसे षष्ठ और अष्टम स्थानी चंद्रमा और पापग्रह भौम अष्टमस्थानी और गुरु शनि ये वार और क्रांति दिन इत्यादिक दुष्टयोग वर्जिके शुभ और किसीके मतमें वि-प्रादिकके अति संकटमें वर और कन्या होय तो गोरज शुभ होय ॥

वधूप्रवेश॥विवाहमारभ्यवधूप्रवेशो युग्मेथवाषोडशवासरांतात् ॥
तदूर्ध्वमध्येयुजिपंचमांतादतः परस्तान्नियमोनचास्ति ॥

टीका—विवाहसे सम १६ दिवस पर्यंत वधूप्रवेश कहाहै आगे पांच वर्ष पर्यंत विषममासादिक कहेहैं आगे स्वेच्छा ॥

उक्तमासादि ॥ माघफाल्गुनवैशाखेशुक्लपक्षेशुभेदिने ॥
गुर्वाद्यस्तविशुद्धौस्यान्नित्यंपत्नीद्विरागमः ॥

टीका—माघ फाल्गुन और वैशाख शुक्लपक्षमें शुभदिवसमें गुरु आदि अस्त वर्जिके द्विरागमन उक्तहै ॥

नीहारांशुयुगुत्तरादितिगुरुब्राह्मानुराधाश्विनीशाक्रोभास्कर-
वायुविष्णुवरुणत्वाष्ट्रेप्रशस्तेतिथौ ॥ कुंभाजालिगतेरवौशुभ-
करेप्रातोदयेभार्गवेजीवज्ञास्फुजितांदिने नववधूवेश्मप्रवेशःशुभः ॥

टीका—मृग तीनों उत्तरा पुनर्वसु पुष्य रोहिणी अनुराधा अश्विनी ज्येष्ठा हस्त स्वाती श्रवण शततारका चित्रा ये नक्षत्र और कुंभ मेष वृश्चिक इनराशियोंके सूर्य शुक्रादिका उदय और गुरु बुध चंद्रये वार ऐसे शुभदिवसमें प्रवेशकरावे

नूतनपल्लवधारणका मुहूर्त ।

हस्तादिपंचमृगपूषभदस्रभेषु विष्णुद्वयेबुधदिने गुरुशुक्रवारे ॥
स्त्रीणांशुभंप्रथमपल्लवधारणंस्यात्पाणिग्रहोक्तसमये खलुपीतवस्त्रैः ॥

टीका–हस्तसे पांच और मृगशिर पुनर्वसु अश्विनी श्रवण धनिष्ठा ये नक्षत्र और बुध गुरु शुक्र ये वार और वे ग्रह होंय जो विवाह कालमें कथित हैं ऐसे दिवसमें नूतन पीतवस्त्र करिके स्त्रियोंको प्रथम पल्लवधारण करावे ॥

गंधर्वविवाहमुहूर्त ।

शूद्रांत्येषुपुनर्भवापरिणयः प्रोक्तोविवाहोक्तभैर्नोलोक्यं तिथिमासवेधभृगुजेज्यास्तादि तत्रार्कभात् ॥ त्रित्र्यक्षेषुमृतिर्धनंमृतिमृती पुत्रोमृतिर्दुर्भगं श्रीरौन्नत्यमथोधृतीशकृततत्वर्क्षेत्ययःसाभिजित् ॥

टीका–शूद्र आदि और रजक आदि और अन्यजाति जिनकी स्त्रियोंका पुनर्विवाह होजाता है उनके धरेजेका मुहूर्त विवाहनक्षत्र अवश्य देखे. मास तिथि वार गुरु शुक्र इनके उदय अस्तका कुछ दोष नहीं और सूर्यनक्षत्रसे दिवसनक्षत्र पर्यंत नक्षत्र गिने, क्रमसे प्रथम ३ मरण द्वितीय ३ धन ३ मरण चतुर्थ ३ मरण पंचम ३ पुत्रलाभ षष्ठ ३ मरण सप्तम ३ अष्टम ३ लक्ष्मी नवम ३ औन्नत्य और सूर्यनक्षत्रसे चौथे ग्यारहवें पच्चीसवें इन चारस्थानोंके नक्षत्र शुभ और शेष नक्षत्र सब अशुभ होते हैं.

दूसरेमतअनुसार ।

इंद्रादितिशिवाश्लेषा आग्नेयंवारुणंतथा ॥
अश्विनीवसुदैवत्यंपट्टकालेशुभंस्मृतम् ॥

टीका–ज्येष्ठा पुनर्वसु, आर्द्रा आश्लेषा कृत्तिका शततारका अश्विनी धनिष्ठा ये नक्षत्र धरेजा करनेमें शुभ जानिये ॥

दत्तक पुत्र लेनेका मुहूर्त्त ।

हस्तादिपंचकभिषग्वसुपुष्यभेषुसूर्यर्क्षमाजगुरुभार्गववासरेषु ॥
रिक्ताविवर्जिततिथौ अलिकुंभलग्नेसिंहे वृषेभवतिदत्तपरिग्रहोयम्

टीका–हस्त चित्रा स्वाती विशाखा अनुराधा अश्विनी धनिष्ठा पुष्य

और रविवार मंगलवार गुरुवार शुक्रवार ये उक्तहैं और चतुर्थी नवमी चतुर्दशी वृश्चिक कुंभ ये लग्न वर्जित और सिंह वृष ये लग्न शुभहैं ॥

वास्तुप्रकरण ।

ग्रामादिअनुकूल ।

ग्रामादेरनुकूलत्वंदिशोभूतग्रहस्यच ॥
मासधिष्ण्यादिशुद्धिंच वीक्ष्यायव्ययभांशकाम् ॥

टीका—ग्राम दिशा और भूतग्रह इनके अनुकूल देखिके मास व नक्षत्रशुद्धि और आय व्यय व लग्न अंशशुद्धि शुभ देखिलीजिये ॥

ग्रहबल ।

गुरुशुक्रार्कचंद्रेषु स्वोच्चादिबलशालिषु ॥
गुर्वर्केदुबलंलब्ध्वा गृहारंभःप्रशस्यते ॥

टीका—गुरु शुक्र सूर्य चंद्र इनको अपने उच्चादिक स्थानोंमें बलयुक्त देखिके और सूर्य चंद्र गुरु इनका बल पाके गृहका आरंभकरना शुभहै ॥

॥ वर्ज्य ॥ विवाहोक्तान्महादोषानृतेजामित्रशुद्धितः ॥
रिक्ताकुजार्कवारौच चरलग्नंचरांशकम् ॥

टीका—जामित्रशुद्धि बचाके विवाहके जो दोष कहेहैं वे सब वर्जितहैं और रिक्तातिथि भौमवार रविवार वा चरलग्न और लग्नोंके अंश वर्जितहैं ॥

त्यक्त्वाकुजार्कयोश्चांशंपृष्ठेचाग्रेस्थितंविधुम् ॥
बुधेज्यराशिगं चार्ककुर्याद्गेहंशुभाप्तये ॥

टीका—रवि भौमके अंश और पीछे वा आगे स्थित चंद्र वर्जितहैं ॥ मिथुन कन्या धन और मीन इन राशियोंका सूर्य गृहारंभ करनेमें शुभहै ॥

द्वारशुद्धि ।

निष्पंचकेस्थिरेलग्नेद्व्यंगेवाऽऽलयमारभेत् ॥

टीका—प्रथम द्वारशुद्धि और वृषचक्रसे नक्षत्रशुद्धि देखि करी पंचक रहित स्थित वा द्विस्वभाव लग्नमें प्रारंभ कीजिये ॥

ग्रामअनुकूल।

स्वनामराशेर्यद्ग्राशिर्द्विशरांकेशदिङ्मितः ॥
सग्रामः शुभदः प्रोक्तस्त्वशुभः स्यात्ततोन्यथा ॥

टीका-अपनी राशिसे २।५।९।११।१० जिस ग्रामकी राशि होय वह शुभ और अन्यथा अशुभ जानिये ॥

एकभेसप्तमेव्योम गृहहानिस्त्रिषष्ठगे ॥
तुर्याष्टद्वादशेरोगाःशेषस्थानेभवेत्सुखम् ॥

टीका-एक राशि अथवा सप्तम होय तो शून्य तीसरी अथवा सप्तम होय तो गृहकी हानि, चौथी आठवीं बारहवीं अथवा जन्मकी होय तो रोगकारक जानिये और शेष स्थान शुभहै ॥

जातकजाननेकाक्रम।

अकचटतपयशवर्गाअष्टौक्रमतः स्मृताः ॥ एकोनखेषुवर्णानां स्वरशास्त्रविशारदैः ॥ अवर्गेषोडशज्ञेयाःस्वराःकादिषुपंच-सु ॥ पंचपंचैववर्णाःस्युर्यशौतुचतुरक्षरौ ॥

टीका-अवर्गादि शवर्गपर्यंत ४९ अक्षरहैं तिनमें अवर्गके स्वर १६ और कवर्गके पवर्ग पर्यंत ५ तिनके अक्षर २५ और यश इन दोनों वर्गोंके अक्षर चार २ होतेहैं यह स्वरशास्त्रके ज्ञाता कहतेहैं ॥

वर्गोंकेस्वामी।

तार्क्ष्यमार्जारसिंहश्वसर्पाखुगजमेषकाः ॥
वर्गेशाःक्रमतोज्ञेयाःस्ववर्गात्पंचमोरिपुः ॥

टीका-अवर्गका स्वामी गरुड १ कवर्गका मार्जार २ चवर्गका सिंह ३ टवर्गका श्वान ४ तवर्गका सर्प ५ पवर्गका मूषक ६ यवर्गका गज ७ शवर्गका मेष ८ इस क्रमसे वर्गोंके स्वामी जानिये और जिस वर्गका अक्षर अपने नामका होय उससे पांचवे वर्गका स्वामी उसका रिपु जानिये और चौथा मित्र और तृतीय उदासीन जानिये ॥

काकिणी।

स्ववर्गंद्विगुणंकृत्वापरवर्गेणयोजयेत् ॥

अष्टभिश्चहरेद्भागंयोधिकःसऋणीभवेत् ॥

टीका—अपने नामके वर्गको द्विगुणाकरे उसमें ग्रामादिकका वर्ग मिलावे और आठका भागदे पुनि ग्रामादिकका वर्ग द्विगुण करके अपने नामका वर्ग मिलावे पूर्ववत् आठका भागदे इन दोनोंमेंसे जिसके शेष अधिक बचे सो उसका अर्थात् न्यूनवालेका ऋणी जानिये ॥

चंद्रमाकेमुखजाननेकाविचार ।

वाह्नान्मैत्रान्नगर्क्षस्थेचंद्रेयाम्योत्तराननम् ॥
पित्र्याद्वासवतस्तद्वत्प्राक्परास्याद्गृहंशुभम् ॥

टीका—कृत्तिकासे ७नक्षत्रोंका चंद्रमा होय तो गृहोंका मुख दक्षिणको और अनुराधासे ७ नक्षत्रोंका चंद्र होय तो गृहोंका मुख उत्तरको और मघासे ७ नक्षत्रोंका चंद्रमा होय तो गृहोंका मुख पूर्वको और धनिष्ठासे ७ नक्षत्रोंका चंद्रमा होय तो गृहोंका मुख पश्चिमको शुभ जानिये ॥

आयादिसाधन ॥ गृहेशकरमानेनगृहस्यायादिसाधयेत् ॥
करैश्चेन्नेष्टमायादि साध्यमंगुलितस्तथा ॥

टी०गृहस्वामीकेहस्तमानसे अथवाअंगुलीमानकरकेइष्टआयादिसाधनकरे

क्षेत्रफल ।

विस्तारगुणितंदैर्घ्यंगृहक्षेत्रफलंलभेत् ॥
तत्पृथग्वसुभिर्भक्तंशेषमायोध्वजादिकः ॥

टीका—ध्वज आदि साधनका प्रकार ॥ चौडाई लंबाई अथवा लंबाई चौडाईको आपसमें गुणनेसे क्षेत्रफल जानिये ॥ और उसीमें आठका भागदेनेसे जो शेष बचे सो ध्वजआदि आय जानिये ॥

आयोंकेनाम ॥ ॥ ध्वजोधूम्रोथसिंहःश्वासौरभेयःखरोगजः ॥
ध्वांक्षश्चैवक्रमेणैतदायाष्टकमुदीरितम् ॥

टीका—ध्वज १ धूम्र २ सिंह ३ श्वान ४ बैल ५ गर्दभ ६ हस्ती ७ काक ८ या क्रम करिके आयाष्टक जानिये ॥

वर्णानुसारउक्तआय—ब्राह्मणस्यध्वजोज्ञेयःसिंहोवैक्षत्रियस्यच ॥
वृषभश्चैववैश्यस्यसर्वेषांतु गजःस्मृतः ॥

टीका-ब्राह्मणको ध्वजा आय, क्षत्रीका सिंह, वैश्यका वृषभ और सर्व वर्णोंके गज आय उक्तहैं ॥

मतांतरसेआयोंकाफल।

ध्वजेकृतार्थो मरणंचधूम्रे सिंहेजयश्वाथशुनिप्रकोपः ॥
वृषे च राज्यं च खरेचदुःखंध्वांक्षेमृतिश्चैवगजेसुखंस्यात् ॥

टीका--ध्वजआयका फल कृतार्थ, धूम्रायका मरण, सिंहायका जय, श्वान आयका कोप, वृषआयका राज्य, खरआयका दुःख, ध्वांक्ष आयका मृत्यु और गजआयका फल सुखप्राप्ति होती है ॥

नक्षत्रअनुसारव्ययसाधन ॥ पूर्वद्वारेवृषःश्रेयान्गजः प्राग्य-
मादिङ्मुखः ॥ क्षेत्रमष्टाहतंधिष्ण्यैर्विभक्तंस्याद्गृहस्यभम् ॥
भेष्टभक्तेव्ययः शेषमायादल्पोव्ययःशुभः ॥

टीका-पूर्वाभिमुख गृहोंका वृषाय और गजाय श्रेयस्कर होताहै और पूर्व दक्षिणाभिमुख गृहोंका गजाय कहाहै पूर्वमेंके क्षेत्रफलको आठ से गुणाकरै और २७ का भागदे शेष बचैं सो घरके नक्षत्र जाने उन नक्षत्रोंमें ८ का भागदे शेषरहै सो उस गृहका व्यय और आयकी अपेक्षा व्यय अल्प होय तो शुभ ॥

ग्रहोंकीराशि।

अश्विन्यादित्रयेमेषो मघादित्रितयेहरिः ॥
मूलादित्रितयेधन्वी भद्वयंशेषराशिषु ॥

टीका-गृहोंके अश्विनी भरणी कृत्तिका इन नक्षत्रोंकी राशि मेष १ रोहिणी और मृगशिरकी वृष २ आर्द्रा पुनर्वसुकी मिथुन ३ पुष्य आश्लेषाकी कर्क ४ मघा पूर्वा और उत्तराकी सिंह ५ हस्त चित्राकी कन्या ६ स्वाती विशाखाकी तुला ७ अनुराधा ज्येष्ठाकी वृश्चिक ८ मूल पूर्वाषाढाकी धन ९ श्रवण धनिष्ठाकी मकर १० शतभिषा पूर्वाभाद्रपदाकी कुंभ ११ उत्तराभाद्रपदा रेवतीकी मीन १२ इस क्रमसे राशि जानिये ॥

गृहोंकेनामलानेकाप्रकार ।

गृहस्यपूर्वतोदिक्षुक्रमात्कक्ष्याब्धिदंतिनः ॥
संस्थाप्यालिंदजानंकांस्तन्मित्याषोडशगृहाः ॥

टीका–गृहोंके पूर्व दिशा क्रमसे अंक स्थापित करे वे ऐसे–पूर्वको १ दक्षिणको २ पश्चिमको ४ उत्तरको ८ ऐसे चारों दिशाके अंकमें सालाकी संख्या अधिक एक करके मिलावै जो अंक होय सोई नाम गृहका जानिये

गृहोंकेनाम ॥ ध्रुवं धान्यंजयंनंदंखरं कांतंमनोरमम् ॥
सुमुखंदुर्मुखंक्रूरं रिपुदं धनदंक्षयम् ॥ आक्रंदंविपुलंज्ञेयं
विज यंचेतिषोडश ॥ गृहंध्रुवादिकंज्ञेयंनामतुल्यफलप्रदम् ॥

टीका–और इन गृहोंके ध्रुव धान्य जय इत्यादिक सोलह नामहैं इनका शुभाशुभ नामानुसार जानिये ॥

अंशलानेकाप्रकार ॥ व्ययेन संयुतेक्षेत्रेगृहनामाक्षरान्विते ॥
त्रिभिर्भक्तांशकास्तेषांद्वितीयांशोनशोभनः ॥

टीका–पीछेका जो व्यय होय उसे क्षेत्रफलमें मिलावे और गृहोंको नामके अक्षर संयुक्त करिके तीनका भागदे शेष दो बचें तो अशुभ और एक अथवा पूर्ण भाग लगजानेसे शुभ फल होताहै ॥

गृहोंके भाग ॥ नवभागंगृहंकुर्यात्पंचभागंतुदक्षिणे ॥
त्रिभागंवामतःकुर्याच्छेषंद्वारंप्रकल्पयेत् ॥

टीका–गृह क्षेत्रके नव भाग कर तिसमेंसे पांच भाग दक्षिणको तीन भाग उत्तरको और एक भाग मध्यमें तिसमें द्वारकी कल्पना करे ॥

गृहोंकेद्वार॥ द्वारस्योपरियद्वारंद्वारस्यान्यच्चसंमुखम् ॥
व्ययदं तु यदातच्च न कर्त्तव्यंशुभेप्सुभिः ॥

टीका--द्वारके ऊपर द्वार और आमने सामनेके द्वार व्ययदायक होते हैं शुभाभिलाषी पुरुषोंको ऐसे वरजने चाहिये ॥

गृहोंके स्थानोंके योजनाका प्रकार ।

स्नानागारं दिशिप्राच्यामाग्नेय्यां पचनालयम् ॥ याम्यायांशय

नागारं नैर्ऋत्यांशस्त्रमंदिरम् ॥ प्रतीच्यांभोजनागारं वायव्यां पशुमंदिरम् ॥ भांडकोशंचोत्तरस्यामीशान्यांदेवमंदिरम् ॥

टीका—पूर्वमें स्नानका घर १ अग्निकोणमें रसोईका स्थान २ दक्षिणमें सोनेका स्थान ३ नैर्ऋत्यमें शस्त्रालय ४ पश्चिममें भोजनस्थान ५ वायव्यमें पशुमंदिर ६ उत्तरमें भण्डारकोश ७ ईशान्यमें देवमंदिर ८ इस प्रकारसे स्थानोंकी योजना करावै ॥

अल्पदोष ॥ अल्पदोषं गुणश्रेष्ठं दोषायनभवेद्गृहम् ॥
आयव्ययौप्रयत्नेनविरुद्धं भं च वर्जयेत् ॥

टीका—जिस गृहमें दोष तो अल्प होय परंतु वह बहुत गुणों करके श्रेष्ठ होय तो दोष नहीं होता और आय व्यय अथवा नक्षत्र विरुद्ध होय तो यत्न करके वर्जित करै ॥

गृहारंभचक्र ॥ आरंभे वृषभं चक्रं स्तंभे ज्ञेयंतुकूर्मकम् ॥
प्रवेशे कालशं चक्रंवास्तुचक्रंबुधैःशुभम् ॥

टीका—गृहारंभमें वृषभचक्र और स्तंभस्थापनमें कूर्मचक्र गृहप्रवेशमें कलश यह वास्तुचक्रमें देखिलीजिये ॥

गृहारंभकेमास ॥ सौम्यफाल्गुनवैशाखभाद्रश्रावणकार्त्तिकाः ॥
मासाःस्युर्गृहनिर्माणेपुत्रारोग्यधनप्रदाः ॥

टीका—पौष १ फाल्गुन २ वैशाख ३ भाद्रपद ४ श्रावण ५ कार्तिक ६ इन महीनोंमें गृहारंभ और शिलान्यास और स्तंभ प्रतिष्ठा शुभ जानिये पुत्र लाभ आरोग्यता और आयुकी वृद्धि और धनकी प्राप्ति होय ॥

गृहारंभकेमासोंकाफल।

शोकोधान्यं पंचतानिःपशुत्वंस्वाप्तिर्नैःस्वंसंगरंभृत्यनाशम् ॥
सच्छ्रीप्राप्तिवह्निभीतिंचलक्ष्मींकुर्युश्चैत्राद्यागृहारंभकाले ॥

टीका—चैत्रमासमें शोक प्राप्ति १ और वैशाखमें धान्यप्राप्ति २ ज्येष्ठमें मृत्यु ३ और आषाढमें पशुहीनता ४ श्रावणमें द्रव्यप्राप्ति ५ भाद्रपदमें दरिद्र ६ और आश्विनमें कलह ७ और कार्तिकमें भृत्योंका नाश ८ मार्गशी-

र्षमें धन प्राप्ति ९ पौषमें लक्ष्मी १० माघमें अग्निभय ११ फाल्गुनमें लक्ष्
१२ इस प्रकार शुभाशुभ फल जानिये ॥

अथमासप्रवेशसारणीयम्

अंशाः	०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	सं०
मे. १	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	वार
	२१	२२	२४	२५	२६	२७	२८	३०	३१	३२	३३	३४	३६	३७	३८	३९	४०	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५६	घटी
	३४	५२	४	१६	२८	४०	५२	३	१६	२८	४०	५२	४	१६	२८	४०	५२	४	१५	२६	३६	४७	५८	९	१८	२६	३५	४२	५३	२	पल
वृ. २	२	२	२	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	वार
	५७	५८	५९	०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२०	२१	२२	२३	२६	२४	घटी
	११	१९	२४	२९	२४	२८	४१	४५	४८	५१	५१	५४	५३	५३	५१	४८	४५	४२	३७	३९	२४	१७	९	०	५०	३९	२७	१३	५९	४३	पल
मि. ३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	वार
	२५	२६	२८	२७	२८	२८	२९	२९	३०	३१	३१	३२	३२	३३	३३	३३	३४	३४	३५	३५	३५	३५	३६	३६	३६	३६	३६	३७	३७	३७	घटी
	३८	५	४५	२६	६	४५	२३	५९	३२	५	३५	५	३३	२	२८	५३	१७	३९	०	१०	१७	५२	६	१८	३०	४१	५२	२	८	१३	पल
क. ४	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	वार
	३७	३७	३७	३७	३७	३७	३७	३७	३६	३६	३६	३६	३६	३५	३५	३५	३५	३४	३४	३३	३३	३३	३२	३२	३१	३१	३०	३०	२९	२९	घटी
	१७	१८	२०	२१	१९	१२	८	३	५७	४८	३७	२५	११	५६	४०	२३	४	४८	२१	५८	३५	११	४५	१६	४८	१६	४३	९	३५	०	पल
सिं. ५	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	वार
	२८	२७	२७	२६	२५	२५	२४	२३	२२	२१	२१	२०	१९	१८	१७	१६	१६	१५	१४	१३	१२	११	१०	९	८	७	६	५	४	३	घटी
	२३	४६	६	२६	४६	३	१७	३०	४४	५७	९	२०	३०	३९	४७	५४	०	३	८	१२	१४	१५	१५	१६	१५	१३	१२	१०	८	४	पल
क. ६	३	३	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	वार
	१	०	५९	५८	५७	५६	५५	५४	५३	५१	५०	४९	४८	४७	४५	४४	४३	४२	४१	३९	३८	३७	३६	३५	३३	३२	३१	३०	२९	२७	घटी
	५७	५०	४३	३६	२९	२२	१५	८	१	५०	३८	२७	१६	६	५५	५४	३३	२२	१०	५९	४७	३५	२२	९	५६	४३	३०	१६	४	५३	पल
तु. ७	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	१	१	१	१	१	१	वार
	२६	२५	२४	२३	२१	२०	१९	१८	१७	१५	१४	१३	१२	११	१०	८	७	६	५	४	३	२	१	०	५९	५८	५६	५५	५४	५३	घटी
	४२	२९	१६	३	५१	४०	२९	१७	४	५३	४३	३०	२२	१२	२	५२	४२	३२	२८	२५	२२	१७	१२	८	४	०	५७	१४	५२	५०	पल
वृ. ८	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	वार
	५२	५२	५०	४९	४८	४८	४७	४६	४५	४४	४३	४२	४१	४०	४०	३९	३८	३७	३६	३६	३५	३४	३३	३३	३२	३१	३१	३०	२९	२९	घटी
	४९	५०	५१	५३	५६	०	२	४	१०	१६	२३	३१	४०	५१	२	१३	२४	३५	४९	३	१७	३१	४८	७	२७	४८	९	३१	५४	१८	पल
ध. ९	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	वार
	२८	२८	२७	२७	२६	२६	२५	२४	२४	२४	२३	२३	२३	२२	२२	२२	२१	२१	२१	२०	२०	२०	२०	२०	२०	२०	१९	१९	१९	१९	घटी
	४३	९	३६	५	३५	५	३६	८	३९	१३	५०	२८	६	४४	२३	३	४५	२९	१४	५९	४४	३१	२१	१९	१७	११	५२	४४	४०	३८	पल
म. १०	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	वार
	१९	१९	१९	१९	१९	१९	१९	१९	१९	२०	२०	२०	२०	२०	२१	२१	२१	२१	२१	२२	२२	२२	२३	२३	२४	२४	२४	२५	२५	२६	घटी
	३३	३२	३२	३२	३४	३७	४२	४८	५४	१	१०	२०	३१	४४	५७	११	२६	४१	५८	१८	३८	५८	१९	४०	१	२३	५२	२२	५२	२२	पल
कुं. ११	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	वार
	२६	२७	२७	२८	२९	२९	३०	३०	३१	३२	३२	३३	३४	३४	३५	३६	३७	३७	३८	३९	४०	४१	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	घटी
	५०	२१	५३	२६	१	३६	११	४७	२४	४	४८	२७	९	५१	३८	२०	३	४७	३२	२०	११	२	५४	४६	३८	३०	२१	१३	७	३	पल
मी. १२	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	वार
	४९	५०	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५७	५८	५९	०	१	२	३	४	५	६	७	८	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१८	१९	२०	घटी
	५	०	५८	५६	५५	५५	५७	५९	०	२	४	८	१२	१६	२१	२७	३४	४०	४८	५६	४	१२	१९	२७	३६	४६	५८	११	२०	२९	पल

दिशानुसारगृहोंकामुख करना।

कर्कनक्रहरिकुंभगतेर्कपूर्वपश्चिममुखानिगृहाणि ॥
तौलिमेषवृश्चिकयानेदक्षिणोत्तरमुखानिवदंति ॥

टीका--कर्क मकर सिंह कुंभ इन राशियोंका सूर्य होय तो घरका द्वार पूर्व अथवा पश्चिमको करे, तुला मेष वृश्चिक इन राशियोंका सूर्य होय तो गृहोंका मुख दक्षिण अथवा उत्तरको करै, इस प्रकार रत्नमालाग्रन्थमें कहाहै.

गृहारंभकेनक्षत्र।

पुष्यमैत्रकरत्रये ॥ धनि

रंभःप्रशस्यत ॥ आदित्यभौमवर्ज्यंतुसर्वेवार।शुभा...

द्रादित्यबलंलब्ध्वा लग्नेशुभानिरीक्षिते ॥ स्तंभोच्छ्रायस्तुकर्त्तव्यो ह्यन्यस्तुपरिवर्जयेत् ॥ प्रासादेष्वेवमेवस्यात्कूपवापीषुचैवहि ॥

टीका–तीनों उत्तरा मृग रोहिणी पुष्य अनुराधा हस्त चित्रा स्वाती धनिष्ठा शतभिषा रेवती ये नक्षत्र शुभ रवि भौमवार वर्जिके शेषवार शुभ और स्थिर लग्नमें शुभग्रहकी दृष्टि देखे और स्तंभारोपण करावे अन्य कर्मोंको उक्त नहीं है देवालय कूप तडाग वापी इन कृत्योंको शुभ जानिये॥

वृषचक्र।

त्रिवेदाब्धित्रिवेदाब्धिद्वित्रिभेष्वर्कतःशशी ॥ कुर्याल्लक्ष्मीं समुद्रासंस्थैर्यंलक्ष्मीं दरिद्रतां॥धनं हानिं क्रमान्मृत्युमारंभे वृषचक्रकम् ॥

टीका–सूर्यनक्षत्रसे दिवस नक्षत्रतक जितने नक्षत्र होंय तिनमें प्रथम भाग ३ नक्षत्र लक्ष्मीदायक दूसरा भाग ४ उद्वास तृतीय भाग ४ स्थिरताकारक चतुर्थ भाग ३ लक्ष्मी पंचम भाग४दारिद्रता षष्ठ ४ धनदायक सप्तम भाग २ नक्षत्र हानिकारक अष्टम ३ नक्षत्र मृत्यु इस क्रमसे जिस दिनका नक्षत्र शुभफलदायक हो उसीमें गृहारंभ करावे ॥

शिलान्यास ॥ दक्षिणपूर्वेकोणेकृत्वा पूजांशिलांन्यसेत्प्रथमाम् ॥
शेषाःप्रदक्षिणेनस्तम्भाश्चैवंप्रतिष्ठाप्याः ॥

टीका-पूजन करिके आग्नेय कोणमें प्रथम शिलास्थापनकरे शेष शिला प्रदक्षिण स्थापित करावे इसी प्रकार स्तंभस्थापनभी करे ॥

शिलान्यासनक्षत्र ॥ शिलान्यासःप्रकर्त्तव्योगृहाणांश्रवणेमृगे ॥
पौष्णेहस्तेचरोहिण्यांपुष्याश्विन्युत्तरात्रये ॥

टीका-श्रवण मृगशिर रेवती हस्त रोहिणी पुष्य अश्विनी तीनों उत्तरा इनमें शिलान्यास कर्त्तव्यहै ॥

शेषकेमुख ।

कन्यासिंहेतुलायांभुजगपतिमुखं शंभुकोणेग्निखातं वायव्ये स्यात्तदास्यंत्वलिधनमकरे ईशखातंवदंति ॥ कुंभे मीने च मेषेनिर्ऋतिदिशि मुखंखातवायव्यकोणे चाग्न्ये कोणे मुखं वै वृषमिथुनगते कर्कटे रक्षखातम् ॥

टीका-कन्या तुल सिंह इन लग्नोंमें शेषके मुख ईशान्यकोणको जानो तो अग्निकोणमें खात करावे ॥ वृश्चिक धन मकर इन लग्नोंमें शेषके मुख वायव्यको तिनमें ईशानको खात करावे ॥ कुंभ मीन मेष इन लग्नोंमें शेषके मुख नैर्ऋतको तामें वायव्यकोणमें खात करावे ॥ वृष मिथुन कर्क इनमें शेषके मुख आग्नेयको तामें नैर्ऋत्यको खात करावे ॥

दुष्टयोग ॥ वज्रव्याघातशूलश्चव्यतीपातश्चगंडकः ॥
विष्कंभपरिघौवर्ज्यौवारौमंगलभास्करौ ॥

टीका-वज्र व्याघात शूल व्यतीपात गंड विष्कंभ परिघ और भौम रविवार ये वर्जितहैं ॥

कूर्मचक्रम् ।

तिथिस्तु पंचगुणिता कृत्तिकाद्यृक्षसंयुता ॥ तथाद्वादश-मिश्राचनवभागेनभाजिता ॥ ॥ फल ॥ ॥ जले वेदामुनि-श्चंद्रःस्थलेपंचद्वयंवसुः ॥ त्रिषट्नवचाकाशं त्रिविधं कूर्मल-क्षणम् ॥ जलेलाभस्तथाप्रोक्तःस्थले हानिस्तथैवच ॥ आ काशेमरणंप्रोक्तमिदं कूर्मस्यचक्रकम् ॥

टीका–गृहारंभकी तिथियोंको पांचसे गुणाकरे और कृत्तिका नक्षत्रसे लेकर दिवसनक्षत्रतककी नक्षत्रसंख्याको उस गुणनफलमें मिलावे फिर १२ और उसीमें मिलावे नवका भाग दे जो ४ । ७ । १ शेष रहैं तो कूर्म जलस्थानमें जानिये ताको फल लाभ और ५।२।८। बचें तो कूर्म स्थलमें जानिये तिसका फल हानि और ३।६।९। शेष बचें तो कूर्म आकाशमें जानिये तिसका फल मरण ये तीनों प्रकारका कूर्म कहाहै ॥

स्तंभचक्र ॥ सूर्याधिष्ठितभद्वयंप्रथमतो मध्येतथा विंशतिःस्तंभाग्रे रससंख्ययामुनिवरैरुक्तंमुहूर्त्तंशुभम् ॥ फल ॥ स्तंभाग्रेमरणंभवेद्गृहपतेर्मूले धनार्थक्षयोमध्येचैवतुसर्वसौख्यमतुलं प्राप्नोतिकर्त्तासदा ॥

टीका–सूर्यनक्षत्रसे दिवस नक्षत्रपर्यंत लिखनेका क्रम तिसमें प्रथम दो२ नक्षत्र स्तंभमूल तिसका फल धनक्षय और द्वितीय २० नक्षत्र स्तंभके मध्य तिसका फल लक्ष्मी और कीर्ति प्राप्ति और तृतीय ६ नक्षत्र स्तंभके अग्रभागमें मृत्यु जानिये ऐसे शुभ फल देखके स्तंभारोपण करावे

देहलीकामुहूर्त्त ॥ मूले मोभेत्रिऋक्षंगृहपतिमरणं पंचगर्भे सुखंस्यान्मध्येदेयाष्टऋक्षंधनसुखसुखदं पुच्छदेशेष्टहानिः ॥ पश्चाद्देयंत्रिऋक्षंगृहपतिसुखदंभाग्यपुत्रार्थदेयं सूर्यर्क्षाच्चंद्रऋक्षंप्रतिदिनगणयेन्मोभचक्रंविलोक्य ॥

टीका–सूर्यनक्षत्रसे दिवसनक्षत्रतककी नक्षत्र संख्या और फल ऐसे क्रमसे जाने प्रथम तीन नक्षत्र मूलमें तिसमें स्तंभारोपण करे तो मृत्यु द्वितीय ५ नक्षत्र गर्भमें फल सुख तीसरे ८ नक्षत्र मध्यमें फल धनसुत सुख चतुर्थ ८ नक्षत्र पुच्छ भाग फल मित्रहानि पंचम ३ नक्षत्र अग्र भागमें सुख भोग पुत्रलाभ ऐसे शुभफल हैं ॥

द्वारचक्र ॥ अर्काच्चत्वारिऋक्षाणिऊर्ध्वेचैवप्रदापयेत् ॥ द्वौद्वौकोणेषु दद्याद्वैशाखायां च चतुश्चतुः ॥ अधश्चत्वारिदेयानिमध्येत्रीणि प्रदापयेत् ॥ ऊर्ध्वेतुलभते राज्यमुद्रासंकोणकेषुच ॥ शाखायांलभतेलक्ष्मींमध्येराज्यप्रदंतथा ॥ अधःस्थेमरणं प्रोक्तंद्वारशक्रप्रकीर्तितम् ॥

टीका–सूर्यनक्षत्रसे दिवसनक्षत्र पर्यंत लिखनेका क्रम तिसमें प्रथम ४ नक्षत्र ऊर्ध्व तिनका फल राज्यप्राप्ति, द्वारकोण चार तिनमें प्रतिकोणमें २ नक्षत्र तिनका फल उद्वसन, बाजू दो तिनमें नक्षत्र चारि तिनका फल लक्ष्मी और नीचे नक्षत्र ४ फल राज्य, मध्यमें नक्षत्र ३ तिनका फल मरण यह जानिये ॥

शांतिका अग्निचक्र ।

सैकातिथिर्वारयुताकृताप्ताशेषे गुणेभ्रेभुविवह्निवासः ॥
सौख्यायहोमे शशियुग्मशेषे प्राणार्थनाशौदिविभूतलेच ॥

टीका–जिस तिथिको शांति करनी होय तिसमें एक मिलावे और जो वार होय सो अंक मिलावे ४ का भाग दे शेष रहे तिसका फल तीन अथवा शून्य बचें तो अग्नि मृत्युलोकमें जानिये तिनका फल सुख प्राप्ति और उसमें शांति करनी भी शुभहै और एक शेष रहे तो स्वर्गमें अग्नि ९ प्राणनाश और दो बचें तो पातालमें तिसका फल धन नाश होय ॥

ग्रहके मुखमें आहुतिका विचार ।

तरणिविद्भृगुभास्करिचंद्रमःकुजसुरेज्यविधुंतुदकेतवः ॥
रविभतोदिनभंगणयेत्क्रमात्प्रतिखगंत्रितयंत्रितयंन्यसेत् ॥

टीका–सूर्यनक्षत्रसे दिवसनक्षत्रतक जितने नक्षत्र होंय तिनका इस क्रमसे फल जानिये ये प्रथम तीन नक्षत्र सूर्य फल अशुभ; द्वितीय भाग ३ न. बुध शु० तृतीय भाग ३ न. शनि फल अशुभ, फिर ३ न. चंद्रके फिर ३ न. भौमके फिर ३ न. गुरुके तिस पीछे ३ न. राहुके फिर ३ न. केतुके इसमें शुभ ग्रहके शुभ पाप ग्रहके अशुभ जानिये ॥

गृहप्रवेशका मुहूर्त ।

अथप्रवेशेनवमंदिरस्ययात्रानिवृत्तावथभूपतीनाम् ॥
सौम्यायने पूर्वदिनेविधेयं वास्त्वर्चनंभूतबलिश्चसम्यक् ॥

टीका–यात्रा और राजदर्शन मुहूर्तमें उत्तरायण सूर्य होय, और प्रवेशके प्रथम दिवसमें वास्तुपूजा और भूतबली करके गृहप्रवेश योग्यहै ॥

चित्रानुराधामृगपौष्णपुष्यस्वातीधनिष्ठाश्रवणंचमूलम् ॥

वारेष्वसूर्यक्षितिजेष्वरिक्तातिथौप्रशस्तोभवनप्रवेशः ॥

टीका–चित्रा अनुराधा रेवती पुष्य स्वाती धनिष्ठा श्रवण मूल ये नक्षत्र और रवि भौम ये वार तथा रिक्ता तिथिको त्यागिके गृहप्रवेश कीजिये ॥

कलशचक्र॥ प्रवेशः कलशेर्कर्क्षात्पंचनागाष्टषट्क्रमात् ॥
अशुभंचशुभंज्ञेयमशुभंचशुभंतथा ॥

टीका–सूर्यनक्षत्रसे दिवसनक्षत्रतक जो नक्षत्र होय उसमें प्रथम ५ नक्षत्र अशुभ और आठ नक्षत्र शुभ आगे ८ नक्षत्र अशुभ और शेष ६ नक्षत्र शुभ ऐसे कलशचक्र जानिये ॥

वामार्कलक्षण ॥ रंध्रात्पुत्राद्धनादायात्पंचस्वर्केस्थितेक्रमात् ॥
पूर्वाशादिमुखं गेहंविशेद्वामोभवेदतः ॥

टीका–घरमें प्रवेश करनेके समय सूर्य वामार्क होय तिसका जाननेका क्रम प्रवेश लग्नोंमें अष्टमस्थानमें पंचमस्थानी सूर्यहोय और घरका द्वार पूर्व तथा दक्षिणकी ओरको होय२ तिसका स्थान०या०पंचमस्थान पर्यंत और घरका मुख पश्चिमको होय स्थान०या०पंचमस्थान पर्यंत ३ अथवा ग्रहोंका मुख उत्तरको होय तो सूर्य११ स्थान ५ स्थानोंतक आवे प्रवेशमें वामार्क युक्त है ॥

शुभाशुभग्रहऔरलग्न॥ त्रिकोणकेंद्रगैःशुभैस्त्रिषष्ठलाभसंस्थितैः ॥
असद्ग्रहैः स्थिरोदयेगृहंविशेद्बलेविधौ ॥

टीका–त्रिकोण और केंद्रस्थानमें शुभग्रह होय ऐसे स्थिर लग्न देखके और तीसरे छठे तथा लाभस्थानमें पापग्रह होय तो बली चंद्रमामें गृहप्रवेश करना शुभजानिये ॥

गृहारंभकीलग्नशुद्धि ॥ त्रिषडायगतैः पापैरष्टांत्येन्तरगैःशुभैः ॥
चंद्रेलग्नेऽरिरंध्रांत्यवर्जितेस्याच्छुभंगृहम् ॥

टीका–३ । ६ । ११ स्थानमें पापग्रह शुभ और ८ । १२ । स्थानमें इतरस्थानोंमें शुभग्रह होंय तो शुभ जानिये परंतु चंद्रमा लग्न तथा षष्ठ द्वादश अष्टमस्थानमें न होय ॥

अशुभयोगोंकेलग्न ॥ धनकेंद्रत्रिकोणस्थःक्षीणश्चंद्रोनशोभनः ॥
शत्रोर्नवांशगःखेटःखास्तसंस्थोपिनोशुभः ॥

टीका–लग्नविषे २ । १ । ४ । ७ । १० । ५ । ९ । स्थानोंमें क्षीणचंद्र स्थित होय तो अशुभ है और स्वराशिका शत्रु नवांशकमें होय तो भी अशुभ क्षीणचंद्र कृष्णपक्षकी पंचमीसे जानो ॥

आयुष्यप्रमाण ॥ लग्नेजीवःसुखेशुक्रोबुधःकर्मण्यरौरविः ॥
रविजःसहजेनूनंशतायुःस्यात्तदागृहम् ॥

टीका–लग्नमें बृहस्पति ४ शुक्र ४ बुध १० सूर्य ३ शनि ऐसी लग्नमें गृहारंभ करनेसे उसगृहकी १०० वर्षकी आयु निश्चय कर जाननी ॥

दूसराप्रकार ॥ भृगुर्लग्नेबुधोव्योम्निलाभेऽर्कःकेंद्रगोगुरुः ॥
यस्यारंभचतस्यायुर्वत्सराणांशतद्वयम् ॥

टीका–शुक्र और बुध १० दशमस्थानीं ११ रवि और १ । ४ । ७ । १० गुरु ऐसे लग्नमें गृह आरंभ करावे तो २०० वर्षकी आयु कहिये ॥

अन्यच्च ॥ जीवोबुधोभृगुर्व्योम्नि लाभगौभानुभूमिजौ ॥
प्रारंभेयस्यतस्यायुःसमाशीतिःसहश्रिया ॥

टीका–गुरु बुध शुक्र ये १० स्थानमें ११ रवि भौम होंय तो लक्ष्मी युत घरकी ८० वर्षकी आयु जाननी ॥

स्वोच्चेंतिनिभृगौविलग्नगेदेवमंत्रिणिरसातलेऽथवा ॥
स्वोच्चगेरविसुतेऽथवाऽऽयगेस्यात्स्थितिश्चसुचिरंसहश्रिया ॥

टीका–लग्नमें उच्चका शुक्र होके बैठा होय गुरु४होय उच्चका वा स्वक्षेत्री शनि होके ११ स्थानीं हो तो लक्ष्मीयुक्त चिरकाल घरकी आयु कहना ॥

स्वर्क्षगेहिमगौलाभेसुरेज्येकेन्द्रसंस्थिते ॥
धनधान्यसुतारोग्ययुक्तंधामाचिरंभवेत् ॥

टीका–कर्कका चंद्रमा ११ वें स्थानमें और गुरु केंद्रमें १ । ४ । ७ । १० होंय तो वह धनयुक्त और सुत आरोग्य सहित चिरकाल रहे ॥

दूसरे मतसे पृथ्वी शोधनेका प्रकार ।

कुण्डार्थपृथ्वीपरिशोधहेतवे प्रष्टुर्मुखाद्यःप्रथमंस्फुटीभवेत् ॥

वर्गादिवर्णःकिलतद्दिशिस्मृतंशल्यंमुनींद्रैर्हपयास्तुमध्यतः ॥ स्मृत्वेष्टदेवतांप्रष्टुर्वचनस्याद्यमक्षरम् ॥ गृहीत्वा तु ततः शल्याशल्यंसम्यग्विचार्यते ॥

टीका–कुंडके निमित्त अर्थात् नूतन गृहके बनानेको प्रथम भूमि शोधनेका प्रकार पृच्छक इष्टदेवताका स्मरण करके ब्राह्मणसे प्रश्न करे ताके मुखसे आदि अक्षर जिस वर्गका निकले तिसके उत्तर अ क च ट त प यह वर्ग पूर्वादि अष्टदिशाओंमें मध्यभागी ह प य वर्गोंके. आदि अक्षर जहां होंय इस स्थानमें अमुक शल्यहै तिसका प्रकार नीचे लिखाहै जिसमेंसे उन २ स्थानोंका फल जानिये ॥

प्रश्नअक्षरफल।

पूर्व ॥पृच्छायांयदिअःप्राच्यांनरशल्यंतदाभवेत् ॥ सार्धहस्त प्रमाणेनतच्चमानुष्यमृत्युकृत् ॥ आग्नेय॥ आग्नेय्यांदिशिकः प्रश्नेखरशल्येकरद्वयम् ॥ राजदंडोभवेत्तत्रभयंनैवनिवर्त्तते ॥ दाक्षि० ॥ याम्यायांदिशिचःप्रश्नेतदास्यात्कटिसंस्थितम् ॥ नरशल्यंगृहेतस्यमरणंचिररोगतः॥ नै० ॥ नैर्ऋत्यांदिशिटःप्रश्नेसार्धहस्तादधःस्थले ॥ शुनोस्थिजायतेतत्रबालानांजायते मृतिः॥ प० ॥ तः प्रश्नेपश्चिमायांतुशिशोःशल्यंप्रजायते ॥ सार्द्धहस्तेगृहस्वामीनतिष्ठतिसदागृहे ॥ वाय० ॥ वायव्यांदिशिपःप्रश्नेतुषांगाराश्चतुष्करे ॥ कुर्वंतिमित्रनाशंचदुःस्वप्रदर्शनंसदा ॥ उत्तर॥उदीच्यांदिशियःप्रश्नेविप्रशल्यंकरादधः ॥ तच्छीघ्रंनिर्धनत्वायकुबेरसदृशस्याहि ॥ ई०॥ ईशान्यांयदिशः प्रश्नेगोशल्यंसार्द्धहस्ततः ॥ तद्गोधनस्यनाशायजायतेगृहमेधिनः ॥ मध्यभाग ॥ हपयामध्यकोष्ठेचवक्षोमात्रंभवेदधः ॥ नृकपालमथोभस्मलोहंतत्कुलनाशकृत् ॥

टीका–पृच्छकके मुखसे आदि अक्षर अवर्गका निकले तो पूर्वको डेढ

हाथ गहरा खोदे तो मनुष्यकी हड्डी निकले वह मृत्युकारक जानिये १ (क) निकले तो २ हाथके गहरावमें गदहेकी निकले उससे राजदंडका भय कभी निवृत्ति न होय ३ (च) अक्षरका उच्चारण होय तो दक्षिणकी ओर कटि बराबर खोदनेसे नरके अस्थि निकले तिसका फल चिरकालके रोगसे मरण ४ (ट) का उच्चार होय तो नैर्ऋत्य दिशामें डेढहाथ ओंडा खोदनेसे कुत्तेके अस्थि निकलें तिसके फल बालक न जीवे ५ (त) का उच्चारण करे तो पश्चिम दिशामें डेढ हाथके गहरायमें बालकके अस्थि निकलें तिसका फल गृहका स्वामी सदा घरमें न रहै ६ (प) होय तो वायव्य दिशामें ४ हाथपर जली हुई धातुकी भूसी वा कोयले निकलें तिसका फल मित्रनाश दुस्वप्नदर्शन ७ (य) वर्ग होय तो एक हाथपर उत्तर कोणमें ब्राह्मणके हाड निकलें तिसका फल कुबेर समान भी धनाढ्य दरिद्री होय ७ (श) होय तो ईशान दिशामें डेढ हाथपर गौकी अस्थि निकलें तिसका फल गोधनका नाश ८ (ह प य) होय तो मध्य भागमें छाती बराबर ओंडेमें मनुष्यका कपाल वा भस्म वा लोह निकले तिसका फल कुलका नाश ९ जिस वर्गका नाम प्रश्नकर्ताके मुखसे उच्चारण होय उसी दिशाको देखे ॥

यात्राप्रकरणम् ।

शुक्र संमुख ॥ एकग्रामेपुरेवापिदुर्भिक्षेराष्ट्रविप्लुवे ॥
विवाहेतीर्थयात्रायां प्रतिशुक्रोनाविद्यते ॥

टीका—गांवके गांवमें अथवा शहरके शहरमें दुर्भिक्षकालमें तथा देशोपद्रवमें विवाह समयमें और तीर्थयात्रामें सम्मुख शुक्र होय तो दोष नहींहै॥

पौष्णदावाग्निपादांतं यावत्तिष्ठतिचंद्रमाः ॥
तावच्छुक्रोभवेदंधःसन्मुखंगमनंशुभम् ॥

टीका—रेवती अश्विनी भरणी कृत्तिका इन नक्षत्रोंके प्रथम चरण चंद्रमा होनेसे शुक्र अंध होताहै उसके सन्मुख गमनमें दोष नहींहै ॥

शुभाशुभफलम् ॥ दक्षिणेदुःखदःशुक्रःसंमुखोहंतिमंगलम् ॥
वामेपृष्ठेशुभोनित्यंरोधयेदस्तगःशुभः ॥

टीका—गमन अर्थात् यात्रामें दाहिना शुक्र होय तो दुःखदायक संमुख कार्य नाशक और वामभागमें पीछेकाशुक्र मंगलदायक और पूर्वमें अस्त होय तो पश्चिमको गमन शुभ और पश्चिममें अस्त होय तो पूर्वमें शुभगमन जानिये॥

घातचन्द्रनिर्णय--प्रयाणकालेयुद्धेचकृषौवाणिज्यसंग्रहे ॥
वादेचैवगृहारंभेवर्जितोघातचंद्रमाः ॥

टीका--यात्रा युद्ध खेतकर्ममें व्यापार अन्न आदि भरनेमें विवाद गृहके आरंभमें घात चंद्रमा वर्जितहै ॥

घातप्रकरणम्- घाततिथिंघातवारंघातनक्षत्रमेवच ॥
यात्रायांवर्जयेत्प्राज्ञोह्यन्यकर्मसुशोभनम् ॥

टीका—घाततिथि घातवार घातनक्षत्र यात्रामें वर्जितहैं और कार्योंमें ॥

मेषेरविर्मघाप्रोक्ताषष्ठीप्रथमचंद्रमाः ॥ वृषभेपंचमोहस्तश्च-तुर्थीशनिरेवच ॥ मिथुनेनवमःस्वातीअष्टमीचन्द्रवासरः॥क-र्केद्विरनुराधाचबुधःषष्ठीप्रकीर्तिता ॥ सिंहेषष्ठश्चंद्रमाश्चदश-मीशनिमूलके ॥ कन्यायांदशमश्चंद्रःश्रवणःशनिरष्टमी ॥ तु-लेगुरुर्द्वादशीस्याच्छतंतृतीयचंद्रमाः ॥ वृश्चिकेरेवतीसप्तदश मीभार्गवस्तथा ॥ धनेचतुर्थीभरणीद्वितीयाभार्गवस्तथा ॥ मकरेष्टमीरोहिणीद्वादशीभौमवासरः ॥ कुंभेएकादशश्चार्द्रा चतुर्थीगुरुवासरः ॥ मीनेचद्वादशःसार्पद्वितीयाभार्गवस्तथा ॥

राशि	मेष	वृष	मिथु.	कर्क	सिंह	क.	तुला	वृश्चि.	धन	मक.	कुंभ	मीन
चंद्र	१	५	९	२	६	१०	३	७	४	८	११	१२
वार	रवि	शनि	चं.	बु.	श.	श.	गु.	शु.	शु.	मं.	गु.	शु.
नक्षत्र	मघा	हस्त	स्वा.	अनु.	मू.	श्र.	श.	रे.	भ.	रो.	आ.	आश्ले
तिथि	६	४	८	६	१०	८	१२	१०	२	१२	४	२

मेषादि १२ राशि घातचंद्रादिचतुष्टय बचाकर यात्रामें शुभनक्षत्रआदि देखले

कालचंद्र--मेषेवेदावृषेऽष्टौचमिथुनेचतृतीयकः॥दशकर्केरविः सिंहेकन्याअंकःप्रकीर्तितः ॥ षट्तुलेवृश्चिकेखेंदुर्धनेरुद्राःप्र-कीर्तिताः ॥ मकरेऋषयःप्रोक्ताःकुंभेबाणाउदाहृताः॥मीने त्वंघ्रिःकालचंद्राःशौनकश्चेदमब्रवीत् ॥

टीका–मेषराशिको४वृषको८मिथुनको३कर्कको१०सिंहको१२कन्या९ तुलाको६वृश्चिकको ११ धनको ११ मकरको७कुंभको५मीनको ४ चौथा चंद्रमा कालचंद्र जानिये ये कालचंद्र शौनकऋषिप्रोक्त सर्व कर्मोंमें वर्जितहैं ॥

तिथिपरत्वसेवर्जितलग्न।

नंदायामलिहर्योस्तुतुलामकरयोस्तथा ॥ भद्रायांमीनधनुषोः कालस्तिष्ठतिसर्वदा ॥ जयायांस्त्रीमिथुनयोरिक्तायांमेषक-र्कयोः ॥ पूर्णायांकुंभवृषयोर्मनुष्यमरणंध्रुवम् ॥

टीका–नंदातिथिको वृश्चिक सिंह तुला मकर और भद्रातिथिको मीन धन और जया तिथिको कन्या मिथुन और रिक्ता तिथिको मेष कर्क पूर्णातिथिको कुंभ वृष इन तिथियोंमें लग्न वर्जितहै ॥

यात्राकेनक्षत्र।

हस्तेंदुमैत्रश्रवणाश्वितिष्यपौष्णश्रविष्ठाचपुनर्वसुश्च ॥
प्रोक्तानिधिष्ण्यानिनवप्रयाणेत्यक्त्वात्रिपंचादिमसप्तताराः ॥

टीका–हस्त मृगशीर्ष अनुराधा श्रवण अश्विनी पुष्य रेवती धनिष्ठा पुनर्वसु ये नक्षत्र प्रयाणमें उक्तहैं परंतु ३।५।१।७ ये तारा गमनमें वर्जितहैं ॥

मध्यनक्षत्र–रोहिणीउत्तराचित्रामूलमार्द्रातथैवच ॥
षाढोत्तराभाद्रविश्वे प्रयाणेमध्यमाःस्मृताः ॥

टीका–रोहिणी उत्तरा चित्रा मूल आर्द्रा पूर्वाषाढा उत्तराभाद्रपदा उ-त्तराषाढा ये नक्षत्र यात्रामें मध्यमहैं ॥

वर्ज्यनक्षत्र ।

त्रीणिपूर्वामघाज्येष्ठाभरणीजन्मकृत्तिका ॥ सार्पस्वातीविशा-खाचनित्यंगमनवर्जिताः ॥ कृत्तिकाएकविंशत्या भरण्याःस प्तनाडिकाः ॥ एकादशमघायाश्चत्रिपूर्वाणांचषोडश ॥ विशा खासार्पचित्रासुस्वातीरौद्रेचतुर्दशी ॥ आद्यास्तुघटिकास्त्या-ज्याःशेषांशेगमनंशुभम् ॥

टीका–इन नक्षत्रोंको प्रयाण कालमें वर्जित करै परंतु जो कुछ आवश्यक काम व संकट आन पडे तो तीनोंपूर्वाकी १६ घटिका मघाकी ११ ज्येष्ठा संपूर्ण भरणीकी ७ घटिका कृत्तिकाकी २१ जन्मनक्षत्र संपूर्ण आश्लेषा विशाखा चित्रा स्वाती आर्द्रा इन नक्षत्रोंकी आद्य १४ घटिका वर्जिके प्रयाण करै ॥

प्रयाणमेंशुभाशुभविचार॥अर्केक्लेशमनर्थंकंचगमने सोमेचबं-धुप्रियंचांगारेऽनलतस्करज्वरभयंप्राप्नोतिचार्थंबुधे ॥ क्षेमारो ग्यसुखं करोतिचगुरौलाभश्चशुक्रेशुभोमंदेबंधनहानिरोगमर-णान्युक्तानिगर्गादिभिः ॥

टीका–रविवारको गमनकरे तो मार्गमें क्लेश और अर्थकी हानि होय सोमवारको गमनकरै तौ बंधु और प्रियदर्शन मंगलमें अग्नि चोर भय और ज्वर प्राप्ति बुधवारमें द्रव्य और सुखप्राप्ति गुरुवारमें आरोग्य और सुख शुक्रवारमें लाभ और शुभ फलप्राप्ति शनिवारमें गमनकरै तौ बंधन रोग और मरण प्राप्तिहोय ॥

होराकथन व शकुन ।

अर्कशुक्रौ

योगाः॥ यस्यग्रहस्यवारेपिकर्मकिंचित्प्रकीर्तितम् ॥ तस्य ग्रहस्यहोरायांसर्वकर्मविधीयते ॥

टीका–जिस वारका होरा होय उसीमें प्रथम २ घटिका होरा तिसके छठे वारको दूसरा होरा इस क्रमसे दिवसके वार होरा जानिये २ रविवारका होरा राजसेवाको शुभ द्वितीय २ शुक्रका गमनको तृतीय बुधका ज्ञानप्राप्ति चतुर्थ चंद्रका सर्वकार्यको, पंचम शनिका द्रव्यका संग्रह योग्य, छठा गुरुका विवाह को, सातवा मंगलका युद्धको जानिये इस प्रमाण होराका क्रम जानिये और जिस २ ग्रहका जो २ वार तिसमें कथित कृत्य उसके होरामें करावे ॥'

सूर्यकाहोरा ॥ सूर्यस्यहोरेरजकीसुवस्त्रंकुमारिकाविप्रचतुष्टयंच ॥
काकत्रयंद्वौनकुलौ तथैव चाषस्तथैको वृषभश्चगौश्च ॥

टीका–रविके होरामें गमन करे तो आगे जो शकुन होय तिनको कहतेहैं रजकी, वस्त्र, कुमारी, ४ ब्राह्मण, ३ काक, दो न्योला, दो चाष एक बैल, और गायके शकुन मिलैं ॥

चंद्रकाहोरा ।

चंद्रस्यहोरेद्विजयुग्मकाकभेरीमृदंगानकुलाःखरोष्ट्रौ ॥
हयश्वगोमेषशुनस्तथैवपुष्पाणिनारीद्वयमेवमार्गे ॥

टीका–चंद्रमाके होरामें गमनकरे तो मार्गमें दो ब्राह्मण और काक नगारे मृदंग और न्योला गर्दभ ऊंट घोडा गाय मेंढा कुत्ता और पुष्प दो स्त्रियां ये शकुन मिलै ॥

मंगलकाहोरा ।

मार्जारयुद्धंकलहःकुटुंबेरजस्वलास्त्री भवनस्यदाहः ॥
नपुंसकःश्वत्रितयंद्विजश्चनग्नोविमुक्तोधरणीसुतस्य ॥

टीका–मंगलके होरामें गमन करे तो मार्जारयुद्ध अथवा स्त्री पुरुषोंका कलह अथवा रजस्वला स्त्री अथवा जलताहुआ घर किंवा नपुंसक तीन कुत्ता किंवा नग्न ब्राह्मण भेटे ॥

बुधकाहोरा ।

बुधस्यहोरेशकुनस्यसर्वःस्त्रीपुत्रयुक्ताकलशस्तुपूर्णः ॥
सुचातकश्चाषगजौकुमारःपुष्पाणिनारीखलुदर्पणश्च ॥

टीका–बुधके होरामें सर्व शकुन स्त्री पुत्रयुत, पानी भराहुआ कलश, चातक पक्षी वा चाषपक्षी, गज किंवा बाल, पुष्प, स्त्री, दर्पण, ये मार्गमें मिलै ॥

गुरुकाहोरा ।

गुरोर्द्विजातिर्गणिकाचधेनुःस्त्रीबालयुक्तासजलोघटस्तु ॥
ऊर्णाचकाकोनकुलोबकश्चहंसस्यराजाबहवस्तुवैश्याः ॥

टीका-गुरुकेहोरामें ब्राह्मण गणिका अथवा गाय पुत्रसहित स्त्री जलपूर्णघट शाल अर्थात् ऊन वस्त्र काक न्योला बगला हंसकाराजाकिंवा बहुत वैश्यमिलैं

शुक्रकाहोरा।

शुक्रस्यहोरेगणिकाद्विजेंद्रःकाकात्रिपंचाथनपुंसकोवा ॥
मद्यंहिमांसंगणिकाचधेनुर्धान्यंचशूद्रात्रितयंचवैश्यः ॥

टीका—शुक्रके होरामें ब्राह्मण गणिका ३ अथवा ५ काक नपुंसक मद्य मांस ज्योतिषी धान्य तीनशूद्र वैश्य ये मिलें ॥

शनिका होरा।

पतंगसूनोर्यवनश्चनग्नोरजस्वलास्त्रीमृतकस्तथैव ॥
पिशाचगृध्रौविधवाचवह्निर्नपुंसकश्चाथयुवाप्रचंडः ॥

टीका—शनिके होरामें नग्न मुसलमान, रजस्वला स्त्री, प्रेत, पिशाच, गृध्र पक्षी, विधवा स्त्री, अग्नि, नपुंसक, तथा प्रचंड तरुणपुरुष, ये शकुन मिलें ॥

उत्तमप्रश्न न होयतो।

मनुकावाक्य॥ गमनंप्रतिराजंस्तु सन्मुखादर्शनेनच ॥
प्रशस्तांश्चैवसंभाषेत्सर्वानेतांश्चकीर्तयेत् ॥

टीका—राजा प्रति कहतेहैं-गमनकालमें पूर्वोक्त शकुनोंका कीर्तन किंवा उत्तम भाषण वा इनका श्रवण दर्शन न होय तो मनमें स्मरण करिके गमन करे तो शुभ होय ॥

वारानुसारवस्त्रधारण।

रवौनीलंबुधे पीतं कृष्णवर्णं शनैश्चरे ॥
श्वेतं गुरौभृगौभौमेरक्तंसोमेतुचित्रकम् ॥

टीका—रविवारको नीलेवस्त्र धारणकरे, बुधवारको पीत, शनिवारको काले, गुरु व शुक्रको श्वेत, मंगलको रक्त, सोमवारमें चित्र, इस प्रकार वस्त्र धारण करिके गमन करे ॥

नक्षत्रतिथिवार अनुसार दिक्छूल वर्ज्य॥

पूर्वदिशा ॥ मूलश्रवणशाक्रेषुप्रातिपन्नवमीषुच ॥
शनौसोमेबुधे चैव पूर्वस्यांगमनं त्यजेत् ॥

टीका—मूल श्रवण ज्येष्ठा ये नक्षत्र प्रतिपदा नवमी तिथि और शनि सोम बुधवार इनमें पूर्व दिशाको गमन न कीजिये ॥

दक्षिणदिशा ॥ पूर्वाभाद्रपदाश्विन्योपंचमीचत्रयोदशी ॥
गुरुर्धनिष्ठाद्रांचैवयाम्येसप्तविवर्जयेत् ॥

टीका—पूर्वाभाद्रपदा अश्विनी नक्षत्र और पंचमी त्रयोदशी तिथि गुरुवार धनिष्ठा इनमें दक्षिण दिशाको गमन न कीजिये ॥

पश्चिम ॥ रोहिण्यांचतथापुष्येषष्ठीचैव चतुर्दशी ॥
भौमार्कगुरुवारेषु न गच्छेत्पश्चिमांदिशम् ॥

टीका—रोहिणी पुष्यनक्षत्र षष्ठी चतुर्दशी तिथि रवि गुरुवार इनमें पश्चिम दिशाको गमन न कीजिये ॥

उत्तर ॥ करेचोत्तरफाल्गुन्यांद्वितीयांदशमींतथा ॥
बुधरवौ भौमवारे नगच्छेदुत्तरांदिशम् ॥

टीका—हस्त उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र २।१० तिथि बुध रवि भौम इनमें उत्तर दिशाको गमन न कीजिये ॥

विदिक्शूल ॥ ऐशान्यांज्ञेशनौशूलआग्नेय्यांगुरुसोमयोः ॥
वायव्यांभूमिपुत्रेतुनैर्ऋत्यांशुक्रसूर्ययोः ॥

टीका—वारानुसार विदिशाओंका शूलहोताहै तिसमें गमन न कीजिये बुध और शनिवारमें ईशान्य दिशाको वर्जितहै गुरु और सोमवारमें आग्नेयको और मंगलमें वायव्यको शुक्र और रविवारमें नैर्ऋत्यको गमन वर्जितहै॥

शूलदोषनिवारणार्थ भक्षण ।

सूर्यवारेघृतंपीत्वा गच्छेत्सोमेपयस्तथा ॥ गुडमंगारवारे तुबुधवारेतिलानपि ॥ गुरुवारेदधिज्ञेयं शुक्रवारेयवानपि ॥ माषान्भुक्त्वाशनेर्वारे शूलदोषोपशांतये ॥

टीका—रविवारको घी और सोमवारको दूध पीवै मंगलको गुड बुधको तिल गुरुको दधि शुक्रको यव शनिवारको उडदकी वस्तु खाय, ऐसे भक्षण करके गमन करे ॥

कुंभ और मीनके चंद्रमामें वर्जितकर्म।

शय्यावितानप्रेताग्निक्रियाकाष्ठतृणाजिनम् ॥
याम्यदिग्गमनंकुर्यान्नचंद्रेकुंभमीनगे ॥

टीका–पलंग बुनवाना और प्रेताग्निक्रिया और तृणकाष्ठादिसंग्रह और दक्षिणको गमन ये सकल कर्म कुंभ और मीनके चंद्रमामें वर्जितहैं ॥

संमुखचंद्राविचार ॥ करणभगणदोषंवारसंक्रांतिदोषंकुतिथिकुलिकदोषंवामयामार्द्धदोषम् ॥ कुजशनिरविदोषंराहुकेत्वादिदोषंहरतिसकलदोषंचंद्रमाःसंमुखस्थः ॥

टीका–करण नक्षत्र वार संक्रांति कुतिथि कुलिक यामार्ध मंगल शनि रवि राहु केतु इत्यादि दोषोंको संमुखस्थ चंद्रमा गमन करनेसे समय दूर करताहै.

दिशानुसारसंमुखचंद्रमाविचार।

मेषेचसिंहेधनपूर्वभागेवृषेचकन्यामकरेचयाम्ये ॥ तुलेचकुंभे मिथुनेप्रतीच्यांकर्कालिमीनेदिशिचोत्तरस्याम् ॥ फल ॥ संमुखेश्चार्थलाभायदक्षिणेसुखसंपदः ॥ पृष्ठतःप्राणनाशायवामेचंद्रेधनक्षयः ॥

टीका–मेष सिंह धन इन राशियोंका चंद्रमा पूर्वमेंहै और वृष कन्या मकरका दक्षिणमें तुला कुंभ मिथुनका पश्चिममें कर्क वृश्चिक मीनका उत्तरमेंवास करताहै ॥ फल ॥ दिशानुसार संमुख चंद्रमा होते गमन करे तो अर्थलाभ होय और दाहिना होय तो धनसंपत्तिकी प्राप्ति होय और पृष्ठभागमें चंद्रमा होय तो प्राणनाश और वामभागी होय तो धनक्षय जानिये ॥

कालवेलाविचार ॥ पूर्वाह्णेचोत्तरांगच्छेत्प्राच्यांमध्याह्नकेतथा ॥
दक्षिणेअपराह्णेतुपश्चिमेह्यर्धरात्रके ॥

टीका–दिवसके प्रथम प्रहरमें उत्तरको दूसरे प्रहरमें तथा मध्याह्नमें पूर्वको और तीसरेमें दक्षिणको और अर्द्धरात्रिमें पश्चिमको गमन करे ॥

योगिनीवास ॥ प्रतिपन्नवमीपूर्वेद्वितीयादशिचोत्तरे ॥ तृतीयैकादशीवह्नौचतुर्द्वादशिनैर्ऋते ॥ पंचत्रयोदशीयाम्येषष्ठभूतं

चपश्चिमे ॥ सप्तमीपूर्ववायव्येह्यमावास्याष्टमीशिवे ॥ फल ॥ पृष्ठेचाशिवदाप्रोक्तावामेचैवविशेषतः ॥ योगिनीसाभवेन्नित्यं प्रयाणेशुभदानृणाम् ॥

टीका--प्रतिपदा और नवमीको पूर्वमें द्वितीया और दशमीको उत्तरमें तीज और एकादशीको आग्नेयमें चौथ और द्वादशीको नैर्ऋत्यमें पंचमी और त्रयोदशीको दक्षिणमें षष्ठी और चतुर्दशीको पश्चिममें सप्तमी और पूर्णिमाको वायव्यमें अमावास्या और अष्टमीको ईशान्यमें इस प्रमाणसे योगिनीका वास जानिये ॥ तिसका फल ॥ पृष्ठभागी अथवा वामभागी होय तो शुभ जानिये ॥

वारानुसार कालराहुका वास॥अर्कोत्तरेवायुदिशाचसोमेभौमे प्रतीच्यांबुधनैर्ऋतेच ॥ याम्येगुरौवह्निदिशाचशुक्रेमंदेचपूर्वे प्रवदंतिकालम् ॥

टीका--रविवारको उत्तरमें सोमवारको वायव्यमें मंगलको पश्चिममें बुधवारको नैर्ऋत्यमें गुरुवारको दक्षिणमें शुक्रवारको आग्नेयमें शनिवारको पूर्वमें इसप्रमाणसे कालराहु वार अनुसार जानिये ॥

फलकाश्लोक ॥ रविदिनगुरुपूर्वेसोमशुक्रेचयाम्येवरुणदिशितु भौमेचोत्तरेसौरिसंस्थे ॥ प्रतिदिनमितिमत्वाकालराहुर्दिशानांसकलगमनकार्येवामपृष्ठेचसिद्धिः ॥

टीका--रवि अथवा गुरु इन वारोंमें पूर्वको गमनकरे तो कालराहु वाम पृष्ठभागी जानिये तिसमें गमन करे तो सर्व कार्यकी सिद्धि होय सोम शुक्रमें दक्षिणको गमनकरे भौमवारमें पश्चिमको शनिवारमें उत्तरको गमनकरे तो कार्यसिद्धि होय ॥

क्षुधितराहु ॥ इन्द्रेवायौयमेरुद्रेतोयेग्नौशशिरक्षसोः ॥ यामार्द्धं क्षुधितोराहुर्भ्रमत्येवदिगष्टके ॥ नतिथिर्नचनक्षत्रंनयोगोनच चंद्रमाः ॥ सिद्ध्यंतिसर्वकार्याणियात्रायां दक्षिणे रवौ ॥

टीका--प्रथम यामार्द्धमें क्षुधितराहु पूर्वको जानिये द्वितीयमें वायव्यको

तृतीयमें दक्षिणको चतुर्थमें ईशान्यको पंचममें पश्चिमको षष्ठमें आग्नेयको सप्तममें उत्तरको अष्टम यामार्द्धमें नैर्ऋत्यको इसप्रमाणसे अष्टदिशाओंमें भ्रमण करता है परंतु दक्षिण भागमें स्थित रवि विचारके गमन करे तो तिथि नक्षत्रादिकका दोष जाता रहे और समस्त कार्य सिद्धि होय ॥

काल कहांहै तिसकाज्ञान॥ कालःपलंपातकलोहपातवडवानलाः खड्गकचोलिकांतिकाः ॥ नखाश्वतुर्विंशतिषट्तथादिग्रुद्राधृतिर्वेदगुणाःक्रमेण ॥ तिथ्यायुतंवैवसुभाजितंचशेषश्चकालोमुनयो वदंति ॥ फल ॥ कालंचपृष्ठेफलसंमुखेनपातंचलोहंवडवांचपृष्ठे ॥ खड्गंचचाग्रेकवचंचवामेकांतिश्चयोज्यादिशिदक्षिणस्याम् ॥

टीका—कालोंकेनाम १ काल २ पल ३ पातक ६ लोहपात ६ वडवानल खड्ग७कवच८कांति ऐसे आठ नाम तिनके ऊपर अंक लिखेहैं उनमें गमन कालकी जो तिथिहै उनको एक २ अंकमें मिलावे आठका भागदे शेष जो अंकरहे तिस दिशाको काल जानिये, इस प्रकार पूर्वादि आठ दिशा क्रमसे जानिये पृष्टभागी काल शुभ सन्मुखका फल शुभ पृष्ठभागमें पातक लोह और वडवानल ये तीनों शुभ अग्रभागमें खड्ग शुभ वामभागमें कवच शुभ दक्षिणभागमें कांति शुभ ऐसे दिशानुसार शुभ विचारिके उस दिशाको युद्धमें किंवा यात्रामें गमन करे तो शुभहो ॥

पंथाराहुचक्र॥ स्युर्धर्मेदस्रपुष्योरगवसुजलपद्वीशमैत्राण्यथाथेयाम्याज्यांघ्रींद्रकर्णादितिपितृपवनोडून्यथोभानिकामे ॥ वह्न्याद्र्राबुध्न्यचित्रानिर्ऋतिविधिभगाख्यानिमोक्षोऽथरोहिण्यर्यम्णाब्जेंदुविश्वांतिमभादिनकरर्क्षाणिपंथादिराहौ ॥

धर्म	अश्विनी	पुष्य	आश्लेषा	विशाखा	अनुराधा	धनिष्ठा	शततारका
अर्थ	भरणी	पुनर्वसु	मघा	स्वाती	ज्येष्ठा	श्रवण	पूर्वाभाद्रपदा
काम	कृत्तिका	आर्द्रा	पूर्वा	चित्रा	मूल	अभिजित्	उत्तराभाद्रपदा
मोक्ष	रोहिणी	मृग	उत्तरा	हस्त	पूर्वाषाढा	उत्तराषा.	रेवती

टीका—नक्षत्र२८तिनके भाग ४ तिनके नाम प्रथम धर्ममार्गके नक्षत्र ७ दूसरे अर्थ मार्गके नक्षत्र७तृतीय काम मार्गके नक्षत्र ७ चतुर्थ मोक्षमार्गके

नक्षत्र ७ इसप्रकार चार मार्गोंके नक्षत्र जानिये तिनमें मार्गके नक्षत्रमें सूर्य होय तो चंद्रमा चार वर्गोंके नक्षत्रमें फिरताहै तिनके फल कहतेहैं ॥

धर्ममार्गीकेफल ॥ धर्ममार्गेगतेसूर्ये अर्थांशेचंद्रमायदि ॥
तदाशत्रुभयंतस्यज्ञेयंतुविबुधैःशुभम् ॥

टीका—धर्ममार्गी नक्षत्रमें सूर्य और अर्थमार्गी नक्षत्रमें चंद्रमा होय तो गमन करनेसे मार्गमें शत्रुभय होय ॥

धर्ममार्गेगतेसूर्येचंद्रेतत्रैवसंस्थिते ॥
संहारश्चभवेत्तत्र भंगोहानिःप्रजायते ॥

टीका—धर्ममार्गी नक्षत्रोंके सूर्य और चंद्रमा दोनों होय तो संहार भंगहानि प्राप्ति होय ॥

धर्ममार्गेगतेसूर्येकामांशेचंद्रमायदि ॥
विग्रहोदारुणंचैवचौराकुलसमुद्भवम् ॥

टीका—धर्ममार्गीमें सूर्य और काममार्गी नक्षत्रोंका चंद्रमा होय तो विग्रह दारुण और चोरभय ॥

धर्ममार्गे गतेसूर्येचंद्रेमोक्षगतेयदि ॥
गृहलाभोभवेत्तस्य विज्ञेयो नात्रसंशयः ॥

टीका—धर्ममार्गी सूर्य और मोक्षमार्गी चंद्रमा ऐसे योगका फल गृहलाभ व मार्गसुख होय ॥

अर्थमार्गकेफल ।

